दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — महिला सुरक्षा के लिए कानून के साथ ही...
4 अभिव्यक्ति — साइबर क्राइम पर बुडापेस्ट कन्वेंशन...
9 मनोरंजन/व्यापार — 'मुझे नहीं लगता कि मैं अभी सफल हूं': दिशा...
11 खेल — टी-20 मैच : सुपर ओवर में भारत...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, शनिवार 1 फरवरी 2020, माघ शुक्ल पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-05 अंक-291 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

चीन की उपज कोरोना वायरस से भारतीयों को खौफजदा होने की जरूरत नहीं है। चायनीज आयटम है ज्यादा नहीं चलेगा। हमारे देश में तो इससे भी ज्यादा खतरनाक वायरस लोगों के दिल और दिमाग में पनप रहे हैं लेकिन हमारा बाल भी बांका नहीं कर पा रहे है। गद्दार देश को तोड़ने और भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने का सपना देख रहे है जो सात जन्मों तक साकार नहीं हो सकता फिर भी सावधानी बरतनी ही चाहिए। इन विषैले और घातक वायरसों को हरगिज न पनपने दिया जाए। इसके लिए जितने भी कड़े कदम उठाने की जरूरत है जरूर उठाए जाएं। इनकी अनदेखी करना देश की सेहत के हित में नहीं है।

आर्थिक सर्वे: अगले 5 साल में 4 करोड़ नौकरियां पैदा होंगी

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में रोजगार सृजन को लेकर सरकार के अनुसार अच्छे दिन आने वाले हैं। सरकार का अनुमान है कि अगले पांच साल में चार करोड़ अच्छे वेतन वाली नौकरियां पैदा होंगी और इनकी संख्या 2030 तक बढ़कर आठ करोड़ तक हो जाएंगी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शुक्रवार को संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 के अनुसार, 2025 तक देश में अच्छे वेतन वाली चार करोड़ नौकरियां पैदा होंगी और 2030 तक इनकी संख्या आठ करोड़ हो जाएगी।

श्रम आधारित निर्यात को बढ़ावा दे आर्थिक समीक्षा में कहा गया है कि भारत के पास ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

- ■ सरकार का अनुमान इनकी संख्या 2030 तक बढ़कर आठ करोड़ तक पहुंच जाएगी
- ■ 'असेम्बल इन इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' के कार्यक्रमों से दुनिया के निर्यात बाजार में हिस्सेदारी बढ़ेगी
- ■ भारत को चीन जैसी रणनीति अपनाने का दिया गया है सुझाव

भारत को चीन जैसी रणनीति अपनाने का सुझाव

आर्थिक सर्वेक्षण में भारत को चीन जैसी रणनीति अपनाने का सुझाव दिया गया है, जिसके तहत श्रम आधारित क्षेत्रों में खासतौर से नेटवर्क उत्पादों के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विशेषज्ञता हासिल करने की आवश्यकता है। साथ ही, नेटवर्क उत्पादों के बड़े स्तर पर असेम्बलिंग की गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई गई है। इसके अलावा, अमीर देशों के बाजार में निर्यात को बढ़ावा देने और निर्यात नीति को अनुकूल बनाने का भी सुझाव दिया गया है।

कोर सेक्टर्स का ग्रोथ रेट घटकर 1.3% पर

नई दिल्ली (वार्ता)। सुस्ती से जूझ रही अर्थव्यवस्था को उद्योग के मोर्चे पर शुक्रवार को एक बार फिर झटका लगा है। दिसंबर में देश के आठ बुनियादी सेक्टर्स का ग्रोथ रेट घटकर 1.3% रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 2.1% था। यह लगातार पांचवां महीना है, जब इन आंकड़ों में गिरावट देखी गई है। सरकारी आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली। नवंबर में आठ बुनियादी सेक्टर्स का ग्रोथ रेट घटकर 1.5% रहा था। ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

नेचुरल गैस, क्रूड में उत्पादन गिरा

ग्रोथ रेट में यह कमी प्राकृतिक गैस तथा कच्चा तेल उद्योग के उत्पादन में गिरावट के कारण आई है। प्राकृतिक गैस के उत्पादन में 9% से अधिक की गिरावट आई है, जबकि कच्चा तेल का उत्पादन 7% घट गया है। कोयला उत्पादन में 6.1% की वृद्धि देखी गई, जबकि सीमेंट उद्योग में भी 5.5% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

दुष्कर्मियों की फिर टली फांसी

आज लटकते फंदे पर अब डेथ वॉरंट पर अगले आदेश तक रोक

नई दिल्ली ए.। निर्भया के दोषियों को फांसी पर लटकाने की तय तारीख एक बार फिर से टल गई है। अब उन्हें 1 फरवरी को फांसी नहीं दी जाएगी। पटियाला हाउस कोर्ट ने अगले आदेश तक फांसी पर रोक लगा दी है। सुनवाई के दौरान तिहाड़ जेल ने कोर्ट से कहा है कि चाहें तो तय तारीख को 3 दोषियों को फांसी दी जा सकती है। दूसरी तरफ निर्भया की मां की तरफ से पेश वकील ने दलील दी कि दोषी फांसी से बचने के हथकंडे अपना रहे हैं।

कोर्ट में तिहाड़ जेल की तरफ से इरफान अहमद पेश हुए। उन्होंने कहा कि फिलहाल बस विनय शर्मा की दया याचिका पेंडिंग है। बाकी तीनों को फांसी हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ गैर कानूनी नहीं है। मुकेश की दया याचिका राष्ट्रपति ने खारिज कर दी है और उसके पास अब कोई विकल्प नहीं बचा है। कोर्ट में अक्षय के वकील ने कहा है कि उसके मुवक्किल की क्यूरेटिव पिटिशन खारिज हो चुकी है और वह इस मामले में दया याचिका डालना चाहता है।

आज की सुनवाई में विनय की एक याचिका हाई कोर्ट में पेंडिंग होने की दलील दी गई है। यानी आसान शब्दों में समझे तो अभी तीन दोषियों के पास कानूनी विकल्प बचे हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ही पवन गुप्ता की उस पुनर्विचार याचिका को खारिज कर ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

निर्भया की मां बोलीं- दोषियों के वकील ने मुझे चुनौती दी कि उन्हें कभी फांसी नहीं होगी

नई दिल्ली ए.। निर्भया गैंगरेप और मर्डर केस में दोषियों की फांसी की सजा पर कोर्ट ने शुक्रवार को अगले आदेश तक फिलहाल रोक लगा दी है। फांसी पर रोक लगाने वाली याचिका पर पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई हुई। ऐसे में फांसी पर रोक के बाद निर्भया की मां आशा देवी मीडिया के सामने भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि- 'दोषियों के वकील एपी सिंह ने मुझे चुनौती देते हुए कहा है कि दोषियों को कभी भी फांसी नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं अपनी लड़ाई जारी रखूंगी। सरकार को दोषियों को फांसी देनी ही होगी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धमेंद्र राणा ने चारों दोषियों की अर्जी पर यह आदेश जारी किया। ये चारों एक फरवरी को फांसी पर अमल पर स्थगन की मांग कर रहे थे। इस आदेश के साथ ही यह तय हो गया कि निर्भया के गुनहगारों को 1 फरवरी को फांसी नहीं होगी। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। तिहाड़ जेल के अधिकारियों ने फांसी की सजा पर रोक लगाने के तीन दोषियों के अनुरोध वाली याचिका की सुनवाई को दिल्ली की एक अदालत में चुनौती दी थी।

हाईकोर्ट की 'ना' के बाद जांच घेरे में आए अफसर दिल्ली दौड़े

- ■ एक हजार करोड़ के घोटाले का मामला
- ■ दिव्यांगों के उपचार के नाम पर घोटाला

नवप्रदेश संवादाता

बिलासपुर। छत्तीसगढ हाईकोर्ट द्वारा एक हजार करोड़ रुपए के घोटाला मामले में सीबीआई को उच्चाधिकारियों के खिलाफ एफआईआई दर्ज करने के निर्देश देने के बाद पूरे प्रशासनिक अधिकारियो के बीच खलबली मची हुई है। हाईकोर्ट द्वारा रिव्यू पिटीशन लेने से इनकार के बाद सम्बंधित कई वरिष्ठ अधिकारी सुप्रीम कोर्ट में अपील करने फ्लाइट से दिल्ली पहुंच गए है। कल हाईकोर्ट के निर्देश आते ही प्रशासन में भारी खलबली मच गई है। आईएएस अधिकारियों ने कल शाम ही दिल्ली में बैठे सुप्रीम कोर्ट के अपने कई अधिवक्ताओं से इस ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

दोनों ही मामलों में जस्टिस मिश्रा ने कहा-

आप यहाँ आवेदन लाए हैं, यह जस्टिस पीपी साहू और जस्टिस प्रशांत मिश्रा की खंडपीठ नही है, जब वह खंडपीठ बैठेगी तो आप रिव्यू का आवेदन ला सकते हैं। राज्य सरकार की ओर से इस प्रकरण पर रिव्यू का आवेदन दिए जाने पर याचिकाकर्ता के वकील देवर्षी ठाकुर ने कहा राज्य सरकार ने खुद जाँच रिपोर्ट पेश की, जिसे तत्कालीन मुख्य सचिव अजय सिंह ने कोर्ट को बताया था कि, गड़बड़ी हुई है। अब राज्य सरकार ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

खास खबर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 24 से

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान सत्र के मध्य में कई पर्व और त्योहार भी आएगा। विधानसभा का बजट सत्र 1 अप्रैल तक चलेगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के लिए नोटिफिकेशन जारी हो गया है। इस वर्ष विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से प्रारंभ होकर 01 अप्रैल तक चलेगा। विधानसभा सचिवालय से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बजट सत्र की तैयारियां काफी हद तक पूरी हो चुकी हैं और कुछ तैयारियां अंतिम चरणों में है। अब तक यह होता आया है कि बजट सत्र तय समयावधि तक कभी नहीं चला है। विभागों पर चर्चा समाप्त होने के कुछ दिनों बाद ही सत्र समाप्ति की घोषणा होती आई है। लेकिन अब राज्य में कांग्रेस की सरकार है, देखने वाली बात होगी कि इस बार बजट सत्र किस तरह से संचालित होता है।

आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट दोनों सदनों में पेश

नई दिल्ली वार्ता। आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 में कहा गया है कि वर्ष 2018 में ग्रामीण इलाकों में 76.7 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 96 प्रतिशत लोगों के पास पक्का घर है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 पेश किया जिसमें कहा गया है कि सभी के लिए आवास, पेयजल और स्वच्छता के साधनों सहित सामाजिक संपत्तियों के निर्माण का प्रावधान सरकार की सामाजिक अवसंरचना के निर्माण की कोशिशों के तहत एक प्रमुख स्तंभ रहा है। दो योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और प्रधानमंत्री आवास योजना ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

बाल-बाल बचे एसपी-कलेक्टर, गुजरने से पहले ब्लास्ट, जवान घायल

- ■ दंतेवाड़ा में सुरनार-धनिकरका के बीच नक्सलियों ने किया ब्लास्ट
- ■ मतदान का जायजा लेने निकली टीम को बनाया निशाना

नवप्रदेश संवददाता

दंतेवाड़ा। पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान शुक्रवार को नक्सलियों ने कायराना हरकत को अंजाम दिया है। दंतेवाड़ा में मतदान प्रक्रिया जारी रहने के दौरान ही विस्फोट कर दिया, जिसमें पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर बाल-बाल बच गए। वहीं एक जवान घायल हो गया। बताया जा रहा है कि सुरनार -धनिकरका के बीच नक्सलियों ने ब्लास्ट किया। नक्सलियों ने मतदान प्रक्रिया की निगरानी कर रहे अफसरों को अपने निशाने पर रखा है। इसी रणनीति के तहत यह ब्लास्ट किया गया। इस वारदात में एक जवान घायल हो गया, जबकि प्रशासनिक अधिकारी सुरक्षित हैं। मामले ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

मतदान केंद्र में तैनात कर्मी की हुई मौत

बीजापुर (नवप्रदेश)। जिले में चल रहे पंचायत चुनाव के दौरन एक मतदान कर्मी सुरेन्द्र पुनेम की मौत ड्यूटी के दौरान हो गई है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के मतदान में पुजारी कांकेर के मतदान केंद्र क्र. 03 में सुरेन्द्र की ड्यूटी लगाई गई थी। उक्त जानकारी रिटर्निंग अधिकारी सीताराम कंवर ने दी है। ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

जेएंडके: एनकाउंटर में 3 आतंकी ढेर

- ■ नगरोटा में हथियारों का जखीरा बरामद

जम्मू (ए.)। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगरोटा इलाके में आतंकियों के साथ चल रही मुठभेड़ खत्म हो गई है। एनकाउंटर के दौरान सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। मुठभेड़ में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। नगरोटा में एक टोल प्लाजा के पास शुक्रवार तड़के आतंकवादियों के एक समूह ने पुलिस पर हमला किया, जिसके बाद वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। इस दौरान एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। इधर, वैष्णो देवी रूट पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

जंगल में आतंकियों को घेरकर किया खत्म

पुलिस ने बताया कि ये आतंकवादी हाल में घुसपैठ करने वाले समूह का हिस्सा थे। यह समूह कठुआ जिले के हीरानगर में अंतरराष्ट्रीय सीमा से दाखिल हुआ और कश्मीर घाटी जा रहा था। डीजीपी दिलबाग सिंह ने बताया कि श्रीनगर जा रहे तीन-चार आतंकवादियों को पुलिस ने बाना टोल प्लाजा पर रोका था। नगरोटा का बाना टोल प्लाजा जम्मू शहर से 28 किलोमीटर दूर है। डीजीपी सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और अन्य पास के जंगल में भाग गए। वहीं एक पुलिसकर्मी घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अपने गांव की 'सरकार' चुनने सीएम बघेल ने सपरिवार किया मतदान

पाटन ब्लॉक के कुरूदडीह गांव में सीएम व उनके परिवार के सदस्यों ने डाला वोट

नवप्रदेश संवाददाता

पाटन। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी अपने गांव की 'सरकार' चुनने में महत्वपूर्ण कार्य किया। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत द्वितीय चरण में पाटन ब्लॉक में हो रहे निर्वाचन में कुरूदडीह गांव में सपरिवार पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने प्राथमिक शाला स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 21 में जाकर मतदान किया। मुख्यमंत्री के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल के साथ ही पुत्रियों-स्मिता बघेल, दिव्या बघेल तथा दीप्ति बघेल तथा पुत्र चैतन्य बघेल ने भी मतदान किया।

गरमा-गरम

जुनून... मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के लिए चुनौतियों को मात दे रही स्वास्थ्य विभाग की टीम

मलेरिया से लड़ने पहाड़ की 15 किमी चढ़ाई पार कर पहुंचा दल

- ■ सुकमा के गोगुंडा गांव के लोग बोले-28 साल बाद पहुंची स्वास्थ्य विभाग की कोई टीम

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मलेरियामुक्त बस्तर अभियान के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम हर चुनौती को अपने जज्बे से मात दे रही है। इस अभियान के लिए विभाग की टीम सुदूर वनांचल में बसे उन गांवों तक पहुंच रही है, जहां बाइक भी नहीं जा सकती। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मी पहाड़ व पथरीली राहों की भी परवाह नहीं कर रहे। सुकमा जिले की ही बात कर लीजिए।

जिले के कोंटा विकासखंड के दुर्गम गांव गोगुंडा में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहाड़ पर 15 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई कर मलेरिया जांच के लिए पहुंची। ग्रामीणों की मानें तो गोगुंडा में 28 साल बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची है। ■ **शेष पृष्ठ 8 पर**

15 किमी बाइक से और 15 किमी चले पैदल

गोगुंडा के लोगों ने बताया कि उनके गांव में 28 साल बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची है। मलेरियामुक्त बस्तर अभियान के तहत विभाग के 15 सदस्यों का दल 28 जनवरी को वहां पहुंचा। बेहद दुर्गम रास्ता होने के कारण दल को सामसेट्टी गांव से परिया-गड़गड़पारा तक लगभग 15 किलोमीटर का सफर मोटरसाइकिल से करना पड़ा। आगे रास्ता नहीं होने के कारण वहां से पहाड़ पर करीब 15 किलोमीटर पैदल चलकर स्वास्थ्य विभाग की टीम गोगुंडा पहुंची। टीम के सदस्य रास्ते भर एक-दूसरे की हौसला अफजाई करते रहे।

856 लोगों की जांच, 387 पॉजिटिव

टीम ने वहां तीन दिन तक कैंप कर 856 लोगों की जांच की। मलेरिया पॉजिटिव पाए गए 587 लोगों को दवाइयां देकर तत्काल इलाज भी शुरू कर दिया। उन्हें एसीटी-किट और प्राइमाक्वीन की गोलियां दीं। कैंप के दौरान 87 बच्चों को टीके लगाने के साथ ही लोगों का परीक्षण कर उनका उपचार किया गया। टीम ने मच्छरों से बचने ग्रामीणों को मच्छरदानी भी वितरित की।

करॉना वायरस : वुहान से भारत आने वाले यात्रियों की जांच के लिए सेना की बड़ी तैयारी

- दुनियाभर में करॉना वायरस का खौफफैल गया है
- इस बीमारी से अबतक 213 लोगों की मौत हो चुकी है
- वुहान में फंसे 600 से ज्यादा भारतीय लोगों को लाने के लिए एक विमान रवाना हो चुका है

नई दिल्ली(ए.)। चीन के वुहान से देश लौटने वाले भारतीयों की जांच के लिए सेना ने बड़ी तैयारी की है। आईटीबीपी ने भी दिल्ली में ऐसी तैयारी की है, जहां 600 लोगों के इलाज के लिए अलग से विस्तर की व्यवस्था रहेगी। सेना ने हरियाणा के मानेसर में एक केंद्र बनाया है, जहां चीन से आए लोगों पर निगरानी रखी जाएगी। पहले यात्रियों की हवाईअड्डे पर जांच की जाएगी और उसके बाद उन्हें मानेसर स्थित केंद्र में लाया जाएगा। अगर किसी के करॉना

वायरस से ग्रसित होने की आशंका होगी तो उसे दिल्ली कैंट स्थित अस्पताल में बने एक अलग वॉर्ड में शिफ्ट किया जाएगा।

बता दें कि वुहान में करीब 600 भारतीय फंसे हुए हैं और उन्होंने सरकार से वहां से निकालने की अपील की थी। भारत ने वुहान में फंसे लोगों को निकालने के लिए एयर इंडिया की बी 747 विमान को रवाना भी कर दिया है। 423 सीटों वाले इस विमान के साथ स्वास्थ्य विशेषज्ञों का एक दल भी गया है।

करॉना वायरस के कारण अबतक 200 से ज्यादा की मौत

बता दें कि करॉना वायरस के संक्रमण से पूरी दुनिया में खौफका माहौल है। विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी थी कि करॉना वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित चीन के यूबेई प्रांत में 600 से ज्यादा भारतीयों ने वहां से निकलने के लिए संपर्क किया है। चीन में अब तक करॉना ने 213 लोगों की जान ले ली है और अब तक 10,000 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं।

सेना के विशेषज्ञ रखेंगे नजर: सेना द्वारा बनाई गए इस केंद्र में वुहान से आए छात्रों की कुछ हफ्ते विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा निगरानी की जाएगी। भारतीय सेना ने बताया कि हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद पहले छात्रों की स्क्रीनिंग होगी और अगर किसी के इस वायरस से ग्रसित होने की आशंका होगी तो उसे सेना के अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा।

दिल्ली चुनाव में कूदा पाकिस्तान, मंत्री ने की मोदी को हराने की अपील

नई दिल्ली(ए.)। राजधानी दिल्ली में होनेवाले विधानसभा चुनाव की चर्चा देश के साथ-साथ पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी है। अब वहां से नरेंद्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी को हराने की मांग उठी है। यह

मांग वहां के किसी आम नागरिक नहीं बल्कि मंत्री द्वारा उठाई गई है। नाम है चौधरी फवाद हुसैन। यह नाम आपने पहले भी सुना होगा क्योंकि फवाद पहले भी अपने विवादित बोलों के लिए चर्चा में रहे हैं। फवाद पाकिस्तान में साइंस ऐंड टेक्नॉलजी मंत्री हैं।

फवाद ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि भारत में मोदी को हारना चाहिए। उन्होंने लिखा, 'भारत के लोगों को मोदी को हराना चाहिए। वह इस वक्त अन्य राज्य के चुनाव (दिल्ली) हारने के प्रेशर में उल्टे सीधे दावे कर रहे हैं, लोगों को डरा रहे हैं। कश्मीर, नागरिकता संसोधन कानून और गिरती अर्थव्यवस्था पर देश-दुनिया से मिली प्रतिक्रिया के बाद उन्होंने अपना मानसिक संतुलन खो दिया है।' फवाद ने यह ट्वीट मोदी के एक भाषण पर किया। भाषण में मोदी ने कहा था कि भारत की सेना पाकिस्तान को 7 से 10 दिन में हरा सकती है। मोदी ने वह भाषण एनसीसी के एक कार्यक्रम में दिया था। यह कार्यक्रम दिल्ली में हुआ था। बता दें कि दिल्ली में 8 फरवरी को वोटिंग होनी है। 11 फरवरी को चुनाव के नतीजे आएंगे।

दिव्यांग बच्चे ने किताबों में नहीं चढ़ाया था कवर, टीचर ने पहले की पिटाई, फिर वॉटर टैंक में फेंका

बूंदी(ए.)। राजस्थान के बूंदी में सात वर्षीय दिव्यांग बच्चे को उसकी क्लास टीचर ने छड़ी से बेरहमी से पीटा। यही नहीं, जब टीचर का मन इतने से नहीं भरा तो उन्होंने बच्चे को वॉटर टैंक में फेंक दिया। जिस गलती के लिए बच्चे को इतनी बड़ी सजा दी गई वह सुनकर तो आपके भी होश फाख्ता हो जाएंगे। दरअसल, बच्चे ने अपनी टेक्स्टबुक में कवर नहीं चढ़ाया था, यह देखकर टीचर का पारा चढ़ गया था। टीचर ने ही बच्चे को वॉटर टैंक से बाहर निकाला। लड़के के माता-पिता ने गुरुवार शाम इस मामले की शिकायत की, जिस पर अडिशनल डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट (एडीएम) ने जांच के लिए आश्वस्त किया। पुलिस ने घटना को लेकर मामले की जांच भी शुरू कर दी है। लड़के के पिता सोनू सिंह ने कहा, 'जब हमारा बेटा दोपहर के 2 बजे घर पहुंचा तो उसकी यूनिफॉर्म और जूते पानी से भीगे हुए थे। जब उसकी मां ने इसके बारे में पूछा तो बच्चे ने बताया कि किताबों में कवर न चढ़ाने की वजह से देवपुरा स्थित सेंट्रल अकादमी की क्लास टीचर ने उसकी बुरी तरह से पिटाई की।'

बंदरगाहों पर सड़ रहा है आयातित प्याज, 22-23 रुपये किलो पर बेचने की तैयारी

नई दिल्ली(ए.)। केंद्र सरकार बंदरगाहों पर सड़ रहे आयातित प्याज को काफी सस्ती दर पर यानी 22-23 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बेच सकती है। यह प्याज के मौजूदा बाजार भाव की तुलना में

करीब 60 प्रतिशत कम है। सूत्रों ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। केंद्र सरकार अभी राज्य सरकारों को 58 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से आयातित प्याज मुहैया करा रही है। केंद्र सरकार परिवहन का खर्च भी वहन कर रही है। सरकार ने प्याज की बढ़ती कीमतों को देखते हुए नवंबर, 2019 में एमएमटीसी के जरिए 1.2 लाख टन प्याज का आयात करने का निर्णय लिया था। एमएमटीसी विदेशी बाजारों से 14 हजार टन प्याज का आयात कर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि आयातित प्याज की बड़ी खेप बंदरगाहों विशेषकर महाराष्ट्र में पड़ी हुई है। नई फसल के बाजार में पहुंचने से खुदरा कीमतें नरम पड़ने लगी हैं। ऐसे में कई राज्य उच्च दर पर आयातित प्याज खरीदने को तैयार नहीं हैं।

मौत के मुंह से यूं लौटे 21 मासूम

फर्रुखाबाद की मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के करथिया गांव की है पूरी घटना, उड़ गए प्रशासन के होश

- सुभाष बाथम ने बिटिया के जन्मदिन के नाम पर गांव के 21 बच्चों को घर में बना लिया था बंधक
- घर के अंदर से लोगों पर फायरिंग कर रहा था सुभाष, पुलिस कार्रवाई में किया गया ढेर

फर्रुखाबाद(ए.)। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद के करथिया गांव में बंधक बनाए गए 21 मासूमों को शुक्रवार आधी रात पुलिस कार्रवाई के बाद सकुशल छुड़ा लिया गया। करीब 11 घंटे तक चले इस बंधक संकट के सूत्रधार सुभाष बाथम को पुलिस ने रात करीब 1 बजे मार गिराया, जबकि उसकी पत्नी को आक्रोशित ग्रामीणों ने पीटकर मार डाला। सुभाष ने जन्मदिन मनाने के बहाने 21 बच्चों को दोपहर के वक्त बंधक बना लिया था। उसने समझाने आए एक ग्रामीण के पैर पर गोली मार दी थी। फर्रुखाबाद के एएसपी त्रिभुवन के मुताबिक कार्रवाई के दौरान सुभाष ने देसी बमों से पुलिस पर हमला किया। एनबीटी ऑनलाइन ने पूरे घटनाक्रम को फर्रुखाबाद के एएसपी त्रिभुवन सिंह से जानने की कोशिश की।

फर्रुखाबाद एसपी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया, 'सुभाष बाथम अपने घर के मुख्य दरवाजे के छेद से फायरिंग कर रहा था। उसने एक तार से बम को कनेक्ट कर रखा था। जब यह धमाका हुआ तो नजदीक की एक दीवार भी ढह गई थी। पुलिस टीम मकान के पिछले दरवाजे से घर के अंदर दाखिल हुई थी। फिर सुभाष फायरिंग करते हुए बाहर की तरफ भागने लगा। उसके साथ पत्नी रूबी भी थी। बाहर भीड़ ने उनकी पिटाई की। क्रॉस फायरिंग में सुभाष और भीड़ की पिटाई वजह से रूबी की मौत हो गई।'

दोपहर 2:00 बजे: सुभाष बाथम नाम के शख्स ने अपनी बिटिया के जन्मदिन की बात कहकर गांव के बच्चों को घर बुलाया। उसने अपने घर में बने बेसमेंट में सभी बच्चों को बंद कर दिया था। वहां पर उसने हथियार रखे थे। उसने बच्चों को धमकी दी थी कि यदि वे चुप नहीं रहे तो वह उन्हें बम से उड़ा देगा।

शाम 4:00 बजे: बच्चे वापस नहीं लौटे तो मासूमों के परिवारवालों ने सुभाष बाथम के घर का रुख किया। यहां जब लोग पहुंचे तो सुभाष ने उन पर फायरिंग कर दी। फिर ग्रामीणों ने आनन-फानन डायल 112 को फोन कर मामले की सूचना दी। पीआरवी से मौके पर दीवान पहुंचा, उसने सुभाष बाथम से बात करने की कोशिश की लेकिन पुलिसकर्मी पर भी शख्स ने हमला कर दिया। दीवान ने आनन-फानन मोहम्मदाबाद कोतवाली के इन्स्पेक्टर राकेश को जानकारी दी। वह भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बात करने की कोशिश की तो सुभाष ने कहा, 'रुको मैं तुम्हें बताता हूं। इसने अंदर से ही विस्फोट कर दिया। यह देख सबके होश फाख्ता हो गए।' इस धमाके में इन्स्पेक्टर और दीवान घायल हो गया।

शाम 6:00 बजे: पुलिस अधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। यहां पर गांव वालों से पता लगाया गया कि कितने बच्चे हैं। पुलिस अधिकारियों को पता चला कि 21 बच्चों को बंधक बनाया गया है। यह स्थिति पुलिस के लिए भी गंभीर बनती जा रही थी। पुलिस ने सुभाष के एक दोस्त को उससे बातचीत करने के लिए भेजा। सुभाष ने अपने दोस्त पर भी गोली चला दी। पुलिस को स्थिति बेकाबू होती नजर आई, जिसके बाद एटीएस की मदद मांगी गई।

शाम 7: 30 बजे: एटीएस टीम लखनऊ से फर्रुखाबाद के लिए रवाना हो चुकी थी। फर्रुखाबाद में पुलिस अधिकारी हमलावर बाथम को व्यस्त रखने की कोशिश कर रहे थे ताकि बच्चों को किसी भी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। सुभाष ने पुलिसकर्मियों से बिस्किट वगैरह भी मांगे, जो कि उसे उपलब्ध कराया गया।

रूबी ने भुगती सिरफिरे पति सुभाष के गुनाहों की सजा, भीड़ की पिटाई से मौत

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में 11 घंटे तक चले ऑपरेशन के साथ आखिरकार 21 बच्चों को बंधक बनाने वाले सिरफिरे सुभाष बाथम को पुलिस ने ढेर कर दिया। इस घटना में सुभाष की सनक की सजा उसकी पत्नी रूबी को भी भुगतनी पड़ी। नाराज ग्रामीणों ने सुभाष के घर पर पत्थरबाजी के साथ उसकी पत्नी रूबी की भी पिटाई की थी, जिसकी वजह से वह बुरी तरह से जख्मी हो गई थी। बाद में रूबी ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एनबीटी ऑनलाइन ने इस ऑपरेशन के कई अहम पहलुओं को जानने के लिए फर्रुखाबाद एसपी डॉ. अनिल मिश्रा से बात की। एसपी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया, 'रात तकरीबन 1 बजे घर के अंदर से चीखने-चिल्लाने की आवाजें आ रही थीं। हमें इस बात का डर था कि बच्चों के साथ कुछ गलत न हो। सुभाष अपने घर के दरवाजे में बने छेद से फायरिंग कर रहा था। हमने टीम के साथ सुभाष के घर का पीछे वाला दरवाजा तोड़ दिया।

'मौसा की हत्या में काट चुका था जेल'

एएसपी त्रिभुवन सिंह कहते हैं, 'सुभाष पहले भी सजायाफ्ता रह चुका है। उसने वर्ष 2001 में अपने मौसा की हत्या कर दी थी, जिसके बाद उसे कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। वह 10 वर्षों तक जेल में रहा। फिर जमानत पर बाहर आया था।'

सीएए के समर्थन में रैली के दौरान महिला से बदसलूकी, दिलीप घोष के खिलाफ केस दर्ज

कोलकाता(ए.)। पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के अध्यक्ष दिलीप घोष के खिलाफ गुरुवार को एक महिला के आरोपों के बाद भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 354ए, 509, 506, 34 के तहत पतुली पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें कि महिला ने दिलीप घोष की रैली के दौरान बदसलूकी होने का आरोप लगाया था।

इससे पहले संशोधित नागरिकता कानून (CAA) के समर्थन में आयोजित रैली के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा एक महिला प्रदर्शनकारी से बदसलूकी किए जाने पर घोष ने कहा, 'उन्हें अपनी किस्मत का शुक्रगुजार होना चाहिए कि कुछ और नहीं हुआ।' उनकी इस टिप्पणी की विपक्षी पार्टियों ने आलोचना की है। बीजेपी ने दक्षिण कोलकाता के

पतुली से बाग जतीन इलाके तक सीएए के समर्थन में रैली आयोजित की थी, जिसका नेतृत्व स्वयं दिलीप घोष कर रहे थे। रैली के दौरान एक अकेली महिला सीएए और गुरुवार को जामिया मिलिया इस्लामिया में चली गोली के खिलाफ तख्ती लेकर प्रदर्शन कर रही थी। बीजेपी समर्थकों ने उसकी तख्ती छीन ली और गालीगलौच किया।

दिलीप घोष ने दिया बयान

बीजेपी वर्कर्स ने महिला के साथ धक्कामुक्की की, जिसके बाद पुलिस ने उसे बचाया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में घोष ने महिला के साथ धक्कामुक्की को न्यायोचित करार दिया। उन्होंने कहा, 'हमारे आदमियों ने सही किया। उस महिला को अपनी किस्मत का शुक्रगुजार होना चाहिए कि केवल धक्कामुक्की हुई और कुछ नहीं।'

करॉना वायरस का खौफ, जब जहाज से उतर गए 6,000 लोग

- रोम में करॉना के लक्षण मिलने के बाद 54 वर्षीय चीनी महिला को उनके पति के साथ जहाज पर अलग रखा गया था। लेकिन जांच के बाद उनके करॉना से संक्रमित न होने की पुष्टि हुई।

रोम(ए.)। दुनियाभर के लोगों में करॉना वायरस के कहर से खौफ में हैं। अब इटली में एक क्रूज शिप पर एक यात्री में करॉना के लक्षणों को देखने के बाद मौजूद 6,000 लोगों को जहाज से उतरने की अनुमति दे दी गई है। बता दें कि स्वास्थ्य अधिकारियों ने जहाज पर मौजूद एक चीनी यात्री में करॉना वायरस के लक्षण होने की जानकारी दी थी। लेकिन जांच के बाद यात्री की रिपोर्ट नेगेटिव मिली।

करॉना के लक्षण मिलने के बाद 54 वर्षीय चीनी महिला को उनके पति के साथ जहाज पर अलग रखा गया था। लेकिन जांच के बाद उनके करॉना से संक्रमित न होने की पुष्टि हुई।

करॉना वायरस पर आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी दवाइयों से इलाज होने की बात कही है! करॉना वायरस पर आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी दवाइयों से इलाज होने की बात कही है! चीन में फैले करॉना वायरस ने अब तक 132 लोगों की जान ले ली है और करीब 6,000 मामले सामने आ चुके हैं। अभी दुनिया के तमाम देश इसका इलाज खोजने में जुटे हैं। इसी बीच भारत के आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी दवाओं के सहारे इसके रोकथाम की बात कही है। जानें पूरा मामला।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने करॉना वायरस को ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया है। चीन में करॉना से मरने वालों की संख्या 213 हो चुकी है जबकि 10,000 से ज्यादा लोग इसकी चपेट में है। कोस्टा स्मरैल्डा क्रूज शिप उत्तरी रोम में चिविदवैकिया बंदरगाह पर था। खबरों के मुताबिक, जहाज पर जिस महिला के संक्रमित होने का संदेह था, उन्होंने हॉन्ग कॉन्ग से क्रूज पकड़ने के लिए फ्लाइट ली थी। जहाज पर सवार होने के बाद उन्हें बुखार हो गया।

मौत से पहले | कुछ कैदी करते हैं भरपेट डिनर, कुछ चीखते हैं

फांसी से पहले के 24 घंटे गुजरते हैं ऐसे

- 10 दिन पहले देते हैं जानकारी, कैदियों की गर्दन तक नापी जाती है
- कुछ कैदी ऐसे भी होते हैं जो चीखते-चिल्लाते हुए खुद को निर्दोष बताते रहते हैं

नई दिल्ली (वार्ता)। फांसी से पहले कुछ गाना गाते हैं, कुछ पेटभर मनपसंद खाना खाते हैं और चैन से सोते हैं। वहीं कुछ लोग खुद को बेगुनाह बताते हुए चीखते-चिल्लाते हैं।' तिहाड़ जेल से रिटायर्ड लीगल अफसर सुनील गुप्ता ने कई लोगों को फांसी से पहले नजदीक से देखा है। वह बताते हैं कि अपने 35 साल के करियर में जब सबसे पहले उन्होंने 1982 में इसका अनुभव किया। उस रात को वह खाना तक नहीं खा पाए।

अगली सुबह, 31 जनवरी को बिल्ला और रंगा को फांसी दी जानी थी। यह गुप्ता की देखरेख में होना था। उन दोनों को 1978 में नाबालिग भाई-बहन को किडनैप करने, रेप करने और फिर मार डालने के लिए फांसी हुई थी। उस मामले में भाई-बहन को दोनों अपराधियों ने अपनी कार में लिफ्ट दी थी। 14 साल के भाई को चाकू की नोक पर रखा और उसकी बहन से रेप कर मार डाला गया था।

आराम से सोया था रंगा, सेल में दुबका रहा बिल्ला: फांसी से पिछली रात रंगा ने अपना खाना खाया और चैन से सोया। बिल्ला अपने सेल में दुबका रहा और बुदबुदाता रहा। गुप्ता याद करते हैं कि जब उन्हें फांसी दी गई तो बिल्ला रो रहा था जबकि रंगा 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के नारे लगा रहा था। आमतौर पर एसपी जल्लाद को लिवर खींचने का इशारा करते हैं। हालांकि उस वक्त एसपी ने लाल रुमाल को लहराने का तरीका चुना। वह रुमाल उनके लिए यादगार बन गया, जिसे वह अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को दिखा सकते थे। फांसी के दौरान हैरान करने वाली एक और चीज हुई। नियमों के अनुसार, जब 2 घंटे बाद जेल के डॉक्टर चेक करने गए तो रंगा की नब्ज चल रही थी। गुप्ता बताते हैं कि कई बार डर से कैदी सांस लेना बंद कर देते हैं और हवा शरीर में फंस जाती है। उस केस में शायद यही हुआ होगा। तब एक गार्ड को 15 फुट गहरे उस गड्ढे में कूदने और रंगा की टांग खींचने को कहा गया।

फांसी से एक सप्ताह पहले ही दे दी जाती है जानकारी

गुप्ता ने उस रात को याद करते हुए जर्नलिस्ट सुनेत्रा चौधरी के साथ एक किताब 'ब्लैक वॉरंट' लिखी है। वह बताते हैं कि कैदियों को उनकी फांसी के बारे में एक हफ्ता पहले बता दिया जाता है, ताकि वे अपने परिवार और दोस्तों से बात कर सकें और अपनी वसीयत बना सकें। यह जानकारी जेल सुपरिंटेंडेंट को देनी होती है।

खुशमिजाज था रंगा जबकि डरपोक बिल्ला रोता रहता था

गुप्ता बताते हैं कि रंगा असल में खुशमिजाज आदमी था और हमेशा कहता था 'रंगा खुश', जबकि बिल्ला हमेशा रोता रहता था और अपराध और फांसी की सजा के लिए रंगा को दोषी ठहराता था। कैदियों को जेल नंबर 3 के डेथ सेल में डाल दिया दिया जाता है। उनकी सारी चीजें ले ली जाती हैं। फांसी की चीजें तैयार करने के लिए कैदियों का वजन, कद और गर्दन नापी जाती है। कैदी जितना वजनदार होगा, उसे उतना ही कम गिरना होगा। इस प्रक्रिया को पूरा करना बहुत जरूरी है, वरना गर्दन टूटने का डर रहता है।

■ न्यूज गैलरी

कांग्रेस मुख्यालय में आज बैठेंगे मंत्री अमरजीत भगत

रायपुर। राज्य के खाद्य नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण, संस्कृति, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री अमरजीत भगत कल 01 फरवरी को राजीव भवन में कांग्रेसजनों से मिलेंगे। शनिवार को मिलिये मंत्री से कार्यक्रम में खाद्य नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता संरक्षण, संस्कृति, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मंत्री अमरजीत भगत दोपहर 12 बजे से राजीव भवन में बैठेंगे। इस दौरान मंत्री अमरजीत भगत कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियो और जनसामान्य से मुलाकात कर अपने विभाग से संबंधित समस्याओं शिकायत एवं सुझाव पर आवश्यक कार्यवाही करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि मंत्री अमरजीत भगत मुलाकात कार्यक्रम के बाद राजीव भवन में उपस्थित मीडिया के साथियों से भी चर्चा करेंगे। मुलाकात कार्यक्रम का समन्वय महामंत्री महेन्द्र छाबड़ा करेंगे।

राज्य स्तरीय विज्ञान पहेली प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम घोषित

रायपुर। राज्य स्तरीय विज्ञान पहेली प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम आज घोषित कर दिए गए हैं। प्रतियोगिता परीक्षा 29 दिसम्बर को आयोजित की गई थी। परीक्षा में दर्ज 90 विद्यार्थियों में से 82 उपस्थित रहे। परीक्षा परिणाम और चयन सूची अवलोकन के लिए वेबसाइट www. scert.cg.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद कार्यालय में विज्ञान पहेली प्रतियोगिता परीक्षा प्रभारी ने बताया कि जोन स्तरीय परीक्षा 2019-20 के टॉप-10 की चयन सूची में शामिल विद्यार्थी राज्य स्तरीय परीक्षा में शामिल हुए।

देवांगन समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन कल

रायपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रायपुर राज देवांगन कल्याण समाज द्वारा इंद्रप्रस्थ कालोनी रायपुरा में परमेश्वरी पूजा एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 2 फरवरी रविवार को किया जा रहा है। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में समाज के संरक्षक ईश्वर देवांगन, जिला अध्यक्ष चोवाराम देवांगन, सलाहकार मोतीलाल देवांगन, मीडिया प्रभारी विजय आनंद देवांगन, संगठन सचिव डॉ. एच.एल. देवांगन एवं कोषाध्यक्ष बालाराम देवांगन ने संयुक्त रूप से दी। कार्यक्रम के पूर्व समाज की महिलाओं द्वारा 251 कलश सिर पर रखकर शोभायात्रा निकाली जाएगी। भोजन एवं आवास व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। कार्यक्रम में पहली बार निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में 6 जोड़ी कन्यावर का पंजीयन हो गया है। प्रतिभा सम्मान समारोह के तहत समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा साथ ही पत्रिका का विमोचन होगा।

राकेश सिंह बैस इंटक के प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

रायपुर। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी गोपाल कृष्ण त्रिपाठी ने आज प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि उन्होंने सर्वसम्मति से राकेश सिंह बैस को छत्तीसगढ़ का नया प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया है। मजदूर हितों के लिए शोषण के विरूद्ध इंटक लंबी लड़ाई लड़ेगा। मजदूरों की सुरक्षा एवं उनके आर्थिक हितों को संरक्षित करना संगठन का प्रमुख ध्येय है। उन्होंने कहा कि हाल ही में एक फैक्ट्री में मोहन यादव नाम के श्रमिक की कार्य के दौरान 4 उंगलियां कट गई थीं उसे प्रबंधन से लड़कर दो लाख रूपए का मुआवजा चैक व पेंशन योजना का लाभ संगठन के सदस्यों ने दिलाया। त्रिपाठी ने कहा कि संगठन के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ एवं अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ संगठन थाने में एफआईआर दर्ज कराएगा।

महिला सुरक्षा के लिए कानून के साथ ही बच्चों को दें नैतिक शिक्षा : सुश्री उइके

राष्ट्रीय महिला आयोग के 27वें स्थापना दिवस पर परशामिल हुई छत्तीसगढ़ की राज्यपाल

तकनीक के उपयोग से महिला सुरक्षा को प्रभावी बनाने पर दिया जोर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राष्ट्रीय महिला आयोग के 27वें स्थापना दिवस पर आज नई दिल्ली में आयोजित 'बीजिंग 25 की समीक्षा पर राष्ट्रीय परामर्श' में छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा के लिए कानून को मजबूत बनाने के साथ ही बच्चों को नैतिक शिक्षा भी दी जाए। वहीं, उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि महिला आयोग पीड़ित, दुखी, शोषित महिला को न्याय दिलाने के लिए जाना जाता है। लेकिन किसी भी संस्था को प्रभावी बनाने के लिए नवाचार आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने कार्यक्रम में कई सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा कि महिला आयोग का कार्य राज्यों में भी मजबूत करना चाहिए ताकि सभी महिलाओं को न्याय मिल सके। राज्यों में वर्कशॉप का आयोजन किया जाए, जिससे महिलाओं को अधिकारों की जानकारी हो सके। वहीं, उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए तकनीक के प्रयोग पर जोर दिया, ताकि पीड़ित महिला त्वरित रूप से थानों में सूचना दे सके। पुलिस में महिला कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए, इसके लिए महिला आयोग को सरकार से अनुशंसा करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि लैंगिक उत्पीड़न पर त्वरित न्याय हो।

सुश्री उइके ने महिला सुरक्षा के लिए मौजूदा कानून में सुधार के साथ ही बच्चों को संस्कारी बनाने और नैतिक शिक्षा दिये जाने पर जोर दिया। इसके साथ ही जनजाति महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्र की महिलाओं में हुनर बहुत है लेकिन उनके उत्पादों की मार्केटिंग नहीं हो पाने की वजह से आर्थिक रूप से पिछड़ी हुईं हैं। महिला आयोग इसे लेकर सरकार को सुझाव दे। इस दौरान राज्यपाल ने विश्वास जताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग महिलाओं को और भी सशक्त करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ेगा।

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की तर्ज पर बनी फिल्म प्रदेशवासियों के लिए प्रेरणाप्रद : मंत्री डहरिया

नगरीय प्रशासन मंत्री ने छत्तीसगढ़ी फिल्म 'जोहार छत्तीसगढ़' देखा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया ने आज श्याम टॉकिज जाकर छत्तीसगढ़ी फिल्म 'जोहार छत्तीसगढ़' देखा। डॉ. डहरिया ने फिल्म देखने के बाद प्रतिक्रिया में कहा कि राज्य सरकार के गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के तर्ज पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति, परंपरा और छत्तीसगढ़ महतारी को लेकर फिल्म जोहार छत्तीसगढ़ बनी है। यह फिल्म प्रदेशवासियों के लिए काफी प्रेरणाप्रद है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा के संरक्षण और संवर्धन के लिए नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना शुरू की गई है। इसके साथ ही मैदानी क्षेत्रों के साथ-साथ दुरस्थ वनांचल के गरीबों, पिछड़ों और आदिवासियों सहित सभी वर्गों के विकास के लिए निरंतर प्रयास की जा रही है। डॉ. डहरिया ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी फिल्म को हमेशा से ही प्रोत्साहन देते रहे हैं। आगे भी हरसंभव मदद किया जाएगा।

इस मौके पर विधायक श्री कुलदीप जुनेजा, जोहार छत्तीसगढ़ के डायरेक्टर देवेन्द्र जांगड़े सहित छत्तीसगढ़ी फिल्म के निर्माता, निर्देशक, कलाकार और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

मसीहीजनों का सबसे बड़ा मेला 3 से 9 फरवरी तक लगेगा

मदकूद्वीप में विश्वासी मसीही कर रहे 111 वर्षों से आयोजन

0 एतिहासिक और धार्मिक महत्व रखता है मदकूद्वीप

0 सीएम, स्पीकर व नेता प्रतिपक्ष भी होंगे शामिल

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। प्रदेश का राष्ट्रीय मसीही मदकूद्वीप मेला 3 से 9 फरवरी तक होगा। यह मेले का 111 वां वर्ष है। रायपुर बिलासपुर रोड पर बैतलपुर से तीन किलोमीटर अंदर शिवनाथ नदी से घिरे इस टापू में पहले तीन दिन पास्टर्स रिट्रीट होगी। फिर 9 फरवरी तक मेला होगा। मेले में 7 फरवरी को नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक शामिल होंगे। जबकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्पीकर डॉ. चरणदास महंत 8 फरवरी को शिरकत करेंगे।

इस वर्ष मेले का आदर्श पद पवित्र बाईबल के गलातियों की पत्री 5.1 से लिया गया है ''मसीह ने स्वतंत्रता के लिए हमें स्वतंत्र किया है, सो इसी में स्थिर रहो...''। प्रधान वक्ता के रूप में दिल्ली से पादरी डॉ. अजीत होरो आत्मिक संदेश देंगे। प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से प्रभात फेरी निकलेगी और क्रूस के नीचे आराधना होगी। रोज रात्रि में आत्मिक संदेश से दिन का समापन होगा। देश के कई राज्यों से श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। मेले में वाद-विवाद, काव्य पठन, संगीत प्रतियोगिता भी होगी। मनोकामना पूरी होने के लिए जाने जाने वाले इस मेले के इतिहास के पन्ने पलटें तो ज्ञात होता है कि प्रथम मेला 1909 में आयोजित किया गया था। तब से निरन्तर निर्वाध 111 वर्षों से मेला होते आ रहा है। 1939 में तीसवें वर्ष की रजत जयंती के रूप में, 1959 में स्वर्ण जयंती, 1969 में साठ वर्ष हीरक जयंती व वर्श 2008-09 में शताब्दी वर्ष मेला मनाया गया। इस एतिहासिक मेला के धार्मिक स्थल में ख्याति प्राप्त प्रधान वक्ता के रूप में पादरी जॉन फारमन, पादरी योहन मसीह, बिशप बेडली, डॉ. स्टेनली जॉन्स, साधू सुन्दरसिंह, पादरी अब्दुल, भाई भक्त सिंह, पादरी आनन्द कुमार चैधरी, पादरी एम.असलम अब्राहम, पादरी हावेल रिचर्ड, डॉ. विजय लाल, पं. धर्मप्रकाश षर्मा, डॉ. पी. देवदास, डॉ. अजय लाल, पादरी प्रदीप गुनर, आचार्य डी.पी. टाइटस, भाई प्रदीप डेविड मोरार, भाई सलीम हैदर आदि प्रभु के दास यहां प्रवचन सुना चुके हैं। भाई विजय बेनेडिक्ट, भाई जॉय मोजेस आदि ने अपने मधुर स्तुतिगान से ईश्वर की भक्ति की है।

दोस्ती का फायदा उठाकर शोरूम से ट्रायल के नाम पर ले गया कार

■ रुपये मांगने पर लौटाने से किया इंकार, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। परिचित ने ट्रायल के नाम पर वाल्वो कंपनी के शो रूम से लाखों रुपये का कीमती कार लेकर गया व वापस मांगने पर लौटाने से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार एश्वर्या रेसीडेंसी तेलीबांधा निवासी अमर नारायण सिंह 31 वर्ष पिता केएन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि चंदनडीह स्थित वाल्वो कार शो रूम का संचालक है।

27 अक्टूबर 2018 में साबिर मदान 30 वर्ष पिता संजय मदान ने प्रार्थी से परिवारिक जान पहचान होने का फायदा उठाकर चंदनडीह स्थित वाल्वो शोरूम से वाल्वो कार कीमत 39 लाख 90 हजार को ट्रायल व घर वालों को दिखाने की बात कहकर ले गया। कार का पैसा मांगने पर आरोपी ने बाकी रकम नगद देने की बात कहकर 27 लाख रुपये का चेक दिया था, बैंक में चेक जमा करने पर खाते में पर्याप्त बैलेंस नहीं होने के चलते बाउंस हो गया। चेक बाउंस होने की सूचना देने पर आरोपी नगद रुपये देने की बात कहकर गुमराह करने लगा। प्रार्थी के पिता से साबिर मदान के पिता संजय मदान वर्षो से आपस में अच्छे दोस्त रहे है । उक्त संबंधों के कारण साबिर मदान शो रूम से वाल्वो डेमो कार को बहाने से लेकर चला गया व संबंध का हवाला देकर कार्रवाई करने से रोक रहा था बाद में आरोपी ने वाल्वो कार को अपने दिल्ली स्थित निवास पर रखवा दिया व रुपये देने से इंकार कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

एक हजार शिक्षकों को सिखाया जाएगा स्पोकन इंग्लिश : प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा

रायपुर। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने कहा है कि राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद में एक हजार शिक्षकों को स्पोकन इंग्लिश का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। आगामी शिक्षा सत्र 2020-21 से कक्षा पहली से बारहवीं तक जिला मुख्यालय सुकमा में इंग्लिश मीडियम स्कूल का संचालन किया जाएगा। डॉ. शुक्ला ने जिला मुख्यालय सुकमा के सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान प्राथमिक शाला पावारास ईजीएल क्लास का अवलोकन किया और बच्चों से चर्चा की। बैठक में कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षक उपस्थित थे। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा ने कहा कि स्कूलों में प्रत्येक सोमवार को संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाए और बच्चों से इस संबंध में कम से कम 5 प्रश्न पूछे जाए। उन्होंने कहा कि संकुल स्तर पर बच्चों को पठन-पाठन का मूल्यांकन माताएं करेंगी।

धीमी रफ्तार 17 नवंबर 2018 को युवा बैंक कर्मी को पीटा था, दुर्ग में छुपा बैठा था सामाजिक कार्यकर्ता का बेटा

शहर के दो बिगड़ैल नवाबों में से एक हिरासत में दूसरा अब भी फरार

■ तीन साथियों को पहले ही किये जा चुका हैं अरेस्ट

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। कभी लड़कीबाजी तो कई दफे सरेराह गुंडागर्दी करने वाले राजधानी के दो बिगड़ैल नवाबों के किस्से पुलिस की जुबान पर हैं। इनमें से एक सामाजिक कार्यकर्ता का बेटा हर्षवर्धन शर्मा है तो दूसरा नाता तोड़ चुकी आईएएस बहन का लाडला भाई वरूण कौशल है। मजे की बात यह है कि दोनों ही बिगड़ैलों पर सिविल लाइन थाना समेत रायपुर के कई थानों में शिकायतें दर्ज हैं। आईएएस बहन के भाई पर तो हत्या, हत्या का प्रयास और कई मामले मारपीट के दर्ज हैं। चौंकाने वाली बात यह कि महज दो माह पहले एक युवा बैंक कर्मी को बेवजह राजधानी के एक रेस्टोरेंट में नशे की हालत में साथियों के साथ पीटने के आरोपी हर्षवर्धन को पुलिस ने दो माह बाद दुर्ग से गिरफ्तार कर लिया। लेकिन, दो साल से फरार हत्या के आरोपी वरूण कौशल के दो साथी तो गिरफ्तार कर लिए गए पर एक साथी नितेश साहू संग वो अब तक पुलिस की पकड़ से दूर है। हालाकि हर्षवर्धन पर कमतर आरोप ही दर्ज हैं तो वरूण को खतरनाक आदतन अपराधी कहा जाए तो आश्चर्य नहीं होगा। अब तक राजधानी की पुलिस खतरनाक बिहारी, ओडिशा यूपी गैंग को रसातल से पकड़कर ले आई पर नाता तोड़ चुकी आईएएस बहन के खूंखार भाई वरूण तक पहुंचने में नाकाम रही है।

हर्षवर्धन युवा बैंक कर्मी को पीटता रहा वो रहम की भीख मांगता रहा

कैफे में मारपीट के मामले में फरार चल रहे सामाजिक कार्यकर्ता के बेटे को पुलिस ने दुर्ग से गिरफतार कर लिया है। आरोपी हर्षवर्धन शर्मा पर शराब के नशे में कैफे में मारपीट करने की वजह से सिविल लाईन पुलिस ने उसे दुर्ग से गिरफ्तार कर रायपुर लेकर आई है। सिविल लाईन थाने में हर्षवर्धन के खिलाफ 294, 323, 506, 327 के तहत अपराध दर्ज कर आज कोर्ट में पेश किया जायेगा। दरअसल मामला 17 नवंबर की रात का है। सिविल लाईंस थाना स्थित ब्लू स्काई कैफे में हर्षवर्धन शर्मा सहित तीन युवकों ने शराब के नशे में एक बैंक कर्मी की पिटाई कर दी थी। बैंक कर्मी युवकों के सामने हाथ जोड़कर रहम की भीख मांगता रहा, लेकिन नशे में धुत तीनों युवक उस पर ताब तो? हाथ-पैर चलाते रहे। इस मामले में पुलिस तुरंत हरकत में आई और राजधानी की सामाजिक कार्यकर्ता के बेटे समेत तीन युवकों के खिलाफ शराब के नशे में मारपीट किए जाने के आरोप में अपराध दर्ज कर लिया। मामले में दो आरोपी को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। दो माह बाद पुलिस ने तीसरे आरोपी हर्षवर्धन को गिरफ्तार किया है।

फरार वरूण पर दो 307 तो एक 302 का अपराध समेत कई मामले दर्ज

राजधानी में हाईप्रोफाइल परिवार से ताल्लुक रखने वाला वरूण कौशल सबसे खतरनाक बताया जाता है। एलीट क्लास की लाइफ स्टायल, जिद्दी और जान लेने में आमादा रहने वाला वरूण कौशल पर राजधानी के सिविल लाइन, मंदिर हसौद और पंडरी थाना में गंभीर अपराध दर्ज हैं। सबसे दर्दनाक मामला नवा रायपुर में एक युवा इंजीनियर तुहीन मलिक की हत्या और उसके दोस्त पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। महज नवा रायपुर में ड्रंकन ड्रायविंग कर रहे वरूण ने 10-11 मार्च को उसकी कार से आगे निकलने के कारण दोनों युवकों पर जानलेवा हमला किया। बताते हैं कि तुहीन को चाकू घोंपने के बाद उसे वरूण और उसके दोस्तों ने कार में बांधकर कुछ दूर घसीटा भी था। घटना का खुलासा करने वाली पुलिस ने वरूण के साथ आरोपी अभिषेक नागवंशी, अभिलाष नागवंशी और समीर साहू भी थे। सभी ने अलंकार पाल व तुहिन को खूब मारा-पीटा फिर तुहिन की हत्या कर दी थी।

संपादकीय

दिल्ली में गोली बारी बनी चुनावी मुद्दा

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान नए नागरिकता कानून को लेकर जारी प्रदर्शन को चुनावी मुद्दा बना ही हुआ है और अब इस दौरान एक नाबालिक लड़के द्वारा जामिया मिलीया इस्लामिया के पास रैली निकालने की तैयारी कर रहे लोगों पर की गई गोलीबारी की घटना को भी विपक्ष ने चुनावी मुद्दा बना दिया है। आम आदमी पार्टी ने तो सीधे भाजपा पर आरोप लगाया है कि भाजपा के इशारे पर ही जामिया के पास एक युवक ने गोली चलाई जिससे एक छात्र घायल हुआ है। आप नेता संजय सिंह ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर हुई इस घृणत घटना के पिछे भाजपा का हाथ है। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा ने भी इस घटना के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस महासचिव प्रीयंका गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि जब भाजपा के मंत्री और नेता लोगों को उकसाएंगे तो यह सब होना ही है। उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया है कि वे कैसी दिल्ली बनाना चाहते है और वह विकास के साथ खड़े है या फिर अराजकता के साथ खड़े है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व ही केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने नई दिल्ली में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह आपत्तिजनक नारा लगाया था कि देश के गद्दारों को गोली मारो। उनके इस बयान के बाद ही इस तरह की घटना होने से भाजपा विपक्ष के निशाने पर आ गई है। यद्यपि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि गोली चलाने वाला नवयुवक किस राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ था और उसने किसके इशारे पर इस तरह की घटना को अंजाम दिया है। उसने गोली चलाते समय यह जरूर कहा था कि आओं तुम्हे आजादी देता हूं। बहरहाल उस युवक से पूछताछ जारी है और इस बारे में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा है कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। गोलीबारी की इस घटना से सबक लेने की जरूरत है। नागरिकता कानून के खिलाफ जिस तरह देश भी में हिंसक प्रदर्शन हुए है और नई दिल्ली में सड़क जाम कर के लाखों लोगों को जिस तरह परेशान किया जा रहा है उससे लोगों में आक्रोश फैलना स्वाभाविक है। सरकार को चाहिए कि वह ऐसे प्रदर्शनों पर कड़ाई पूर्वक रोक लगाए ताकि फिर ऐसी अप्रीस स्थिति निर्मित न होने पाए।

विचार

यह ध्रुवीकरण नहीं, धुंआकरण है

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

एक पुरानी कहावत है कि प्रेम और युद्ध में किसी नियम-कायदे का पालन नहीं होता। मैं सोचता हूं कि यह कहावत सबसे ज्यादा लागू होती है हमारे चुनावों पर ! चुनाव जीतने के लिए कौन-सी मर्यादा भंग नहीं होती ? कोई भी प्रमुख उम्मीदवार यह दावा नहीं कर सकता कि उसने चुनाव-अभियान के लिए अंधाधुंध पैसा नहीं बहाया है। चुनाव आयोग द्वारा बांधी गई खर्च की सीमा का उल्लंघन कौन प्रमुख उम्मीदवार नहीं करता ? शराब, नकदी और तरह-तरह के तोहफों का अंबार लगा रहता है। दिल्ली में आजकल जो चुनाव-अभियान चल रहा है, उसमें उक्त मर्यादा-भंग तो हो ही चुका है लेकिन कुछ नेताओं ने ऐसे बोल बोले हैं, जो उनकी अपनी प्रतिष्ठा को तो धूमिल करते ही है, उनकी पार्टी को भी बदनाम करते हैं।

वे बयान भारतीय राजनीति को उसके निम्नतम स्तर पर ले जाते हैं। राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा, दोनों ही युवक मुझे प्रिय हैं। इन दोनों के पिताजी मेरे मित्र रहे हैं। दोनों का व्यक्तित्व आकर्षक है लेकिन मेरी समझ में नहीं आता कि दोनों ने ऐसी बातें कैसे कह दीं, क्यों कह दीं ? 'देश के गद्दारों को, गोली मारो इन सालों' को और 'ये लोग तुम्हारे घरों में घुसकर बलात्कार करेंगे'- यह सब कहने या नारे लगवाने का अर्थ क्या है ? इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बयान की तुक क्या है कि यदि युद्ध हुआ तो हम पाकिस्तान को 7 से 10 दिन में धूल चटा सकते हैं ? गृहमंत्री अमित शाह और कुछ अन्य भाजपा नेता 'शाहीन बागों' को पाकिस्तान कह रहे हैं। ऐसी उग्रवादी बातें, क्या इसलिए की जा रही हैं कि हिंदू-मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण हो जाए ? क्या अब भाजपा का आखिरी सहारा पाकिस्तान और मुसलमान ही बचे हैं ? क्या वे ही अब एक मात्र ब्रह्मास्त्र बचे हैं, जो केजरीवाल पर चलाए जा रहे हैं ? भाजपा के नेताओं ने दिल्ली की जनता को इतना बेवकूफ क्यों समझ रखा है ? यह हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण नहीं, धुंआकरण है।

यह सांप्रदायिक धुंआकरण आखिरकार भारत के लिए दमघोंटू सिद्ध हो सकता है। भाजपा को चाहिए था कि उसकी केंद्रीय और प्रांतीय सरकारों ने जो उत्तम काम किए हैं, उनका वह प्रचार करती और दिल्लीवालों को बेहतर सरकार देने का वादा करती। उसके पास दिल्ली में मुख्यमंत्री के लायक कोई नेता नहीं है तो इसका नतीजा यह भी होगा कि दिल्ली के चुनाव के बाद अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय स्तर पर शायद नरेंद्र मोदी के खिलाफ उभर आए और प्रधानमंत्री पद की चुनौती बन जाए।

साइबर क्राइम पर बुडापेस्ट कन्वेंशन और भारत की इंटरनेट स्वायत्तता

कुमार रमेश
अपराधशास्त्री, विदेशी मामलों के जानकार एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर

> फिलहाल इस बुडापेस्ट कन्वेंशन की चर्चा अभी इसलिए हो रही है क्योंकि 20-22 नवंबर 2019 नई दिल्ली में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन साइबर लॉ, साइबर क्राइम, साइबर सिक्योरिटी में उस बुडापेस्ट कन्वेंशन के सदस्य देशों द्वारा भारत को कन्वेंशन में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। यह हमें यह भी जान लेना चाहिए कि 2015 से लगातार यह इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस भारत ही प्रायोजित करता है जिसमें विश्व भर के प्रतिनिधि और एक्सपर्ट्स सम्मिलित होते हैं। लेकिन भारत ने यह कहकर अपने आप को इस समझौते से अलग रखा है कि हमने कभी भी इसके नेगोशिएशन में भाग नहीं लिया इसलिए यह समझौता हमारे अनुकूल नहीं है। भारत की दूसरी सबसे बड़ी चिंता इस कन्वेंशन का आर्टिकल 32ब है जिसके तहत संबंधित सदस्य देशों का डाटा वैश्वीकरण हो जाएगा यानी हम कौन सा मैकेनिज्म और तकनीक इस्तेमाल करके अपराध को रोक रहे हैं यह हैकर्स तो नहीं लेकिन संबंधित सदस्य देश जानकर इसका दुरुपयोग कर सकते हैं जिससे हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता को खतरा होगा।

आज के दौर का इंटरनेट यानी वह तंत्र, जिससे सिर्फ मनोरंजन नहीं बल्कि सेना, स्पेस, खुफ़िया एजेंसी, पॉवर ग्रिड, अर्थव्यवस्था और अफवाहों के द्वारा किसी भी देश को बर्बाद किया जा सकता है। उदाहरणस्वरुप अमेरिका द्वारा ईरान पर किया गया साइबर अटैक ज़्यादा पुरानी बात नहीं है। लेकिन हाल ही में भारत के माननीय सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को कश्मीर में इंटरनेट बहाली के आदेश दिए हैं साथ ही सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि भविष्य में इंटरनेट पर नहीं लगायी जा सकेगी। यदि बहुत ही गंभीर परिस्थितियों में इंटरनेट इस्तेमाल पर रोक लगाना भी पड़े तो सरकार को यह बताना होगा कि किन शर्तों के आधार पर उसने ये पाबंदी लगायी, ताकि जनता चाहे तो उसपर सुनवाई के लिए याचिका प्रस्तुत कर सके। इस तरह सर्वोच्च न्यायालय ने इंटरनेट के उपयोग को मौलिक अधिकार घोषित कर दिया और इसे संविधान की अनुच्छेद 19ब का हिस्सा बना दिया।

लेकिन कुछ और भी परिस्थितियां हैं जो सिर्फभारत में ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक इन चीजों को कुछ बाध्यकारी कानूनों व संधियों के द्वारा इसे घटा और बढ़ा रही है। जिसमें इंटरनेट से होने वाले अपराधों को रोकने के लिए विश्वस्तरीय बनाए जा रहे मैकेनिज्म से इसे घरेलू कानूनों के तहत तो ना सही लेकिन अंतरराष्ट्रीय कानूनों की दुहाई और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा बताकर इंटरनेट पर पुनः पाबंदी लगाना संभव हो जाएगा। पता नहीं, दो मोर्चों पर बनाई जा रही व्यवस्था इंटरनेट के द्वारा होने वाले अपराधों को रोकने में कितना कारगर होगी।

हाल के पिछले महीनों में विश्वस्तर पर कुछ ऐसी महत्वपूर्ण घटनाएं भी हुई हैं जिसने इसकी स्वायत्तता और खतरा दोनों को ही बढ़ा दिया दिया है। पहला यह है कि रूस अब खुद का इंटरनेट ला रहा है, जिसके तहत अमेरिकी प्रभाव वाले इंटरनेट पर अपनी निर्भरता को कम करने और अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को संयोजित किया जा सके। रूस का यह डर साइबर अटैक की उस घटना के कारण है, जिसमें उसे शक है कि उसके रक्षा तकनीक और ग्रिड सिस्टम पर हमला अमेरिका ने ही अपने इंटरनेट वर्चस्व वाली कंपनियों का इस्तेमाल करके किया था। इसलिए वह अब खुद का इंटरनेट लाकर अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को अभेद करेगा।

इसके अलावा दूसरी महत्त्वपूर्ण घटना चीन को लेकर है जिसने पिछले महीने व्यापार युद्ध के बीच पिछले महीने ही यह संकल्प किया है कि वो 2022 तक देश से सभी विदेशी कंप्यूटर्स, सॉफ्टवेयर्स को देशी उपकरणों से बदल देगा। यह प्लान चीन ने इसी साल से प्रारंभ कर दी है जिसका

कोडनेम है 3-5-2, यानी चीन कि 30त विदेशी हार्डवेयर्स 2020 में रिप्लेस किए जाएंगे, 50त को 2021 में और बचे हुए 20त को 2022 में। रूस और चीन दोनों ने जो निर्णय लिए हैं वह साइबर अटैक के खतरे और अमेरिका से अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया है।

लेकिन इन सबके बीच में चर्चा एक बहुत बड़े संधि की भी हो रही है, जिसके तहत बुडापेस्ट कन्वेंशन का विकल्प तलाशा जा रहा है और जिसे हाल ही में रूस ने विभिन्न देशों के सहयोग से कॉम्बैट द यूज़ ऑफ इनफर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी फॉर क्रिमिनल पर्पासेज नाम का एक प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा, जिसे महासभा की तीसरी समिति ने 29 दिसंबर 2019 को विपक्ष की 60 वोट कि जगह पक्ष में पड़े 79 मत से प्रस्ताव को पास कर दिया। 33 अन्य देशों ने तटस्थ रहते हुए इस प्रस्ताव में भाग ही नहीं लिया। इस प्रस्ताव के कानून बन जाने के बाद संयुक्त राष्ट्र के बैनर तले दुनियाभर में साइबर क्राइम से होने वाले अपराधों को रोकने का मैकेनिज्म बनाया जाएगा, जो बुडापेस्ट कन्वेंशन की तरह साथ साथ कार्य करेगी। रूस के प्रस्ताव पर आगे बढ़े उससे पहले यह कि यह बुडापेस्ट कन्वेंशन है क्या?

बुडापेस्ट कन्वेंशन एक संधि है जिसका अधिकारिक नाम बुडापेस्ट कन्वेंशन ऑन साइबर क्राइम है। यह साइबर क्राइम को रोकने के लिए विश्व की पहली संधि है जिसमें यह प्रावधान है की संबंधित सदस्य अपने देशों में एक समान कानून बनाए ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर क्राइम को रोका जा सके। इसकी शुरुआत तब से की गई, जब साइबर क्राइम इस दुनिया में होना प्रारंभ हुआ। इसकी पहल काउंसिल ऑफ यूरोप के देशों ने फ्रांस के स्ट्रेसबर्ग शहर में एक मीटिंग आयोजित करके की थी लेकिन बाद में इसमें कनाडा, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, साउथ अफ्रीका भी शामिल हो गए और 2001 में इन्होंने इस संधि का मसौदा तैयार कर लिया। तत्पश्चात उसी साल 8 नवंबर 2001 को 109 वीं काउंसिल ऑफ यूरोप के मंत्रियों की मीटिंग में इस मसौदे को अडॉप्ट कर लिया गया जिसके बाद 23 नवंबर से हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में इस पर हस्ताक्षर की शुरुआत हुई और 1 जुलाई 2004 से यह संधि प्रभाव में आ गया। चूंकि 2001 में भारत इंटरनेट के मामले में इतना सक्षम नहीं था ना ही अर्थव्यवस्था सबसे मजबूत थी। उस समय साइबर हमले भी हमारे यहां बहुत कम थे, इसलिए ना ही कभी इसके सदस्य देशों ने भारत को किसी मीटिंग में आए आमंत्रित किया और ना ही भारत ने इसकी मीटिंग में जाना उचित समझा।

भारत की तीसरी चिंता इस बात को लेकर है कि यह कन्वेंशन बाध्यकारी नहीं है, यानी हम पर कभी हैकर्स का हमला हो रहा होगा तो इसके सदस्य देश अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर भारत को सहयोग देने से मना भी कर सकते हैं इसलिए भारत ने इस संधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हालांकि भारत अकेला नहीं है रूस चीन पाकिस्तान ब्राजील मेक्सिको जैसे बड़े देशों ने भी खुद को इस संधि से अलग रखा है और फिलहाल 64 देशों ने रेटिफाइड करके अपने यहां लागू किया है।

अब हम वापस रूस के उस प्रस्ताव की ओर चलते हैं, जिसमें रूस ने सभी देशों को यह आश्वासन दिया है कि उसमें बुडापेस्ट संधि के उन प्रावधानों को शामिल नहीं किया जाएगा जिससे किसी भी देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को खतरा हो। भारत ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान दिया है और बढ़ चढ़कर इसके नेगोशिएशन में हिस्सा ले रहा है, साथ ही अगस्त 2020 में न्यूयॉर्क में एक संधि स्थापित करने के उद्देश्य से सभी देश एक मीटिंग करने को भी राजी हो गए हैं जिसमें यह प्रावधान भी शामिल होगा कि साइबर क्राइम को रोकने के लिए अगर सदस्य देश चाहें तो कोआर्डिनेशन और डाटा शेयर कर सकते हैं। लेकिन अमेरिका, यूरोपियन यूनियन और ह्यूमन राइट्स संगठन, रूस के इस प्रस्ताव को गलत बता रहे हैं। अमेरिका इस बात को लेकर चिंतित है कि रूस इसमें जो ड्राफ्ट बनाएगा उसमें यह प्रावधान भी हो सकता है, जिसमें खतरा होने की स्थिति में सुरक्षा के नाम पर पूरे देश में इंटरनेट को बंद किया जा सकेगा या किसी वेबसाइट को खतरनाक बताकर उसे ब्लॉक्स कर दिया जाएगा। इस प्रस्ताव का सबसे ज्यादा विरोध फिनलैंड ने किया जिसने पूरे यूरोपियन यूनियन का नेतृत्व करते हुए सभी सदस्य देशों से इस प्रस्ताव को खारिज करने की अपील की थी। ह्यूमन राइट्स संगठनों का कहना है कि इससे देशों को इंटरनेट पर सेंसरशिप लागू करने की ज्यादा शक्ति मिल जाएगी। लेकिन फिलहाल भारत ने अपना रास्ता चुन लिया है और वह उस पर आगे बढ़ रहा है। लेकिन यह भी निश्चित है कि इन सब के बीच में सबसे ज्यादा फायदा हैकर्स को ही होगा, क्योंकि एक तरफ बुडापेस्ट कन्वेंशन और दूसरी तरफ संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावित संधि के बीच के लूप होल का फायदा उठाते हुए वे अपने कार्य को आसानी से अंजाम दे पाएंगे क्योंकि दुनिया साइबर सिक्योरिटी को लेकर फिर से दो ध्रुवों में बंटी होगी।

प्राचीनतम सभ्यता - नर्मदा घाटी

प्रवीण गुगनानी

> नर्मदा घाटी के प्राचीन नगरों के रूप में महिष्मती (महेश्वर), नेमावर, हतोदक, त्रिपुरी, नंदीनगर, भृगुकच्छ (भड़ोच) आदि ऐसे कई प्राचीन नगर है जहां किए गए उत्खनन से उनके 2200 वर्ष पुराने होने के निर्विवाद प्रमाण प्राप्त हुये हैं। जबलपुर से लेकर सीहेर, नर्मदापुर (होशंगाबाद), बड़वानी, धार, खंडवा, खरगोन, हरसूद आदि तक किए गए और लगातार जारी उत्खनन कार्यों ने ऐसे अनेक पुराकालीन रहस्यों को उजागर किया है। डॉ. शशिकांत भट्ट की पुस्तक नर्मदा वैली : कल्चर एंड सिविलाइजेशन में, नर्मदा घाटी सभ्यता के विषय में में विस्तार से उल्लेख मिलता है।

हाल ही के दशकों में किये अन्वेषणों व खुदाइयों से नर्मदा घाटी का एक नया स्वरूप उभर कर आया है। नर्मदा घाटी से ऐसे बहुत से ऐसी शिलाएं, शिलालेख, निर्मितियां, भित्ति चित्र, तैल चित्र आदि मिलें हैं जिनसे भारतीय सभ्यता के इतिहास को नए आयाम प्राप्त होते हैं। नर्मदा घाटी की खुदाई से मिले तथ्यों ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय संस्कृति व सभ्यता विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है। मध्यप्रदेश के भीमबैठका में पाए गए 25 हजार वर्ष पुराने शैलचित्र, नर्मदा घाटी में की गई खुदाई तथा मेहरगढ़ के अलावा कुछ अन्य नृवंशीय एवं पुरातत्वीय प्रमाणों से यह सिद्ध हो चुका है कि भारत भूमि, विश्व के सर्वाधिक व प्राचीनतम आदिमानव की प्राचीनतम कर्मभूमि रही है। विश्व के सर्वाधिक चर्चित, सिद्ध, स्थापित व विज्ञान आधारित वैदिक या सनातन धर्म के संदर्भ में भी तथ्य मिलतें हैं, कि यहीं से मानव ने अन्य स्थानों पर बसाहट करने व वैदिक धर्म के विस्तार का कार्य किया था।

एतिहासिक विषयों के शोध में सामान्य तौर पर वैश्विक मान्यता यह रही है कि, 3500 वर्ष पूर्व जीवित सभ्यताओं को मापदंड मानकर ही मानव इतिहास और समाज का विश?लेषण होता है। वस्तुतः यह सिद्धांत या विश्लेषण केवल और केवल ईसाई धर्म को स्थापित करने वाला था। इस भ्रान्ति को स्थापित करने हेतु यूरोपीय इतिहासकारों ने ऐसे कई तथ्य नकारे जो प्राचीन भारत और चीन के इतिहास को महान बताते हैं और ईसा बाद के समाज से कहीं ज्यादा उन्हें सभ्य सिद्ध करते हैं। पृथ्वी की प्राचीन सभ्यताओं के बात करें तो धरती के पश्चिमी छोर पर रोम ग्रीस और मिस्र देश

की सभ्यताओं के नाम लिए जाते हैं तो पूर्वी छोर पर चीन का नाम लिया जाता है। यह विडंबना ही रही कि मध्य में स्थित भारत को अनुसंधानों में क्षीण चर्चा के साथ ही लगभग नकारकर आगे बढ़ जाया जाता है। इसके पीछे एक ही पूर्वाग्रह है कि यदि भारतीय सभ्यता का इतिहास अपने मूल व सिद्ध स्वरूप में विश्व के समक्ष आया तो पश्चिमी देशों के समाज और धर्म के सारे मापदंड स्खलित होनें लगते हैं।

वैश्विक इतिहास के संदर्भ में अब यह स्थापित तथ्य है कि ईसा से 2300-2150 वर्ष पूर्व सुमेरिया, 2000-400 वर्ष पूर्व बेबिलोनिया, 2000-250 ईसा पूर्व ईरान, 2000-150 ईसा पूर्व मिस्र (इजिप्ट), 1450-500 ईसा पूर्व असीरिया, 1450-150 ईसा पूर्व ग्रीस (यूनान), 800-500 ईसा पूर्व रोम की सभ्यताएं विद्यमान थीं व उक्त सभी सभ्यताओं से बहुत पूर्व महाभारत का युद्ध लड़ा गया था। नर्मदा घाटी की खुदाई में तथ्य अपनी भौतिक सरंचनाओं के साथ सामने आ गए हैं और यह स्पष्ट उद्घोषित कर रहे हैं कि 3500 ईसा पूर्व भारत में एक पूर्ण विकसित सभ्यता थी।

आज विश्व की प्राचीनतम नदी सभ्यताओं में से एक नर्मदा घाटी की सभ्यता का उल्लेख कम से कमतर ही किया जाता है; यह दुखद तो है किंतु ऐसा केवल और केवल हमारी उदासीनता और पश्चिमी षड्यंत्रों के परिणाम स्वरूप ही हुआ है। पुरात्ववेत्ताओं अनुसार यहां भारत की सबसे प्राचीन सभ्यता के अवशेष पाए गए हैं। आश्चर्य की यहां डायनासोर के अंडे भी पाए गए हैं। आज विश्व भर में माँ नर्मदा को प्राचीनतम नदी की मान्यता दी जाती है। यह दुखद ही है कि इस नदी सभ्यता पर कोई योजनाबद्ध व दीर्घ शोध, अध्ययन, खनन का कार्य अब तक नहीं हुआ है। पौराणिक ग्रंथों में जिस ÷रेवाखंड÷ शब्द का गुह्य किंतु सहज प्रयोग स्थान स्थान पर मिलता है वह हमसे इस रेवा तट के महात्मय को ही प्रकट करता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ठहरी हुई जिंदगी



खामोश सी ठहरी हुई जिंदगी रुक गई अमावस पर .... सहसा मुठ्ठी खुली और बिखर गई चारों तरफ बचपन में बंद की हुई धूप... उछल कर एक छोटा सा पत्थर हसरतों का, जा गिरा अडोल सागर में.... जिंदगी फिर दौड़ पड़ी उम्मीदों की तितली पकड़ने को...

- नम्रता सरन सोना

बागन मे जब फूल खिलै



बागन मे जब फूल खिलै चहुओर धरा खुश हाल करै। छाय रहे रितु राज सभी दिश जीव सदैव निहाल करैं। अवसर चूकि बसन्त रहे जग कामिन ताहि बिहाल करैं। मान सभी मन आपन शारद के ढिग हाल हवाल करै।

- कवि अजय मिश्रा

ख़ास पाती | होंसलों से उड़ने का जज्बात



होंसलों से उड़ने का जज्बात दे। तू जरा जमाने को नया पैगाम दे।। मोहब्बत से रहे चमन में दोस्तो। गुलों को खिलने का आयाम दें।। सर्द रातों में दर्द से जो सिमटे हैं। उन यतीमों को कुछ आराम दें।। जो ईमान से जी रहे हैं जिन्दगी। उन लोगों को कभी तो इनाम दें।। वतन की आबरू जो बचाते हैं। उन शूरवीरों को रोज सलाम दें।। इल्म इतना दे दो नोजवानों को। बेरोजगारों को पुरोहित काम दें।।

- डॉ. राजेश कुमार शर्मा पुरोहित

देश बिना हम कुछ नही



देश बिना हम कुछ नही,ये अपनी पहचान देश भजन,पूजा सभी,देश है स्वाभिमान तीन रंग से ध्वज सजा,बीच चक्र है एक केसरिया बलिदान के,दे संदेश अनेक श्वेत रंग से मिल रही,सीख रहें सब शान्त रहे साथ मिलकर सदा,भारत के सब प्रान्त हरी हरी फसले उगे,भारत हो खुशहाल कोई ना निर्धन दिखे,हो सब मालामाल समय चक्र जो घूमता,चले सदा दिन रात चौबिस घन्टे हर समय,करे काम की बात। **- शालिनी शर्मा**

इससे अच्छा वो नीम का छांव

तपते हैं घर शहर के देखो इससे अच्छा वो नीम का छांव । आओ लौट चलें हम गांव घुली हवा में जहर शहर के मेरी सांसे लगी हुई हैं दांव । आओ लौट चलें हम गांव यहां बगल का अंजाना है वहां था अपना पूरा गांव । आओ लौट चलें हम गांव हरी घास पर चलते थे हम शहर सड़क पर जलते पांव आओ लौट चलें हम गांव आओ लौट चलें हम गांव ।

- कृष्णा प्रवीण शुक्ला श्रावस्ती

जब बच्चा था तो लगता था



जब बच्चा था तो लगता था सूरज डूबकर धरा की गोद में चला जाता है फिर धरा अपने स्नेह से उसे सींचती है जिससे फिर एक नई ऊर्जा का सूरज आकाश में उग आता है ! जब बड़ा हुआ तो मुझे सूरज कहा गया मैं जला ! बिखरा ! डूबा ! पर अफसोस ! मुझे स्नेह से सींचने को कोई धरा नही थी !- **यू एस मिश्रा स्वप्निल**

स्त्री का वसन्त वृक्षों की डालियों पर



स्त्री का वसन्त वृक्षों की डालियों पर ही नहीं आता बल्कि उसका वसन्त मानवता के अंतःकरण में सदैव ही विद्यमान रहता है और जब -जब भावनात्मक हवा उसका अनावरण कर स्त्री को मन्त्र मुग्ध करती है तब-तब बेला-कचनार सी महकती स्त्री , जीवन की डाली से लिपट अपना होना सार्थक कर लेती है। **-कल्पना मनोरमा**

लडकर ही सही जिंदगी से

लडकर ही सही जिंदगी से ,अपना हक पूरा लेती हूँ..... !! निकल पड़ती हूं थाम कर वक्त का झोला उसमें छोटी छोटी खुशियाँ भर लेती हूँ।..... !! जानती हूं भारी है ख्वाहिशों का बोझ काट कर हर ख्वाहिश छोटी बना देती हूँ.. !! कह देती हूँ हर अनकही बात खुद को ही ,रात तक , हो न हो सुबह मेरी बातों की ये बात जेहन मे बिठा लेती हूँ।

- किरन भण्डारी

मैंने देखा तो पूछा, चाँद तुम्हारे ये हालात

मैंने देखा तो पूछा, चाँद तुम्हारे ये हालात बोला, एक सामान्य सी बात मैंने दर्द के साथ कहा, ज़ज्बात...? हँस पड़ा, एक तड़फ थी बिन छटपटाहट बोला, हाहा अजी, छोड़िए उनकी क्या औकात। - **मेनका त्रिपाठी**

लघु कथा- राम जी का सपना

ब्रह्म मुहूर्त में पवनपुत्र ने कहा-प्रभु उठो।क्या हो गया आपको?पवनपुत्र की आवाज़ सुनकर प्रभु राम उठे और पवनपुत्र से पूछा – क्या हुआ अंजनीनंदन? मुझे क्यों उठाया? तुम्हें पता नहीं कि मैं कितना अच्छा सपना देख रहा था।तुमने मेरा सपना तोड़ दिया। पवनपुत्र ने कहा- प्रभु क्षमाप्रार्थी हूँ। जब मैं जगा तो मैंने आपके मुँह से कुछ अस्फुट सी आवाज़ सुनी तो मैं विचलित हो गया।मैंने सोचा, पता नहीं मेरे प्रभु को क्या हो गया है? कहीं आपका स्वास्थ्य तो खराब नहीं हो गया? बस यही जानने के लिए आपको जगाने का दुस्साहस किया।पवनपुत्र ने कहा- प्रभु आपने क्या सपना देखा? कृपया बताइए। प्रभु राम ने कहा- मैंने देखा एक जगह पर बहुत सारे व्यक्ति इकट्ठे हैं और एक मंच पर बैठे कुछ लोग एक – एक करके उनके सामने अपनी बात रख रहे हैं।सभी लोग उनकी बातें सुनकर तालियाँ बजा रहे हैं। मंच पर बीच में बैठा हुआ व्यक्ति जब बोलने के लिए उठा तो सारे लोग काफी उत्साहित लग रहे थे।जानते हो उसने क्या कहा? पवनपुत्र ने कहा – प्रभु मुझे कैसे पता हो सकता है।आप ही बताइए।प्रभु राम ने कहा- वह व्यक्ति कह रहा था कि अब मैं अपने प्रभु राम को टेंट में नहीं रहने दूँगा। बहुत हो चुका।अब तो मंदिर बनकर रहेगा।पवनपुत्र मुझे लग रहा है कि मेरे दुर्दिन समाप्त होने वाले हैं। पवनपुत्र ने कहा- प्रभु वे नेता थे जो एक जन सभा को संबोधित कर रहे थे।दशकों से वे ऐसे ही भाषण देते आ रहे हैं।वह संबोधन लोगों के लिए था , आपके लिए नहीं। प्रभु राम ने पवनपुत्र से पूछा- तो क्या ब्रह्म मुहूर्त में देखा मेरा सपना असत्य हो जाएगा? मैंने तो सुना है कि सुबह के समय देखा गया सपना सच हो जाता है। पवनपुत्र बोले- प्रभु जी! गुस्ताखी माफ, पर जो सपना आपने देखा है उसके सच होने की कोई संभावना नहीं है। नेता ऐसा कोई काम नहीं करेंगे कि उनकी दुकान बंद हो जाए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1793 - फ्रांस ने ग्रेट ब्रिटेन और नीदरलैंड पर हमले की घोषणा की। 1797 - लार्ड कॉर्नवालिस ने बंगाल के गवर्नर जनरल के पद की शपथ ली। 1814 - फिलीपींस में ज्वालामुखी फटने से करीब 1,200 लोगों की मौत हुई। 1827 - कलकत्ता में बंगाल क्लब की स्थापना हुई। 1835 - मॉरीशस में गुलामी प्रथा को समाप्त किया गया। 1881 - दिल्ली के सबसे पुराने कॉलेज सेंट स्टीफन कॉलेज की स्थापना हुई। 1884 - डाक बीमा योजना की शुरूआत हुई। 1908 - पुर्तगाल के राजा कार्लोस (प्रथम)और उनके बेटे राजकुमार लुइ फिलीप की लिस्बन में हत्या। 1917 - बॉलीवुड के महान चरित्र कलाकार ए के हंगल का जन्म। 1924 - ब्रिटेन ने सोवियत संघ (यूएसएसआर) को मान्यता दी।

आरबीआई, चुनाव आयोग के कड़े विरोध की अवहेलना, भाजपा हुई मालामाल

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। राजनैतिक दलों को इलेक्ट्रोरल बॉन्ड के जरिये चंदा इकट्ठा करने के प्रावधान देशी विदेशी और फर्जी कम्पनियों से चंदा हासिल कर काला-धन खपाने का बड़ा हथकंडा है।

चुनाव आयोग और रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया की चेतावनी और ज्यादातर राजनैतिक दलों के विरोध के बाद भी इसे उच्च सदन की अवहेलना करते हुए लोकसभा से पास कर लागू कर दिया गया। इसका सबसे ज्यादा फायदा भाजपा को हुआ है जिसके पास इतना चंदा आ रहा है जो बाकी सारे दलों के चंदे से भी ज्यादा है।

यह बात बिलासपुर प्रेस क्लब की ओर से आईएएम भवन में आयोजित 'एक संवाद' कार्यक्रम में दिल्ली से पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार नितिन सेठी ने यह बात कही। उन्होंने इलेक्ट्रोरल बॉन्ड पर एक घंटे तक विस्तार से बात की और सूचना के अधिकार के तहत निकाले गये कई दस्तावेज दिखाये जिनसे अपनी बातों की पुष्टि की।

नितिन सेठी मूलतः अरूणाचल प्रदेश से हैं और पिछले 20 सालों से दिल्ली में पत्रकारिता कर रहे हैं।

उन्होंने अनेक बड़े अख़बारों, वेबसाइट और मैगजीन पर निर्भीक लेख लिखे हैं। सेठी ने कहा कि राजनैतिक दलों को 20 हजार रुपये से अधिक के चंदे को उजागर करना होता था। 20 हजार रुपये से अधिक के चंदे को नगद लेने की मनाही भी थी। चेक या ड्रॉफ्ट के जरिये हासिल होने वाले चंदे से यह मालूम किया जा सकता था कि किस कम्पनी, संगठन या व्यक्ति ने किसी राजनैतिक दल को कितना चंदा दिया। यह भी प्रावधान था कि कोई भी कम्पनी या व्यक्ति अपने मुनाफे के 7.5 प्रतिशत से अधिक रकम राजनैतिक दलों को देने के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकता। इसमें भी गड़बड़ियां होती थीं, राजनैतिक दल 20 हजार रुपये से कम का चंदा कई लोगों के नाम पर दिखा दिया करते थे लेकिन काफी हद तक यह पता लग जाता था कि किस दल के पास किससे, कितना पैसा आया। साथ ही सिर्फ मुनाफे में चल रही कम्पनियों से चंदा लिया जा सकता था। घाटे में चलने वाली कम्पनियों को चंदा देने की छूट ही नहीं थी। यह इसलिये कि घाटे में चलने वाली कम्पनी कुछ स्वार्थ के लिए चंदा दे सकती हैं।

सेठी ने कहा कि सन् 2017 में इलेक्ट्रोरल बॉन्ड लाकर मोदी सरकार ने राजनैतिक दलों के चंदा लेने की पूरे नियम ही पलट दिये। इसमें प्रावधान है कि कोई भी कम्पनी, चाहे वह संदिग्ध हो- बॉन्ड खरीदकर किसी राजनैतिक दल को एक हजार रुपये लेकर एक करोड़ रुपये तक दे सकती है। यह चंदा किससे मिला यह बताने के लिए कोई राजनैतिक दल बाध्य नहीं है। यह स्टेट बैंक भी नहीं बतायेगा कि बॉन्ड किस कम्पनी ने खरीदा है। बॉन्ड में कुछ ऐसा नहीं लिखा जायेगा कि आप पता कर सकें। यह प्रावधान भी खत्म कर दिया गया कि बॉन्ड सिर्फ मुनाफा कमाने वाली कम्पनी खरीद सकती है।

देशी-विदेशी कोई भी कम्पनी चाहे वह घाटे में ही क्यों न हो, बॉन्ड खरीदकर भारी रकम ऐसे किसी दल को दे सकती है जिससे जुड़कर उसे अपना हित दिखाई देता हो। बॉन्ड के जारी होने के बाद भाजपा को मिलने वाला चंदा दुगना हो गया। उसे बॉन्ड के जरिये दिये गये चंदे का 90-95 प्रतिशत हिस्सा मिला है। राजनैतिक दलों को 60 प्रतिशत से अधिक रकम बॉन्ड के जरिये ही मिली है।

कोरोना वायरस को लेकर प्रशासन अलर्ट, जिले में किया पुख्ता इंतजाम

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। कोरोना वायरस की छत्तीसगढ़ में दस्तक के बाद, जिले में स्वास्थ्य विभाग हाईअलर्ट है। बदलते मौसम के साथ सिम्स ओपीडी एवं जनरल वार्ड में मरीजों की संख्या में अचानक इजाफा हो गया है। देश के विभिन्न् हिस्सों में कोरोना वायरस के संदिग्ध मरीज मिलने से स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव के निर्देश पर जिले में सिम्स, जिला अस्पताल, तथा शहर के सिटी डिस्पेंसरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों अलर्ट जारी कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग लोगों को इस बीमारी से बचने के लिए जागरूक रहने के साथ एहतियात बरतने को कहा जा रहा है।

पिछले दिनों चीन से लौटी एक महिला में कोरोना वायरस से मिलते-जुलते लक्षण पाए गए थे। इसकी पुष्टि राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी की है। कहा जा रहा है कि इस बीमारी से बचने के लिए अभी का कोई भी दवा व टीका नहीं बना है। ऐसे में इस बीमारी को बड़े गंभीरता से लेते हुए जिला स्तर पर अलर्ट जारी किया गया है।

कोरोना वायरस आमतौर पर जानवरों में पाया जाने वाला वायरस है। चीन से मनुष्यों में फैलने के बाद अब तक अन्य देशों में।भी इसके पीड़ित पाए गए हैं। साथ ही हाल ही में दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद,



कोलकाता, जयपुर, उत्तराखंड समेत अन्य हिस्सों में संदिग्ध मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। इसकी वजह से बाहर देश की यात्रा करके लौटने वाले लोगों की विशेष जांच करने के भी निर्देश दिए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों को कोरोना के लक्षण मिलने वाले मरीजों की पहचान करने के साथ ही जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि कोई संदिग?ध मिलता है तो इस रोग के न फैलने की व्यवस्था की जा सके।

मौसम बदलने के साथ साथ क्षेत्र में। मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है ।आज ही सिम्स ओपीडी में 650 से अधिक मरीज का उपचार किया गया वहीं वार्डों में बेड की कमी होने से उपचार के लिए भर्ती हुए मरीजों को नेत्र वार्ड में शिफ्ट किया गया।

यह है लक्षण

कोरोना वायरस का प्रमुख लक्षण सर्दी, खांसी, बुखार, गले में खराश, सिर दर्द मुख्य है। बाद में दिक्कत बढ़ने के साथ ही निमोनिया होता है, किडनी को नुकसान पहुंचाने के साथ फेफड़ों को भी संक्रमित करता है और इससे मनुष्य की मौत हो जाती है।

इस तरह फैलता है संक्रमण

कोरोना वायरस संक्रमण के जरिये एक से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचता है। इसके बाद दूसरा व्यक्ति भी इससे ग्रसित हो जाता है। संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से हवा द्वारा भी फैलता है। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने, छूने व हाथ मिलाने से भी व्यक्ति संक्रमित हो जाता है।

इस तरह से बचें

सामान्य सर्दी, खांसी, बुखार आने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क में आने से बचें। खाना खाने से पहले व समय-समय पर साबुन से हाथ धोते रहें। दिक्कत आने पर डॉक्टरी परामर्श व उपचार तत्काल लें।

कोटा विकास खण्ड शिक्षा विभाग के बाबू को एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते पकड़ा

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। ब्लाक शिक्षा अधिकारी आफिस के बाबू को एसीबी की टीम ने 4 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हांथ पकड़ा, क्लर्क ने छात्र बीमा सुरक्षा राशि दिलाने मृत छात्र के पिता से रिश्वत मांग रहा था।

अक्टूबर 2019 में कोटा विकासखंड के ग्राम नवागांव के शासकीय स्कूल के छात्र अंकित यादव की एनीकट में डूबने से मृत्यु हुई थी, जिसके मृत्यु उपरांत शासन द्वारा मिलने वाली सहायता राशि 1 लाख रुपये की प्राप्ति के लिए मृतक के परिवार के सदस्य दिलहरन यादव ने कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोटा में आवेदन दिया था। मृतक के परिवार वालों से सहायता राशि प्रदान करवाने के एवज में कोटा विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 बेदुराम कैवर्त्य ने 4000 रिश्वत की माँग कर रहा था जिसके समक्ष माली हालत ठीक नही होने की बात कही और उन्हें सहायता के रूप में काम करने की गुहार लगाता रहा, इस बाद भी बाबू उससे निरंतर पैसे की मांग कर रहा था। परेशान होकर दिलहरन यादव ने बिलासपुर एसीबी में की थी। जाँच में सत्यता पाए जाने के उपरांत आज आरोपी अपने ही कार्यालय में प्रार्थी से रिश्वत की रकम 4000 लेते हुए एसीबी बिलासपुर की टीम द्वारा रँगे हाथ गिरफ्तार किया।इस कार्यवाही में बिलासपुर एसीबी टीम के डीएसपी आदित्य हीराधर, टीआई के के शुक्ला, अंशुमान सिंह, आरक्षक निसार परवेज़, अमित नट शामिल थे।

एकल क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार की संभागीय बैठक 5 को

बिलासपुर। एकल क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के गठन उपरांत परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के निर्देश पर एकल क्षेत्रीय प्राधिकार द्वारा बिलासपुर संभाग के जिलों के लिये 5 फरवरी 2020 को सुनवाई नियत की गई है। जिसमें परमिट नवीनीकरण, परमिट पर वाहन प्रतिस्थापन, प्रतिहस्ताक्षर के नवीन प्रकरण एवं प्रतिहस्ताक्षर नवीनीकरण का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण होगा। बिलासपुर संभाग से परमिट नवीनीकरण के लिये 37 एवं नवीन प्रतिहस्ताक्षर के कुल 02 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। इसके लिये एजेंडा का प्रकाशन कर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। एजेण्डा परिवहन विभाग के वेबसाईट 222.ष्द्बह्लह्डठ्ठह्यश्चश्रह्म्.द्दश1.द्वठ्ठ से डाउनलोड कर सकते हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा द्वारा इस संबंध में आपरेटर्स एवं आवेदकों की बैठक लेकर चर्चा की गई। परिवहन मुख्यालय रायपुर में आयोजित बैठक में आवेदकों से प्राप्त आवेदन के संबंध में कोई कर बकाया नहीं, धारा 86 का कोई प्रकरण लंबित न होने का प्रमाण पत्र एवं समस्त औपचारिकता पूर्ण कर उपस्थित होने की अपील की गई है।

जिला पंचायत के निर्वाचित सदस्यों को कलेक्टर ने प्रमाण पत्र प्रदान किया

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन अंतर्गत बिलासपुर जिले में प्रथम चरण में बिल्हा और मस्तूरी क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य हेतु सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणामों की घोषणा आज की गयी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.संजय अलंग ने निर्वाचित अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में आज नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-1 बिल्हा की श्रीमती स्मृति त्रिलोक श्रीवास, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-2 बिल्हा की गोदावरी बाई कमल सेन, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-3 बिल्हा के अंकित गौरहा, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-4 बिल्हा की गौरी तुलसी बघेल, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-5 बिल्हा के संदीप योगेश यादव को निर्वाचन प्रमाण पत्र

प्रदान किया। इसी तरह जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-10 मस्तूरी की नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नूरी दिलेन्द्र कौशिल, क्षेत्र क्रमांक-11 मस्तूरी के राहुल सोनवानी, क्षेत्र क्रमांक-12 की श्रीमती चांदनी भारद्वाज, क्षेत्र क्रमांक-13 मस्तूरी के राजेश्वर भार्गव, क्षेत्र क्रमांक-14 मस्तूरी की श्रीमती किरण संतोष यादव को निर्वाचन प्रमाण पत्र कलेक्टर द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित कुमार गुप्ता डिप्टी कलेक्टर, श्रीमती अंशिका पाण्डेय सहित निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी तथा नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

मनीष दत्त सम्मान समारोह एवं काव्य संगीत स्पर्धा कल से

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। काव्य भारती परिवार की ओर से 2 फरवरी को मनीष दत्त सम्मान समारोह एवं संगीत प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। काव्य भारती के संस्थापक मनीष दत्त के शिष्य, जाने-माने बॉलीवुड संगीतकार अर्नब चटर्जी एवं डॉ अजय श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बिलासपुर प्रेस क्लब मे कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी।

चटर्जी ने बताया कि वे इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए मुंबई से आज ही बिलासपुर पहुंचे हैं। मनीष दत्त ने देश के महान कवियों की 2000 रचनाओं को संगीतबद्ध किया है और उनके सैकड़ों शिष्यों ने देश-विदेश मे अच्छा मुकाम हासिल किया है। दत्त को बहुत पहले ही पद्मश्री और पद्म विभूषण जैसा सम्मान मिल जाना चाहिए था लेकिन यह संभव नहीं हो सका इसलिए हम शिष्य उनके सम्मान में ऐसा आयोजन कर रहे हैं। उन्होने बताया कि पहला मनीष दत्त सम्मान समारोह वर्ष 2016 मे रखा गया था जिसमें संगीतकार विनोद श्रीवास्तव एवं कवि डॉ विजय सिन्हा सम्मानित किए गए थे। यह दूसरा आयोजन है। इस बार डॉ सपना चक्रवर्ती, डॉ सुप्रिया भारतीयन, डॉ आयना घोष चटर्जी, अखिलेश पांडे, सविता कुछ्वाहा एवं चन्दना चौधरी को सम्मानित किया जाएगा।

अर्नब चटर्जी ने आगे बताया कि सम्मान समारोह शाम 6 बजे प्रियदर्शनी हाल, इन्दिरा विहार, एसईसीएल, बिलासपुर मे रखा गया है। इससे पूर्व यहीं पर दोपहर 2 बजे से काव्य भारती संगीत प्रतियोगिता होगी जिसमें प्रतिभागी, काव्य भारती द्वारा ही तैयार किए गए संगीत पर आधारित गीतों की प्रस्तुति देंगे। इसके लिए अभी तक 40 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हो चुकी हैं।

गलत तरीके से प्रदूषण प्रमाण पत्र देने वाले दो प्रदूषण जांच केंद्र का लाइसेंस रद्द

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। पिछले दिनों एडिशनल एसपी उदय किरण ने प्रदूषण फैला रहे वाहनों को फर्जी तरीके से प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी किए जाने का मामला पकड़ा था। इसके साथ ही परिवहन विभाग ने भी ऐसा ही एक मामला पकड़ा था। दोनों प्रदूषण जांच केंद्र को परिवहन विभाग ने सीज कर दिया था। डीटीओ ने दोनों पक्षो को सुनवाई का अवसर दिया। जिसके पश्चात शुक्रवार को दोनों वाहन प्रदूषण जांच केंद्र का लाइसेंस निलंबित कर दिया है।साथ ही 5000-5000 रु. का अर्थदंड भी अधिरोपित किया है।

पिछले दिनों अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदय किरण अपने दौर पर जमनीपाली की ओर जा रहे थे। इस बीच उनकी नजर एक अत्यधिक धुआं निकालने वाली टाटा इंडिका कार पर पड़ी। एएसपी ने उक्त प्रदूषण फैला रहे वाहन को रुकवाकर दस्तावेज की जांच की। कार चालक ने 2024 तक के लिए जारी प्रदूषण नियंत्रण का प्रमाणपत्र एएसपी को दिखाया, जिसे देख वे भी चौंक गए। उक्त प्रमाणपत्र जारी करने वाले के संबंध में जानकारी लेकर एएसपी ने तत्काल जिला परिवहन अधिकारी वीएन पाटले से संपर्क कर कार्रवाई के लिए कहा। आरटीओ के निर्देश पर परिवहन प्रवर्तन प्रभारी एसके झा ने चलित प्रदूषण जांच वाहन क्रमांक सीजी 12 एएन 3722 तथा सीजी 12 एवी 0140 की पड़ताल की। जांच के दौरान पाया गया कि दोनों वाहन में प्रदूषण की मात्रा जांच करने के लिए सक्षम नहीं हैं। इसके बावजूद कंप्यूटर व आंकड़ों में हेरफेर कर प्रदूषण मुक्त वाहन का प्रमाणपत्र बांटते फिर रहे थे। तकनीकी रूप से स्वयं त्रुटिपूर्ण चलित प्रदूषण जांच वाहन के इस तरह फर्जी प्रमाणपत्र बांटे जाने को गंभीरता से लेते हुए परिवहन प्रवर्तन प्रभारी ने दोनों वाहनों को सीज कर दिया है। वाहनों को धारा 207 के तहत जब्त कर चालानी कार्रवाई की गई थी। झा ने बताया कि जिस टाटा इंडिका वाहन को प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र दिया गया था, उसे भी निरस्त कर दिया गया था। गलत तरीके से परमं पात्र जारी करने वाले दोनों पीयूसी का लाइसेंस निलंबित कर दिया है।साथ ही 5000-5000 रु. का अर्थदंड भी अधिरोपित किया है।

बिलासपुर-तिरूपति एक्सप्रेस में अतिरिक्त स्थायी कोच की सुविधा में संशोधन

बिलासपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा गाडियों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड को ध्यान में रखते हुए उनकी सुविधा हेतु गाडी संख्या 17481/17482 बिलासपुर-तिरूपति एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त शयनयान कोच की सुविधा स्थायी रूप से प्रदान की जा रही है। यह सुविधा गाडी संख्या 17481 बिलासपुर-तिरूपति एक्सप्रेस में बिलासपुर से दिनांक 4 फरवरी, से तथा गाडी संख्या 17482 तिरूपति-बिलासपुर एक्सप्रेस में से तिरूपति 2 फरवरी, से उपलब्ध रहेगी।

जिले के लिये तीन स्थानीय अवकाश घोषित

बिलासपुर। कलेक्टर डॉ.संजय अलंग द्वारा आदेश जारी कर बिलासपुर जिले के लिये वर्ष 2020 हेतु तीन स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जिसमें गणेश चतुर्थी पर्व 22 अगस्त दिन शनिवार, महाअष्टमी/महानवमी पर्व 24 अक्टूबर दिन शनिवार और भाई दूज पर्व 16 नवंबर दिन सोमवार को स्थानीय अवकाश रहेगा।

न्यायालय तहसीलदार
बिलासपुर (छ. ग.)
ईश्तहार

क्रमांक /क./तह./ वाचक-1/20
बिलासपुर दि. ..../..../2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका आशीष थवाईत पिता/पति बलराम निवासी बिलासपुर द्वारा छ. ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक / एफ-4-07/ सात-1/2019 दिनांक 11.09. 2019 नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के व्यवस्थापन योजना के अनुसार कलेक्टर महोदय बिलासपुर के समक्ष मौजा तिफरा पटवारी हल्का नं. 40 तहसील बिलासपुर स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 1405/2 में से रकबा 400 वर्गफुट भूमि के भू-आवंटन/पट्टा प्रदाय करने हेतु आवेदन किया गया है। जांच एवं प्रतिवेदन के लिए इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो, तो मेरे न्यायालय में दि. 01/02/2020 को सुबह 11 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किए जावेंगे।

आज दि. 17/01/2020 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

आवेदक गौरव महोबिया के स्थान पर आशीष थवाईत द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

सील

तहसीदार
बिलासपुर (छ. ग.)

न्यायालय तहसीलदार
बिलासपुर (छ. ग.)
संशोधित ईश्तहार

क्रमांक /क./तह./ वाचक-1/20
बिलासपुर दि. ..../..../2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका डी. डी. बजाज पिता/पति कन्हैया लाल बिलासपुर द्वारा छ. ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक / एफ-4-07/ सात-1/2019 दिनांक 11.09. 2019 नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के व्यवस्थापन योजना के अनुसार कलेक्टर महोदय बिलासपुर के समक्ष मौजा तिफरा पटवारी हल्का नं. 40 तहसील बिलासपुर स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 1416/15 में से रकबा 7500 वर्गफुट भूमि के भू-आवंटन/पट्टा प्रदाय करने हेतु आवेदन किया गया है। जांच एवं प्रतिवेदन के लिए इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो, तो मेरे न्यायालय में दि. 01/02/2020 को सुबह 11 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किए जावेंगे।

आज दि. 17/01/2020 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील

तहसीदार
बिलासपुर (छ. ग.)

न्यायालय तहसीलदार
बिलासपुर (छ. ग.)
संशोधित ईश्तहार

क्रमांक /क./तह./ वाचक-1/20
बिलासपुर दि. 16/01/2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका महेश दुहलानी पिता शंकरलाल, आशीष पिता बलराम बिलासपुर द्वारा छ. ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक / एफ-4-07/ सात-1/2019 दिनांक 11.09. 2019 नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के व्यवस्थापन योजना के अनुसार कलेक्टर महोदय बिलासपुर के समक्ष मौजा तिफरा पटवारी हल्का नं. 40 तहसील बिलासपुर स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 373 में से रकबा 0.621 भूमि के भू-आवंटन/पट्टा प्रदाय करने हेतु आवेदन किया गया है। जांच एवं प्रतिवेदन के लिए इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो, तो मेरे न्यायालय में दि. 01/02/2020 को सुबह 11 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किए जावेंगे।

आज दि. 17/01/2020 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील

तहसीदार
बिलासपुर (छ. ग.)

सोशल मीडिया पर गरमाया अवैध कटाई का मामला, विभाग हुआ सतर्क की जा रही कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। वनांचल क्षेत्र समनापुर अंजना का बीट क्रमांक 345 कुछ वर्षो से अवैध कटाई व वृक्षो में की गई गल्डिंग को लेकर यह मामला सुरखियो में बना रहा है। वर्तमान स्थिति में जहां 10 से 12 वृक्षो की अवैध कटाई पट्टे के नाम पर हुई है वही अब यह कटाई का मामला सैकडो मे बताया जा रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से रेंगाखार, समनापुर, अंजना के बीट क्रमांक 345 में सैकडो से ज्यादा वृक्षो की अवैध कटाई को लेकर खबरे आ रही थी। वहीं विभाग सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार महज 10 से 12 वृक्षो की जहां अवैध कटाई हुई है वहीं दर्जन भर वृक्षो में गल्डिंग के स्थिति में पाया गया है। वह भी इसकी जानकारी निरक्षण के दौरान विभाग को मिली और इस पर कार्यवाही भी तत्काल प्रारंभ किया जा चुका है। साथ ही वृक्षो की कटाई को लेकर अब कुछ सोशल मीडिया में 300 से भी ज्यादा वृक्षो की कटाई होने की बात कही जा रही है। विभागीय सूत्रो के अनुसार आकस्मिक निरक्षण के दौरान

विभाग को जब इस स्थिति का पता लगा तो उन्होने वनो की सुरक्षा को लेकर मुस्तैदी बढ़ा दी है। और इसके साथ ही रात्रि में गस्त भी किया जा रहा है। एक ओर जहां इस मामले में कार्यवाही जारी है वही अब कबीरधाम जिले के अतंर्गत आने वाले वन्यक्षेत्रो को लेकर विभाग ने भी कमर कस्ते हुए विभागी अधिकारी कर्मचारियो को कडी कार्यवाही करने व वनो की सुरक्षा को बनाए रखने निर्देष भी दिए है। माना जा रहा है कि ज्यादातर पट्टो की लालच में वनो की कटाई भी की गई है। तो इसके साथ ही ऐसा भी मामला वनांचल क्षेत्रो से सुनाई में आ रहा है कि जिन्हे पट्टे मिलने वाले वे अब अपना दायरा बढाने भी वृक्षो की कटाई करने में लगे हुए है। हालाकि विभाग अब ऐसे लोगो को चिन्हांकित भी कर रहे है। वर्तमान में जहां अवैध कटाई के मामले को लेकर व निर्धारित पट्टे के अलावा बढाए जा रहे रकबे को लेकर भी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में वर्ष 2020 के प्रारंभिक माह जनवरी में वनमण्डलाधिकारी के निर्देशानुसार आकस्मिक बिट निरीक्षण में रेंगाखार परिक्षेत्र अंतर्गत अंजना और समनापुर बीट के निरीक्षण के निर्देश दिए गए। इसके लिए वहां के उपमण्डल अधिकारी सहसपुर लोहारा के द्वारा चार दलों का गठन किया गया। इस दल में वनमण्डलीय उडनदस्ता की टीम परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा की टीम, परिक्षेत्र खारा की टीम और परिक्षेत्र रेंगाखार की टीम को शामिल किया गया। इन दोनो परिसर अंजना और समनापुर में सघन क्षेत्रीय भ्रमण करने पर जांच के दौरान वहां के लोगों को जो वन अधिकार पत्र मिला है। उनके वन अधिकार पत्र क्षेत्र अंतर्गत चार-पांच वर्ष पुराने गल्डिंग किए हुए पेड़ खड़े पाए गए है और कुछ पेड कटे हुए भी मिले।

न्यूज गैलरी

वाहन की ठोकर से बाइक सवार मृत

महासमुंद। बुधवार शाम बसना थाना क्षेत्र के छांदनपुर तिराहे में अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा घायल हो गया। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। छुवालीपतेरा निवासी मृतक राजकुमार भारती गांव के अमृतलाल पटेल के साथ बसना गया था शाम को वापस लौटते वक्त छांदनपुर तिराहे के पास अजात वाहन की ठोकर से घायल हो गया उन्हें उपचार के लिए बसना सीएचसी लाया गया था। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर। घायल अमृतलाल पटेल का उपचार जारी है।

बस स्टैंड में युवक से शराब जब्त

महासमुंद। पटेवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर झलप बस स्टैंड में एक युवक से शराब जब्त की। पुलिस ने बताया कि रायपुर सांई नगर जोरा निवासी रत्नाकर साहू पिता दयामणी साहू (44) एक थैले में बिक्री करने शराब लेकर रायपुर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा। युवक के पास से कुल 19 पौव्वा अंग्रेजी शराब कीमत करीब 1520 रूपए जब्त कर आबकारी एक्ट 34(1) के तहत कार्रवाई की।

बाइक में नहीं बिठाया तो कर दी पिटाई

महासमुंद। बाइक में बैठाने से मना करने पर गांव के युवक ने अपने ही पड़ोसी की पिटाई कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। युवक ने पुलिस को बताया कि 26 जनवरी की शाम वह बाइक से स्कूल से वापस गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्तें में राजू यादव ने बाइक में बिठाने के लिए कहा तीन सवारी बैठाने से मना करने पर राजू ने रात में उसके साथ मारपीट कर दी।

दो लोगों से अवैध शराब बरामद

महासमुंद। बागबाहरा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में एक युवक और एक महिला से करीब 67 सौ रूपए कीमती अवैध शराब बरामद की। जानकारी के मुताबिक जुनवानी कला निवासी ललित ध्रुव पिता राधेलाल ध्रुव (38) बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएल 7890 से एक प्लास्टिक बोरे में भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब लेकर गांव जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने युवक को रास्ते में ही पकड़ा और जांच के दौरान उसके पास कुल सौ नग पौव्वा देशी प्लेन शराब जब्त की जिसकी कीमत 6000 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक जब्त आबकारी एक्ट धारा 34 (2) के तहत कार्यवाही की। इसी तरह दूसरे मामले में वार्ड 7 निवासी सुमित्रा निषाद पति स्वर्गीय माखन निषाद (32) द्वारा अवैध रुप से शराब बिक्री किए जाने की मिली शिकायत पर दबिश देकर आरोपी महिला के कब्जे से कुल 7 लीटर महुआ शराब जब्त कर आबकारी एक्ट 34(2) के तहत कार्यवाही की।

गंगा आरती के लिए उमड़ा शहर

महासमुंद। नगर की कुल देवी मां महामाया मंदिर में शतचंडी यज्ञ के छठवें दिन बसंत पंचमी के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी गंगा आरती का आयोजन हुआ। गुरुवार देर शाम पंडित पंकज तिवारी और मुख्य यजमान मनोजकांत साहू ने पंडितों को फूलमाला पहनाकर आरती प्रारंभ कराई। महामाया तालाब के चारों ओर शाम छह बजे से श्रद्धालुओं का तांता आरती देखने के लिए लगा रहा। कई श्रद्धालु स्वयं आरती के लिए दीपक लेकर मंदिर पहुंचे।

महापौर देशमुख ने दिलाई नशा मुक्ति के लिये शपथ

राजनांदगांव। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि एवं वीर शहीदो की स्मृति मे महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में नगर निगम द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि देकर उनके योगदानो का स्मरण कर नशा मुक्ति के संबंध में शपथ ली गयी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में शासन से प्राप्त निर्देश पर 30 जनवरी को निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभागृह में आयोजित श्रद्धांजली सभा में महापौर श्रीमती देशमुख द्वारा नशा मुक्ति के लिये निगम पदाधिकारियों सहित अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गयी। संकल्प लिया गया कि अपने छत्तीसगढ को विकसित राज्य बनाने अपने परिवार में हर्षोल्लास रखने, तन, मन, धन को सुदृढ़ बनाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सभी वर्ग के व्यक्तियों में नशापान के दुष्परिणामों को प्रचारित कर यथा संभव नशा पीड़ितों से व्यक्तिगत सम्पर्क कर उन्हें नशामुक्ति के लिए प्रेरित करूँगा।

पंचायत चुनाव में हारने के बाद, प्रत्याशी ने अपने बांटे हुए समान को वापस मांगा

नवप्रदेश संवाददाता

आरंग। आरंग विकासखंड में पंचायत चुनाव के बाद आज एक पंचायत में दिलचस्प नाजारा देखने को मिला है. एक तरफजीत की खुशी में जश्न का माहौल है, तो दूसरी ओर हार के बाद प्रत्याशी के घर गम का माहौल है.। घटना आरंग जनपद पंचायत क्षेत्र के भानसोज गांव की है जहाँ पंच प्रत्याशी मनोहर देवांगन ने अपने वार्ड के मतदाताओं को प्रलोभन देने कई घरेलू सामान बांटा था. जब वह हार गया, तो सभी लोगों से अपना सामान मांगने लगा. जिसके बाद सभी वार्डवासी एकत्रित हुए और बाजार में एक जगह ले जाकर सामान

को फेंक दिया है.। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां पंच पद के लिए एक ही परिवार से दो भाई खड़े हुए थे.

दोनों की आपस में बनती नहीं थी. यही वजह है कि दूसरा भाई मनोहर देवांगन चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को सामान बांटा था. जिसमें भारी मात्रा में साड़ी, मिक्सर ग्राइंडर, कुकर, कपड़े समेत कई सामान थे. लेकिन जब चुनाव के नतीजे सामने आए, तो उसे 114 वोट में से कुल 8 वोट मिले, यानी घर के भी वोट नहीं मिले. इस तरह उसकी बुरी हार हुई.।जिसके बाद वह गांव के लोगों को धमकी देने लगा और बांटे गए सामान को वापस मांगने लगा. गांव के सभी लोग एकजुट हुए और अपने-अपने घर से सामान लाकर बाजार में एक जगह फेंक दिया है. अब गांव के लोग उसके खिलाफ थाने में शिकायत करने की बात कह रहे हैं. वहीं पुलिस को भी सूचना दे दी गई है. इस घटना के बाद गांव में एक जगह भीड़ इकठ्ठा हो गई है. गांव के लोग आक्रोशित है, जबकि प्रत्याशी मनोहर देवांगन वहां से फरार हो गया है ।

देश की आजादी में बंग समाज की महती भूमिका : विधायक

महासमुंद। 31 जनवरी, कौशिक कॉलोनी में गुरुवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर बंग समाज उत्थान समिति द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। पूजन कार्यक्रम में विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर शामिल हुए। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा देश की आजादी में बंग समाज की महती भूमिका रही है। यही नहीं इस समाज द्वारा शहर में भव्य काली पूजा का आयोजन किया जाता है। इसलिए समाज को असंगठित कहना अतिश्योक्ति होगी। इस दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने सामाजिक भवन के लिए 5 लाख की घोषणा की। पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे लोग मिलकर ही एक अच्छे समाज का निर्माण करते हैं।

हाथी प्रभावित गांवों में सोलर लाइट लगाने सीएम से मिले विधायक

■ महासमुंद के सिरपुर इलाके के 58 गांव हैं हाथी प्रभावित

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। महासमुंद क्षेत्र के हाथी प्रभावित गांवों में सोलर लाइट लगाने की मांग को लेकर विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने इसके लिए वित्तीय वर्ष के बजट में राशि का प्रावधान करने की मांग भी की है।

विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि सिरपुर इलाके में पिछले कुछ सालों से हाथियों का आंतक बना हुआ है। जान माल के नुकसान के चलते इस क्षेत्र के लोग परेशान के साथ ही दहशत में हैं। लहंगर, गुडरुडीह, मोहकम, परसाडीह, केशलडीह, बंदोरा, खिरसाली, सुकुलबाय, बांसकुड़ा-1 व 2, बिरबिरा, खड़सा, पीढ़ी, भोरिंग, अछोली, अमलोर, मरौद, खमतराई, मालीडीह, पिरदा, केडियाडीह, चुहरी, बोरिद, नांदबारु, सेनकपाट, फुसेराडीह, छपोराडीह, खड़उपार, रायकेरा सहित 58 गांव हाथी प्रभावित है। अब तक हाथियों के हमले से 16 लोगों की मौत हो चुकी है। विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोग लगातार सौर उर्जा से चलित स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग कर रहे हैं। लिहाजा इसके लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 के बजट में राशि का प्रावधान करने की जरूरत है।

सिरपुर का हो समुचित विकास

विधायक श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री श्री बघेल से ऐतिहासिक नगरी सिरपुर के समुचित विकास कराने की ओर भी ध्यानाकर्षित कराया है। विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि सिरपुर को सिरपुर विकास प्राधिकरण एजेंसी के अधीन समाहित किया गया है। लेकिन उक्त एजेंसी द्वारा समुचित विकास नहीं किया जा रहा है। जबकि सिरपुर ऐतिहासिक व पुरातात्विक नगरी के साथ-साथ पर्यटक स्थल भी है। देश-विदेश से सैलानी सिरपुर भ्रमण के लिए आते हैं। उन्होंने स्ट्रीट लाइट के साथ गौरव पथ, फुटपाथ, डिवाइडर निर्माण, गार्डन, शापिंग काम्पलेक्स, तालाब सौंदर्यीकरण कराए जाने राशि स्वीकृत करने की मांग की है।

जीत के बाद महामाया मंदिर में की पूजा अर्चना

कसडोल। ग्राम पंचायत कटगी के नवनिर्वाचित सरपंच सुनिता विमल देवांगन ने महामाया मंदिर में पूजा-अर्चना पश्चात महामाया मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के भगवताचार्य पं राजेंद्र महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर विजय जुलूस जन सम्पर्क रैली निकालकर नगर भ्रमण किया । इस दौरान जगह-जगह आतिशबाजी, बाजे-गाजे के साथ उनका स्वागत किया गया, इस अवसर पर आयोजित सभा में सुनिता विमल देवांगन ने मतदाताओं का अभार व्यक्त करते हुए सदैव ग्राम पंचायत के विकास हेतु कार्य करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि विमल देवांगन अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी होने के अलावा देवांगन समाज के राष्ट्रीय स्तर के पद सहित विभिन्न पदों पर होने के साथ सामाजिक कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहते हैं जिसमें पिछली गर्मी के समय अपने स्वंय के खर्च से रोजाना ग्रामीणों को मुफ्त में कई टैंकर पानी बांटते थे ।

भू-माफियाओं में ऐसी मची होड़ की श्मशान घाट में भी कर लिया अतिक्रमण

तिल्दा-नेवरा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर घोषित आदर्श आचार संहिता लगते ही अतिक्रमणकारियों की बाढ सी आ गई है। इनमें अतिक्रमित भू माफ्यिाओं के लाईन में उद्योग भी लगे हुए हैं । जो श्मशान घाट को भी नहीं बक्श रहा है जिनके चलते प्रभावित पंचायत के ग्रामवासियों में अतिक्रमण कारियो व संयंत्र प्रबंधन के खिलाफआक्रोश ब्याप्त है स्थानीय ग्रामीण जन प्रशासन से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है इस मामले को लेकर पिछले दिनों ग्रामवासियों ने अतिक्रमण कारियो के खिलाफप्रदर्शन भी किये इस बीच नेवरा थाना ने मामले को शांत कराया भूमि अतिक्रमण का मामला ग्राम पंचायत सरोरा की है जहां की शासकीय भूमि पर आदर्श आचार संहिता लागू होते ही अवैध कब्जा का दौर ध्रुत गति से जारी है अवैध कब्जा में लिप्त भू माफ्यिाओं के साथ साथ इस क्षेत्र में संचालित संभव स्पंज आयरन एवं पांवर प्राईवेट लिमिटेड भी अग्रसर है ग्रामीण जनों के मुताबिक संचालित उद्योग के द्वारा श्मशान स्थल को भी नहीं बख्शा जा रहा है उनका कहना है कि संचालित उद्योग तीस से पैंतीस एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है जिसे इनके चंगुल से छुड़ाने की मांग की है गत दिनों ग्रामवासियों ने संयंत्र पर अवैध कब्जा किये जाने का आरोप लगाते हुए संयंत्र के सामने प्रदर्शन किया इस बीच नेवरा थाना के थाना प्रभारी शरद चंद्रा ने प्रदर्शन को नियमाविरूद्ध करार देते हुए भीड़ को शांत किया वहीं संयंत्र के द्वारा की जा रही निर्माण कार्य पर भूमि सीमांकन करने तक रोक लगाई गई इधर ग्रामवासियों ने कलेक्टर रायपुर एवं तहसीलदार तिल्दा को ज्ञापन सौंपकर प्रभावित भूमि की सीमांकन की मांग की है। संयंत्र पर अवैध कब्जा के आरोप के अलावा भू माफ्यिाओं पर भी आदर्श आचार संहिता के चलते बड़ी तादाद में अवैध कब्जा किये जाने का मामला सामने आया है ।

वार्षिक खेल प्रतियोगिता संपन्न

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव के क्रीड़ा विभाग द्वारा दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का अयोजन 24 एवं एवं 25 जनवरी को किया गया। 24 जनवरी को इंडोर प्रतियोगिता के अंतर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने छात्राओं को अपने संबोधन में शासन द्वारा दिए गए खेल सुविधाओं से अवगत कराया। साथ ही छात्राओं को अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

हमर अंगना-घरेलु हिंसा से महिलाओं की संरक्षण योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित

राजनांदगांव। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान ऑफ एक्शन वर्ष 2019-20 के तहत संविधान की प्रस्तावना तथा हमर अंगना-घरेलू हिंसा से महिलाओं की संरक्षण योजना के तहत विशेष कार्यक्रम प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साईंस कॉलेज के शिक्षक तथा विधार्थी और महिलाएं शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रथम चरण में भारत के संविधान की प्रस्तावना के संबध में साईंस कॉलेज के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विशेष रुप से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण मिश्रा ने बताया कि संविधान की प्रस्तावना द्वारा हमें सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक न्याय प्रदान किया गया है जिससे किसी भी व्यक्ति को वंचित नही किया जा सकता है। उक्त न्याय की सुरक्षा मौलिक अधिकार के रूप में सुनिश्चित की गयी है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को मौन धारण कर दी श्रद्धाजंलि



राजनांदगांव। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि तथा स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट में दो मिनट का मौन धारण किया गया। अपर कलेक्टर द्वय ओंकार यदु, हरिकृष्ण शर्मा सहित कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला कार्यालयों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम के अन्य अमर शहीदों को श्रद्धाजंलि दी। जिला पंचायत राजनांदगांव में भी शहीद दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धाजंलि दी। जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धाजंलि दी।

परंपरा | सशिमं में बसंत पंचमी और मातृ सम्मेलन का आयोजन

40 नवप्रवेशियों का पट्टी पूजन और विद्यारंभ संस्कार

महासमुंद। स्थानीय भलेसर मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी एवं मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में मां सरस्वती का पूजन, हवन एवं आरती की गई। इसमें आदर्श शिक्षा मण्डल समिति के सचिव घनश्याम सोनी, विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों के अभिभावक सम्मिलित थे। बाद 40 नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पट्टी पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार किया गया। उन्हें ग से गणेश, स से सरस्वती, म से महेश, ल से लक्ष्मी, एवं द से दुर्गा लिखवाया गया।

इसी कड़ी में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों, आचार्यों, अभिभावकों एवं समिति के सदस्यों ने वनांचल शिक्षा सेवा न्यास रायपुर के लिए एकत्रित समर्पण राशि मां सरस्वती के चरणों में समर्पित की। बाद विद्यालय के शिशु वर्ग के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की। इसमें जीविका देवांगन, ऐश्वर्या चन्द्राकर एवं साथी ने मेंहदी राचन लागो जी, तथा आराध्या ठाकुर, खुशी चन्द्राकर ने मैया यशोदा ये तेरा कन्हैया गीत पर बहुत ही सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया।

मातृ सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभिभावक विशाखा साहू, अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर एवं विशेष अतिथि शासकीय विद्यालय मचेवा की अध्यापिका एवं अभिभावक अंजु ध्रुव उपस्थित थे। इस अवसर पर माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अंजू ध्रुव ने विभिन्न क्रियाकलापों में भाग लेते हुए कहा कि ऐसी ही क्रियाकलापों से बच्चों में सीखने की क्षमता विकसित होती है। सरिता सेन, संध्या पद्मवार ने संबोधित किया।

माताओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें माचिस की एक तीली से दिया जलाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भारती हिरवानी, द्वितीय सुमित्रा कन्नौजे, तृतीय निर्मला यादव ने प्राप्त किया। इसी प्रकार गिलास से मीनार बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पद्मनी साहू, द्वितीय शीतल कुर्रे, तृतीय समशून नीशा ने प्राप्त किया।

जिन गलियारों में गूंजता था कभी लाल सलाम, अब गूंज रहा देश भक्ति का तराना

बीहड़ के जो माशूम कहते थे कभी लाल सलाम, अब गुनगुना रहे वंदेमातरम

नवप्रदेश संवाददाता

कोण्डागांव। यु तो बस्तर में नक्सली धमक की गूंज आज भी अपनी दस्तक देती रहती है, लेकिन आज उनके कदम लड़खड़ाने लगे है। कारण है लगातार बीहड़ व पहुंच विहीन क्षेत्रों तक शासन प्रशासन की योजनाओ का क्रियान्वयन होना ,अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन प्रशासन का लाभ पहुंचाने की कोशिश करना। जिसका परिणाम है कि अब लाल गलियारों के भटके हुए लोग भी मुख्यधारा में शामिल हो शासन प्रशासन पर विस्वाश कर रहे हैं। संवेदनशील क्षेत्र के मासूम ननिहालो के मन में कभी गोलियों की आवाज व लाल सलाम की गूंज गूंजती रहती थी,अब उन बीहड़ संवेदनशील कहे जाने वाले क्षेत्रों के बच्चो के हाथों में किताब व वीरान पड़ी स्कूलो में रौनक लौट आई है।

पहले फोर्स के जवानों को देख ग्रामीण भयभीत होने थे,लेकिन अब परिदृश्य कुछ और है। जवानों ने क्षेत्र से नक्सल समस्या उन्मूलन के लिये ग्रामीणों व सासन के बीच की खाई को दूर करते क्षेत्र में शिक्षा स्वास्थ्य व सरकार की जनहितकारी योजनाओं का हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाना प्रारंभ किया जिसका नतीजा आज सुखद नजर आ रहा है। जिन विद्यालयों से शिक्षक भयवश नदारद रहते थे उन

विद्यालयों में जवानों ने बच्चों को पढ़ाने की कमान संभाली,जिसका नतीजा रहा कि अब शिक्षक भी संवेदनशील क्षेत्रों के स्कूलो में बेख़ौफ़ आने लगे है,जिसके चलते विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ने लगी। जीन गांवों में नक्सली सालों तक राष्ट्रीय पर्वो पर काला झंडा फहराते थे, उन गांव के ग्रामीण भी अब पुलिस प्रशासन व अन्य सुरक्षा एजेंसियों की पहल पर कार्यक्रमो में शामिल हो राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने लगे है।सालों तक जिन मासूम बच्चों के मन में नक्सल खौफ व आतंक के चलते गोलियों की आवाज़ व लाल सलाम का ककहरा गूंजता था ,वे बच्चे व ग्रामीण अब राष्ट्रीय पर्व के मौके पर देश भक्ति के तराने गुनगुनाने लगे है। संवेदनशील क्षेत्रो में राष्ट्रीय पर्व मनाने सैकड़ों लोगों की उपस्थिति के बीच बच्चों के देशभक्ति की धुनों पर थिरकना लाल गलियारों में अब बदलाव व विकास के संकेत दे रही है।

अब बच्चें गुनगुनाते है देशभक्ति के तराने, स्कूलो में गूंज रहा ककहरा

जिले का धुर नक्सल प्रभावित मर्दापाल क्षेत्र के संवेदनशील ग्राम हडेली,कडेनार जैसे क्षेत्र जहाँ वर्षों तक लालआतंक के साए में नक्सली अपनी सरकार चला रहे थे,जहाँ स्वतंत्रता, गणतंत्र दिवस शून्य साबित था। आज सरकार की नीतियों के चलते नक्सल समस्या धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है , संवेदनशील क्षेत्रो के लोग पर अब आइटीबीपी सीआरपीएफ व पुलिस प्रशासन लोगों का विस्वास जितने में कामयाब नजर आ रही है।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के द्वितीय चरण में जिले में 59 प्रतिशत मतदान

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण में आज कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल विकासखण्ड में मतदान संपन्न कराया गया, जिसमें लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मतदान के निर्धारित समय दोपहर 02 बजे तक कांकेर जिले में 59.02 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड में 61.25 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इस विकासखण्ड में 18 हजार 737 पुरूष एवं 19 हजार 591 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के 88 मतदान केन्द्रों में 56.79 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इनमें 11 हजार 939 पुरूष एवं 12 हजार 856 महिला शामिल है। जिले में 59.16 प्रतिशत पुरूष और 58.90 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इनमें 30 हजार 676 पुरूष तथा 32 हजार 447 महिला मतदाता शामिल है। इस प्रकार पुरूष मतदाताओं की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में बढ़चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

5-5 किलो के 2 आईआईडी बम बरामद, जवानों ने किया निष्क्रिय

कांकेर। अंतागढ़ के ताड़ोकी थाना इलाके में नक्सलियों के लगाए 5-5 किलोग्राम के 2 आईआईडी बरामद किए गए हैं. सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए ये आईआईडी लगाए गए थे, जिसे जवानों ने निष्क्रिय कर दिया है. माओवादियों ने आलपरस और आमगांव के बीच आईआईडी प्लांट कर रखा था, जिसे सर्चिंग पर निकले जवानों ने बरामद कर निष्क्रिय कर दिया है. बता दें कि इलाके में 3 फरवरी को पंचायत चुनाव के लिए मतदान होने हैं. नक्सलियों ने पंचायत चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया है।

शासन की योजनाओं को जिले के अंदरूनी क्षेत्रों तक पहुंचाये : प्रभारी सचिव

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। कृषि विभाग के सचिव तथा रजिस्ट्रार सहकारी संस्थाएं और कांकेर जिले के प्रभारी सचिव श्री धनंजय देवांगन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर सरकार की जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं को जिले के अंदरूनी क्षेत्रों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि गौठानों में किसानों से पैरादान करायें, जिससे पशुओं को चारा आसानी से मिल सकेगा। उन्होंने नरवा योजना के तहत् जिले में बनाये जा रहे चेक डेम और नाला बंधान निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। वन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में 18 हजार हेक्टेयर में बिगड़े वन को सुधार करने के लिए फलदार पौधे लगायें। जिले के किसानों के बाड़ियों में सालभर सब्जी उत्पादन हो सके, इसके लिए उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक को बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी सचिव ने परलकोट बांध से 05 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता में वृद्धि के लिए मनरेगा से नहर मरम्मत करने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव श्री देवांगन ने मत्स्य पालन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मनरेगा के माध्यम से बनाई गई डबरी निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उपस्थित सहायक मत्स्य अधिकारी एम.एल. नेताम द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उनके दो वेतन वृद्धि रोकने शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर श्री के.एल. चौहान को दिए।

बकायादारों के नाम किए जाएंगे सार्वजनिक

कोरबा। नगर पालिक निगम कोरबा के सम्पत्तिकर एवं भवन दुकान किराया आदि के 25 हजार रूपये से अधिक की बकाया राशि के बकायादारों के नाम समाचार पत्रों, टी.व्ही.चैनलों, फ्लैक्स एवं होर्डिंग आदि के माध्यम से प्रकाशित कर सार्वजनिक किए जाएंगे, इन बड़े बकायादारों को निगम द्वारा अंतिम अवसर देते हुए कहा गया है कि वे तुरंत बकाया राशि निगम कोष में जमा कराएं तथा जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। आयुक्त राहुल देव ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में निगम के राजस्व अधिकारियों की बैठक ली तथा राजस्व वसूली कार्यो की कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान आयुक्त श्री देव ने राजस्व वसूली की जोनवार एवं वार्डवार समीक्षा करते हुए राजस्व वसूली की धीमी प्रगति तथा करदाताओं विशेषकर बड़े बकायादारों द्वारा करों की राशि का भुगतान समय पर न करने पर अफसोस जाहिर करते हुए राजस्व वसूली कार्यो में अपेक्षित गति लाने एवं वसूली के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के संबंध में कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए।

11 प्रत्याशियों को पछाड़कर हेमनारायण ने दर्ज की जीत

- पहला नेता जिन्होंने अपने क्षेत्र के मतदाताओं से कहा 24 घण्टे सेवा मिलेगा
- जीत को बताया जनता कार्यकर्ताओ की जीत

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। छात्र जीवन से स्कूल कालेज के छोटे बड़े चुनाव से जुड़कर कांग्रेस के कट्टर सिपाही बनकर कांग्रेस के झंडे बाधने से लेकर अपने गांव गोविंदपुर से अपनी माता को दो बार जनपद सदस्य निर्वाचित करने के बाद 2020 में जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 2 से ताल ठोककर कुल 11 उम्मीदवारो को पराजित कर 5560 मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले युवा नेता हेमनारायण गजबल्ला ने अपनी शानदार जीत को जनता की जीत बताई है ।नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य हेमनारायण गजबल्ला निर्वाचन होने के पश्चात गजबल्ला ने मीडिया से रूबरू होते कहा कि यह जीत का श्रेय मैं अपने समस्त कार्यकर्ताओं वह मतदाताओं को देता हु। क्षेत्र क्रमांक 2 की समस्त जनता ने मुझ पर विश्वास कर मुझे चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाई है। इस जीत के लिए।मैं अपने समस्त मतदाताओं का हमेशा आभारी रहूंगा। उन्होंने आगे कहा की मैं अपनी जनता जनार्दन की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। मैं हरदम ग्रामीणों की सेवा के लिए 24 घण्टे साथ खड़ा रहने की बात कही है।साथ ही किसी भी ग्रामीण की कोई भी समस्या होगी वह निसंकोच मुझ तक आकर समस्या बताई जाए ताकी समस्या का समाधान किया जा सके। नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य हेमनारायण ने गांव की सबसे जटिल समस्या सड़क बिजली पानी स्वास्थ्य शिक्षा पुल पुलिया जैसी समस्याओं पर कहा की मैं जहां भी संभव होगा गांव में पहुंचकर देखूंगा और जहां भी इस प्रकार की समस्या होगी उसे निराकरण करने के प्रयास करूंगा आज से मैं राजनीतिक में उच्चतर माध्यमिक शाला का छात्र संघ का अध्यक्ष भी रह चुका हूं। एनएसयूआई का भी मैं काम कर चुका हूं कांग्रेस का भी मुझे पद मिला था काफी पुराना अनुभव है मेरी माता भी एक बार जनपद सदस्य निर्वाचित हो चुकी है रह चुकी थी इस प्रकार मुझे राजनीति का काफी अनुभव है और का सेवा करना चाहिए इसका भी मुझे थोड़ा बहुत अनुभव है और जनता ने जो मुझे सेवा का मौका दिया है।

हाथियों का तांडव जारी, ग्रामीण को पटक कर मारा, महिला गंभीर रूप से घायल

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। जिले के केंदई वन परिक्षेत्र में जारी हाथियों के उत्पात के बीच पिछली रात एक ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गई। हाथियों ने उसे पटकने के बाद कुचल डाला। जबकि एक महिला को बूरी तरह घायल कर दिया। प्राथमिक चिकित्सा के बाद पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वन मंडल कटघोरा के अंतर्गत एतमानगर और केंदई परिक्षेत्र में 45 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसी ने केंदई रेंज के लालपुर बीट के अंतर्गत बनखेतापारा और परला के लालमटापारा में जमकर उत्पात मचाया। इससे पहले हाथियों की गतिविधियों को लेकर लोग दहशत में थे। उन्होंने अपने स्तर पर सतर्कता के प्रबंध किये लेकिन बीती रात यहां हाथियों ने कुछ ऐसा किया कि घटना स्थल सहित आसपास के कई गांवों में भय का वातावरण बन गया। जानकारी मिली है कि रात्री 1 बजे के लगभग लालमटापारा में दंतैल हाथी पहुंच गया और मकान को तोडने् की कोशिश जारी रखी। इसकी भनक लगने पर 55 वर्षीय मकान मालिक हरीसिंह पिता मानसिंह जान बचाने के लिए पीछे के रास्ते से भाग रहा था। उसी दौरान हाथी ने उसे दौड़ाने के बाद पटक दिया और मौके पर कुचल डाला। इस घटना में हरीसिंह की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीण की मौत की जानकारी यहां के लोगों को हो चुकी थी, लेकिन वे चाहकर भी कुछ नहीं कर सके। इससे पूर्व एक अन्य घटना पिछली रात 8.30 बजे के लगभग गांव में यह घटना हुई। इसे उस दंतैल ने अंजाम दिया जो अपने दल से अलग होने के बाद यहां-वहां उत्पात मचाए हुए है। बनखेतापारा में दंतैल के घुसने के बाद यहां अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। गांव की गलियों में भय साफतौर पर देखा जा रहा था और लोग बचने के लिए यहां वहां भाग रहे थे। केंदई रेंज के बनखेतापारा में दंतैल ने राजू यादव की पत्नी बसंतीबाई 22 को सूंड़ से पकड़ लिया और उठाकर पटक दिया। गनीमत यह रही की महिला पटके जाने के बावजूद वह घायल हुई। दंतैल ने एकाएक यहां से रास्ता बदल लिया। जानकारी होने पर बसंती के परिजन और आसपास के लोगों ने तत्परता पूर्वक पीड़िता को सीएचसी पोड़ी-उपरोड़ा पहुंचाया। उसे प्राथमिक चिकित्सा देने के बाद जिला अस्पताल कोरबा रेफर कर दिया गया।

मतदान हुआ प्रभावित

दूसरे चरण में पंचायतचुनाव शुक्रवार पोड़ी-उपरोड़ा और पाली विकासखंड में हो रहा है। हाथियों की उपस्थिति और कुछ घंटे पहले दो लोगों को निशानाबनायेजाने से लोग भयभीत है। पोड़ी-उपरोड़ा के अनेक गांव में इन कारणों से मतदान प्रभावित हुआ। संबंधित ग्रामों में लोग दुबके रहे। हालात ऐसे रहे कि मतदान दल और सुरक्षाकर्मी लोगों की प्रतीक्षा करने के साथ चिंतित नजर आये कि कहीं हाथियों का समूह इस क्षेत्र में न पहुंच जाये।

इनका कहना है

हाथी के हमले से एक वृद्ध की मौत हुई है। मृतक के परिजनों को तत्कालीन सहायता राशि 25 हजार दिया गया है। वही मृताजक के शव को पोस्मार्डएम करा कर परिजनों को सौप दिया है।

एके तिवारी, एसडीओ , कटघोरा वन मंडल

प्रभारी सचिव ने विकास एवं निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

कांकेर। कृषि विभाग के सचिव तथा कांकेर जिले के प्रभारी सचिव श्री धनंजय देवांगन ने आज जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों तथा कृषि व उद्यानिकी विकास की गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने आज प्रातः ग्राम बागोडार के किसान द्वारिका साहू के खेत में लगाये गये चना एवं गेहूॅ की कतार बोनी का अवलोकन किया तथा लाभकारी फसलों की खेती करने के लिए उसकी प्रशंसा करते हुए उसे उद्यानिकी फसलों की भी खेती करने और मछली पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया, साथ ही उसके खेत के किनारे खाली जमीन में पपीता का पौधा लगाने हेतु उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक को निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने विष्णु पटेल के बाड़ी में की जा रही सब्जी की खेती का भी अवलोकन किया तथा ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें लाभकारी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने गांव के किसानों द्वारा परम्परागत घुरवा का उन्नयन कर बनाये गये स्मार्ट घुरवा का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, कृषि विभाग के उप संचालक नरेन्द्र कुमार नागेश, सहायक संचालक उद्यानिकी व्ही..के. गौतम सहित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

एनआरसी, सीएए और एनपीआर को लेकर कौमी एकता मंच ने निकाली नगर में रैली

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। एनआरसी, सीएए, एनपीआर के विरोध को लेकर कौमी एकता मंच कांकेर के तत्वाधान में शुक्रवार दोपहर 02 बजे अम्बेडकर स्मारक स्टेट बैंक चौक से विशाल रैली निकाली गई ।शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगो ने बाद नमाज़ जुमा जामा मस्जिद सिबतैन रज़ा मस्जिद और सिंगारभाठ के हुजूर अमीने सरियत मस्जिद से मुस्लिम समाज के लोग एकत्रित होकर विरोध रैली निकाली गई ।जहां स्टेट बैंक चौक में कोमी एकता मंच के एसटी एससी सहित विभिन्न संग़ठन के लोग मिलकर एनआरसी सीएए व एनपीआर के खिलाफ विरोध रैली निकाल कर केंद्र सरकार के खिलाफ देश में काला क़ानून वापस लेने की ज़मकर नारेबाजी किया गया।विरोध रैली मस्जिद चौक से आमापारा चौक अपडाउन रोड़ से वापस शहर के मुख्य मार्गो से होता वापस सीधे कलेक्टर कार्यालय पहुँची जहां राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर के एल चौहान को ज्ञापन सौपकर देश मे एनआरसी सीएए व एनपीआर जैसे काले क़ानून को तत्काल बदलकर भारत की एकता अखंडता को ना तोड़े जाने की माँग किया गया है।

प्रमुख सचिव शुक्ला ने बच्चों को पढ़ाया पाठ

नारायणपुर। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ आलोक शुक्ला आज पोर्टाकेबिन आवासीय विद्यालय देवगांव में स्टूडेंट बने और शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा पढ़ाये गये अंग्रेजी, गणित पढ़े और उनके पढ़ाने के तौर-तरीके को भी परखा। डॉ शुक्ला ने बच्चों को रोचक, ज्ञानवर्धक खेल के माध्यम से गणित सीखने के टिप्स दिये और अंग्रेजी भी पढ़ायी। प्रमुख सचिव आज दोपहर दंतेवाड़ा से नारायणपुर प्रवास पर आते समय नारायणपुर से सटे देवगांव स्थित पोर्टा केबिन आवासीय विद्यालय पहुंचे। विद्यालय पहुंचकर बच्चों को पढ़ायी जा रही पढ़ाई को छात्रों की तरह बैंच पर बैठकर देखा। बाद में उन्होंने स्वयं बैंच से उठकर

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम माहुरबंदपारा, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय मंशानी पिता/पति गुलाब चन्द्र जाति निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला माहुरबंदपारा की शासकीय भूमि खसरा नं/ शीट नं. 10 ए प्लाट नं./रकबा में से 4/1 930 रकबा 42 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 14 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 03/02/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ---, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनीता गजभिये पिता/पति चिन्ताराम गजभिये जाति महार निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं/ शीट नं. 18 ए प्लाट नं./रकबा में से 4/6 रकबा 52.8 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 30 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 22/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ---, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्याम कुमार खोब्रागढ़े पिता/पति समारू राम जाति महार निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं/ शीट नं. 17 बी प्लाट नं./रकबा में से 10/1 रकबा 85.41 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 20 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 27/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./अ-20(1)/ 2019-20
ग्राम ---, तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा टिकरापारा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वासुदेव गजभिये पिता/पति चिन्ताराम गजभिये जाति महार निवासी कांकेर द्वारा मोहल्ला टिकरापारा की शासकीय भूमि खसरा नं/ शीट नं. 18 ए प्लाट नं./रकबा में से 4/6 रकबा 39.69 पर अतिक्रमण कर आवासीय/ व्यवसायिक प्रयोजन में उपयोग किया जा रहा है। उक्त भूमि पर आवेदक का 30 वर्षों से अतिक्रमण किया गया है। उक्त अतिक्रमित भूमि को शासन के दिशा निर्देशानुसार बाजार मूल्य का 2 प्रतिशत के समतुल्य राशि जमा कराकर प्रचलित गाईड लाईन दर पर बाजार मूल्य का 152 प्रतिशत देय एवं शासकीय भूमि के आबंटन के समय वार्षिक भू-भाटक निर्धारण पश्चात पट्टा प्रदाय किया जावेगा।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आम मुख्तियारनामे से दिनांक 27/01/2020 के पूर्व पेश कर सकते हैं।

नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सील
नायब तहसीलदार (नजूल)
जिला उ.ब.कांकेर (छ.ग.

दो माह तक आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें प्रभावित

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चाम्पा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल में बिलासपु-अनूपपुर-चिरिमिरी व बिलासपुर-झारसुगड़ा सेक्शनों में संरक्षा से संबंधित आवश्यक कार्य के लिए दो माह तक आधा दर्जन से अधिक ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इसके चलते रेल यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न सेक्शनों में 1 फरवरी से 31 मार्च तक दो माह संरक्षा से संबंधित आवश्यक कार्य किया जाएगा। यह कार्य मंडल के बिलासपुर-अनूपपुर-कटनी-अम्बिकापुर-चिरिमिरी एवं बिलासपुर-झारसुगड़ा सेक्शनों में किया जाएगा। इस कार्य के फलस्वरूप । 31 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को गाड़ी संख्या 58113/58114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को गाड़ी स ंख या 68731/68732बिलासपुर-गेवरारोड-बिलासपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च तक प्रत्येक शनिवार को गाड़ी संख्या 58214/58213 बिलासपुर-टिटलागढ-बिलासपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस सह-पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च तक प्रत्येक गुरूवार एवं रविवार को गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस सह-पैसेंजर रद्द रहेगी। 31 मार्च तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को गाड़ी संख्या 68747/68748 बिलासपुर-कटनी-बिलासपुर मेमू शहडोल-कटनी-शहडोल के बीच रद्द रहेगी। 31 मार्च तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को गाडी संख्या 58702/58701 अंबिकापुर-शहडोल-अंबिकापुर पैसेंजर अनूपपुर-शहडोल-अनूपपुर के बीच रद्द रहेगी। 31 मार्च तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को गाडी संख्या 58221/58222 चिरमिरी-चंदियारोड-चिरमिरी पैसेंजर शहडोल-चंदियारोड-शहडोल के बीच रद्द रहेगी। प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को गाडीसंख्या 51755 चिरिमिरी-अनूपपुर पैसेंजर चिरिमिरी से 1 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी।

मां अंगार मोती माता मंदिर से निकली कलश यात्रा

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। जिले में बसंत पंचमी के अवसर पर पंडरिया रोड स्थित पुराना पानी टंकी के पास मां अंगार मोती माता मंदिर में सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी । जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मंदिर पहुंची। तत्पश्चात मां अंगार मोती माता का 4 क्विंटल दूध से दुग्धाभिषेक किया गया। दोपहर 2 बजे भंडारा व शाम 5 बजे जसगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । जिसमें श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बीटीआई चौक पर फर्नेश ऑयल से भरा टैंकर पलटा, ड्राइवर और हेल्पर घायल

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर-चांपा। शुक्रवार की सुबह एनएच 49 पर शहर के बीटीआई चौक के पास फर्नेश ऑयल से भरा टैंकर अचानक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ड्राइवर और हेल्पर दोनों घायल हो गए हैं। इधर वाहन के पलटने से ऑयल सड़क पर बहता रहा।

जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया।बताया जा रहा है कि टैंकर का चालक अकलतरा से फर्नेश ऑयल लेकर धनबाद जा रहा था। इस दौरान शुक्रवार की सुबह शहर के बीटीआई चौक के पास पहुंचा था कि अचानक वाहन से कंट्रोल खो बैठा और वाहन बेकाबू होकर सड़क किनारे जा पलटा। सुबह के समय हादसा होने की वजह से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यह शहर का काफी व्यस्ततम चौक है जिसमें काफी भीड़ रहती है। हादसे के वक्त पास में एक कार खड़ी थी जो क्षतिग्रस्त होते-होते बची। जानकारी मिलते ही कोतवाली और यातायात पुलिस मौके पर पहुंची।इधर वाहन पलटने से ड्राइवर और हेल्पर दोनों घायल हो गए। बहरहाल पुलिस वाहन मालिक से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। वहीं दोपहर एक बजे तक वाहन को सड़क से हटाया नहीं जा सका था। सड़क के किनारे अभी भी ऑयल बह रहा था।

चैतन्य उत्सव में शामिल होंगे पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे

जांजगीर/पामगढ़। चैतन्य कॉलेज पामगढ़ में उन्नीसवाँ चैतन्य उत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह आज 1 फरवरी को 11 बजे से होगा। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे अंतराष्ट्रीय व्यंगकार एवं ख्यातिलब्ध साहित्यकार व प्रो.गौरीदत्त शर्मा कुलपति अटल बिहारी बाजपेयी विवि बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य में संम्पन्न होगा। डॉ. दुबे छात्र छात्राओं को साहित्य से सम्बंधित मार्गदर्शन देंगे। इसी बीच वर्ष भर छात्रों द्वारा किये गए उत्कृष्ट कार्य जैसे कि सांस्कृतिक, साहित्यिक, बौद्धिक, शिक्षा, रासेयो, प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को ''कुष्ठ रोधी दिवस'' पर 30 जनवरी 2020 से 13 फरवरी 2020 तक कुष्ठ पखवाड़ा का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान ''स्पर्ष कुष्ठ'' जागरूकता अभियान एसएलएसी ग्राम सभा, प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं आश्रित ग्रामों में पंचायत विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अभियान के बेहतर संपादन हेतु गुरूवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 पी0एस0सिसोदिया ने जिला मुख्यालय अम्बिकापुर से कुष्ठ स्पर्ष जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस अभियान के द्वारा कुष्ठ कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रचार-प्रसार के माध्यम से कुष्ठ बीमारी से भय एवं भ्रांतियां को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए जिले के समस्त ग्राम पंचायतों का माइक्रो प्लान बनाकर प्रत्येक ग्राम सभा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एनएमएस, एनएमए, एमपीडब्ल्यू, मितानिनें एवं मितानिन प्रषिक्षक, समस्त बहुउद्देषीय स्वास्थ्य पर्यवेक्षक की सेवायें ली जाएगी। उक्त कार्यक्रम के तहत आश्रित ग्रामों हेतु विषेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. सिसोदिया ने कहा कि कुष्ठ रोग एक आम बीमारी है जो कि रोगी की देखभाल करने से नहीं फैलता है। कुष्ठ रोग की बीमारी माइक्रो बैक्टीरियम लैप्री नामक जीवाणु से फैलता है। यह किसी भी व्यक्ति को हो सकता है। उन्होंने बताया कि इसकी दवा समस्त शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध है जिसे खाने से रोगी पूरी तरह से स्वस्थ हो सकता है।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नि :शुल्क प्रशिक्षण

जांजगीर-चांपा। जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2020-21 में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। जिला परियोजना लाईवलीहुड के नोडल अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य सेवा परीक्षा, व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रेलवे, बैंकिंग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के निःशुल्क तैयारी के लिए 15 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। विकासखण्ड मुख्यालय डभरा, सक्ती, अकलतरा एवं नगर पंचायत शिवरीनारायण क्षेत्र के प्रत्येक स्थानों से 100-100 सीट के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, जांजगीर-चांपा में पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।यह कोचिंग जिले के युवाओं के लिए निःशुल्क है। प्रतिभागियों के चयन के लिए स्वतंत्र परीक्षा का आयोजन 23 फरवरी को किया जाएगा। कोचिंग 26 फरवरी से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य जानकारी के लिए वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट जांजगीर-चांपा डॉट जीओव्ही डॉट इन से डाउनलोड कर सकते हैं।

सुदूर अंचलों में भी मतदान के प्रति भारी उत्साह

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के दूसरे चरण में आज जिले के मैनपाट और सीतापुर जनपद में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। निर्वाचन आयोग द्वारा तय मतदान समय प्रातः 7 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों जनपदों में अपरान्ह 3 बजे तक पुरूष 68.81 तथा महिला 62.72 प्रतिशत कुल मतदान प्रतिशत 65.73 रहा। इसमें मैनपाट जनपद में पुरूष 63.24 तथा महिला 65.01 कुल 64.13 प्रतिशत और सीतापुर जनपद में पुरूष 73.46 तथा महिला 60.88 कुल 67.05 प्रतिशत शामिल है। जिले के दोनों जनजातीय बाहुल्य एवं वनांचल जनपदों में मतदान के प्रति मतदाताओं ने भारी उत्साह दिखाया। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2019-20 अंतर्गत दूसरे चरण में मैनपाट जनपद में 111 तथा सीतापुर जनपद के 130 मतदान केन्द्रों में पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य तथा जिला पंचायत सदस्य के कुल 872 पदों के लिए मतदान सम्पन्न हुआ। इसमें मैनपाट जनपद पंचायत में जिला पंचायत सदस्य के 2, जनपद पंचायत सदस्य के 15, सरपंच के 41 तथा पंच के 399 तथा सीतापुर जनपद के जिला पंचायत सदस्य के 2, जनपद पंचायत सदस्य के 14, सरपंच के 41 तथा पंच के 358 पद शामिल हैं।

मरीजों की आपात सेवा के लिए जांजगीर जिले को मिली 6 नई 108 एम्बुलेंस

- **कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना**

नवप्रदेश संवाददाता

जांजगीर। नेशनल एम्बुलेंस सर्विस के तहत जांजगीर जिले को राज्य शासन द्वारा मरीजों की आपात सेवा के लिए 6 नई 108 एम्बुलेंस मिले है। कलेक्टर श्री जनक प्रसाद पाठक ने आज इन एम्बुलेंस को कलेक्टर कार्यालय प्रांगण से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। स्वास्थ्य विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन से प्राप्त 6 नई एम्बुलेंस चन्द्रपुर, डभरा, सक्ती, जैजैपुर, बलौदा और चांपा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए मरीजों को अपनी सेवाएं देंगी। ज्ञातव्य है कि आकस्मिक दुर्घटना अथवा गंभीर रूप से बीमारी की स्थिति में मरीजां को आपात चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने निःशुल्क 108 एम्बुलेंस द्वारा मरीजां को त्वरित अस्पताल पहुंचाने महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जांजगीर जिले में 108 एम्बुलेंस के संचालक आशीष राजपूत ने बताया कि गत एक दिसंबर 2019 से 30 जनवरी 2020 तक 108 एम्बुलेंस द्वारा करीब 700 मरीजों को अपनी आकस्मिक सेवा उपलब्ध कराकर उनका सामयिक इलाज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को कलेक्टर ने प्रदान किया प्रमाण पत्र

नवप्रदेश संवाददाता

अम्बिकापुर। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 अंतर्गत प्रथम चरण में अम्बिकापुर, लखनपुर एवं उदयपुर जनपद में जिला पंचायत सदस्य हेतु हुए मतदान के लिए आज सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 सारांश मित्तर के द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष अम्बिकापुर में नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रथम चरण में हुए जिला पंचायत सदस्य के मतदान की सारणीकरण की कार्यवाही आज कलेक्टर कोर्ट में की गई। तत्पश्चात कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 अम्बिकापुर से निर्वाचित सदस्य श्री राकेश गुप्ता, क्षेत्र क्रमांक 02 अम्बिकापुर से निर्वाचित सदस्य श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, क्षेत्र क्रमांक 03 अम्बिकापुर से निर्वाचित सदस्य श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, क्षेत्र क्रमांक 04 लखनपुर से निर्वाचित सदस्य श्रीमती सरला सिंह, क्षेत्र क्रमांक 05 लखनपुर से निर्वाचित सदस्य श्रीमती अर्पिता सिंहदेव, क्षेत्र क्रमांक 06 उदयपुर से निर्वाचित सदस्य श्रीमती राधा रवि, क्षेत्र क्रमांक 07 उदयपुर से निर्वाचित सदस्य श्री राजनाथ सिंह को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सारांश मित्तर के हाथों प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

हाईकोर्ट की 'ना' के..

मसले पर बात की और उन्हें आज बिलासपुर हाईकोर्ट पहुंचने आग्रह किया, इसी वजह से दिल्ली के करीब एक दर्जन वरिष्ठ अधिवक्ता चार्टर्ड प्लेन से बिलासपुर पहुंच गए थे, मगर उन्हें निराशा हाथ लगी। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत कागज़ी संस्था चलाए जाने के मसले पर दायर रिट जो कि जनहित याचिका के रुप में सुनी गई थी, उस पर हाईकोर्ट ने सीबीआईको एफ़आईआर के आदेश दिए थे, उस मामले में आईएएस अधिकारी हाईकोर्ट पहुँचे और रिव्यू का आग्रह कोर्ट नंबर तीन से किया, जिसे कारणों के साथ कोर्ट नंबर तीन ने लेने से इंकार कर दिया।इस मामले पर राज्य सरकार की ओर से भी रिव्यू का आवेदन कोर्ट नंबर तीन में प्रस्तुत किया गया, जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने रिव्यू के आवेदन लेने से मना कर दिया। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगों के उपचार के नाम पर करोड़ों के घोटाले के मामले में जिन सरकारी अफसरों को जिम्मेदार बताया था, आज उन अफसरों की ओर से भी हाईकोर्ट में ही एक पुनर्विचार याचिका प्रस्तुत की गई। पुनर्विचार याचिका पर अदालत ने फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। गौरतलब है कि कल ही हाईकोर्ट बिलासपुर ने इस मामले में एक बड़ा फैसला दिया था, जिसमें कहा गया था कि जिम्मेदार लोगों पर एक सप्ताह के भीतर जुर्म दर्ज किया जाए और जांच की जाए। दो बातें इस मामले में खास हैं। मालुम हो कि छग उच्चन्यायालय के युगल पीठ ने दो दिन पहले ही कागजों में बने स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से करोड़ों रूपए के घोटाले में कई उच्चाधिकारयों के विरूद्ध एफ़आईआर करने का निर्देश सीबीआई को दिया है। इनमें कई आईएएस स्तर के अधिकारी हैं। कोर्ट के निर्देश के बाद अधिकारियों तथा शासन में खलबली मची हुई है। इस मामले में आईएएस अधिकारी हाईकोर्ट पहुँचे और विचार आवेदन लेने का आग्रह न्यायालय के समक्ष किया। कोर्ट नंबर तीन तीन ने इसे लेने से इंकार कर दिया। इस मामले पर राज्य सरकार की ओर से भी आवेदन प्रस्तुत किया गया उसे भी कोर्ट ने यह कहते हुए मना कर दिया कि शासन जब पहले ही स्वीकार कर चुकी है कि गड़बडी हुई है तो अब उस पर विचार करने को क्यों कह रही है इस हाईप्रोफ़ाइल मामले में अब आईएस अधिकारियो ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है और कुछ अधिकारी आज सुबह ही फ़्लाइट से दिल्ली जा चुके है ।

दोनों ही मामलों में...

फ़ैसले के बाद रिव्यू क्यों लाना चाहती है।सीबीआई को उच्चाधिकारियों के खिलाफएफ़आईदर्ज करने के निर्देश देने के बाद आज इस मामले में रिव्यू (विचार आवेदन) कोर्ट पहुंचे अधिकारियों को उस समय निराशा हाथ लगी जब कोर्ट ने उनका आवेदन लेने से ही मना कर दिया। उच्चन्यायालय ने राज्य शासन के आवेदन को भी यह कहते हुए लेने से मना कर दिया कि शासन जब पहले ही स्वीकार कर चुकी है कि गड़बडी हुई है तो अब उस पर विचार करने को क्यों कह रही है।

बाल-बाल बचे...

की जानकारी होते ही एसडीएम लिंगराज सिदार मौके पर पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर, एसपी व अन्य अधिकारी दूसरे चरण के चुनाव का जायजा लेने ग्रामीण अंचल के दौरे पर निकले थे। वे जैसे ही सुरनार-धनिकरका के पास पहुंचे, घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने धमाका कर दिया। इस घटना में जिला प्रशासन के अधिकारी बाल बाल बच गए। इस घटना को अंजाम देकर नक्सली जंगल की ओर भाग निकले।

मतदान केंद्र में तैनात...

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित पुजारी कांकेर के मतदान क्रमांक 03 में मतदान कर्मी सुरेन्द्र पुनेम जो फारेस्ट गॉर्ड के पद पर कार्यरत था। ड्यूटी के दौरान सुरेन्द्र अचानक बेहोश हो गया। जिसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आवापल्ली लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मतदान कर्मी को मृत घोषित कर दिया। मतदान कर्मी की अचानक मौत हो जाने से मतदान केंद्र में थोड़ी देर मतदान बाधित रहा। घायल को अस्पताल ले जाया गया,इसके बाद मतदान शुरू किया गया।

मलेरिया से लड़ने...

इस टीम में सुकमा के जिला कार्यक्रम अधिकारी रोहित वर्मा, कोंटा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कपिल देव कश्यप, चिरायु टीम के डॉ. वेद प्रकाश, ग्रामीण चिकित्सा सहायक और सुपरवाइजर शामिल थे। रास्ता बताने गोगुंडा के सरपंच, सचिव और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी उनके साथ थे।

किट खत्म होने पर भी नहीं मानी हार

तीन दिन के कैंप के दौरान जांच किट कम पड़ गई। लेकिन टीम ने हार नहीं मानी। सामसेट्टी उप स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य कार्यकर्ता और दो मितानिनें मोटरसाइकल से और पैदल करीब 30 किलोमीटर का दुर्गम रास्ता तय कर खुद किट लेकर पहुंचीं।

आर्थक सर्वे...

श्रम आधारित निर्यात को बढ़ावा देने के लिए चीन के समान अभूतपूर्व अवसर है। भारत में 'असेम्बल इन इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' के कार्यक्रमों से दुनिया के निर्यात बाजार में भारत की हिस्सेदारी 2025 तक 3.5 फीसदी हो जाएगी, जो आगे चलकर 2030 तक छह तक हो जाएगी। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, 2025 तक भारत को पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए जरूरी मूल्य संवर्धन में नेटवर्क उत्पादों के निर्यात में एक तिहाई की वृद्धि होगी।

कोर सेक्टर्स का ग्रोथ...

आठ बुनियादी क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, नेचुरल गैस, रिफाइनरी उत्पाद, फर्टिलाइजर्स, स्टील, सीमेंट तथा इलेक्ट्रिसिटी शामिल हैं। इन आंकड़ों से हालांकि यह मानना सही नहीं होगा कि अर्थव्यवस्था में सुस्ती बरकरार है, क्योंकि पिछले कुछ हफ्तों में कंपनियों के नतीजे सकारात्मक आए हैं। साथ ही, अर्थव्यवस्था से जुड़े कई सूचकांक भी इस ओर इशारा कर रहे हैं कि इकॉनमी धीरे-धीरे पटरी पर आ रही है।

दुष्कर्मियों की फिर...

दी, जिसमें उसने खुद के नाबालिग होने का दावा किया था। पवन गुप्ता की ओर से दायर पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई जस्टिस आर. भानुमति, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस ए. एस. बोपन्ना की बेंच ने चेंबर में की। सुप्रीम कोर्ट ने 20 जनवरी को पवन की उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें उसने नाबालिग होने के अपने दावे को खारिज करने के, दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। फैसला आने से पहले मामले में पवन की ओर से पेश वकील ए. पी. सिंह ने कहा कि उन्होंने शीर्ष न्यायालय के 20 जनवरी के आदेश पर पुनर्विचार का अनुरोध करते हुए शुक्रवार को अपने मुवक्किल की ओर से एक याचिका दायर की। याचिका खारिज करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा था कि पवन की याचिका को खारिज करने वाले उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है और उच्च न्यायालय के साथ-साथ निचली अदालत ने उसके दावे को सही तरीके से खारिज किया।

आर्थक सर्वेक्षण रिपोर्ट...

शहरी में वर्ष 2022 तक सभी के लिए आवास के लक्ष्य को हासिल करना है। ग्रामीण योजना के तहत एक साल में बनने वाले घरों की संख्या पहले से चार गुना बढ़ गई है, जो 2014-15 में 11.95 लाख से बढ़कर 2018-19 में 47.33 लाख हो गई है।

35 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश खुले में शौच से मुक्त

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 2014 में शुरू हुए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ग्रामीण इलाकों में 10 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए हैं। इस दौरान 5.9 लाख गांवों, 699 जिलों और 35 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों ने अपने आपको खुले में शौच से मुक्त घोषित किया है। भारत के सबसे बड़े ग्रामीण स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 में देश भर के 698 जिलों के 17,450 गांवों को शामिल किया गया, जिनमें 87,250 सार्वजनिक स्थल शामिल हैं।

जेएंडके: एनकाउंटर में...

जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने एनकाउंटर के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया, 'जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गए हैं। मौके से छह हथियार बरामद हुए हैं। ट्रक ड्राइवर और कंडक्टर को गिरफ्तार किया गया है। दोनों से पूछताछ चल रही है। इलाके में अभी सर्च ऑपरेशन जारी है। डीजीपी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि ये आतंकवादी हाल में घुसपैठ करने वाले समूह का हिस्सा थे और कश्मीर घाटी जा रहे थे। उन्होंने बताया, 'संदेह है कि यह समूह कठुआ जिले के हीरानगर में अंतरराष्ट्रीय सीमा से दाखिल हुआ था।' अधिकारियों ने बताया कि हमले के बाद राजमार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया और पूरे जंगल क्षेत्र को घेर लिया, जिससे आतंकवादी अंदर फंस गए और मुठभेड़ शुरू हो गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

'जवानी जानेमन' में क्या है अलाया फर्नीचरवाला का रोल

फर्नीचरवाला ने कहा, 'मैं अपने किरदार को सबसे ज्यादा जिस चीज के लिए प्यार करती हूं, वह है हर चीज में बहुत आसान होना। यह चरित्र कुछ ऐसा ही है कि इससे प्यार हो जाए। यह सीखने के लिए भी बेहतर मौका रहा।' पूजा बेदी की बेटी अलाया फर्नीचरवाला फिल्म 'जवानी जानेमन' से बॉलिवुड में डेब्यू कर रही हैं। इस फिल्म में सैफ अली खान लीड रोल में हैं। फिल्म का ट्रेलर और गाने पहले ही हिट हो चुके हैं। इस कारण फैंस को बेसब्री से इस फिल्म का इंतजार है। वहीं फिल्म के साथ-साथ अलाया भी बेहद चर्चा में आ गई हैं। सोशल मीडिया पर उनके काफी फैंस हैं और वह किसी न किसी रूप में खुद को चर्चा में भी रखती हैं।

'मैंने इस फिल्म के दौरान बहुत कुछ सीखा'

फर्नीचरवाला ने आगे कहा, 'मैं अपने किरदार को सबसे ज्यादा जिस चीज के लिए प्यार करती हूं, वह है हर चीज में बहुत आसान होना। यह चरित्र कुछ ऐसा ही है कि इससे प्यार हो जाए। यह सीखने के लिए भी बेहतर मौका रहा।' ट्रेलर में भी अलाया की ऐक्टिंग की खूब तारीफहो रही है। अलाया फर्नीचरवाला को भी इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। जाहिर है यह उनकी पहली फिल्म है और इस लिहाज से भी उनके करियर के लिए यह बेहद अहम है।

'मुझे नहीं लगता कि मैं अभी सफल हूं'

पाटनी ने कहा, 'अभी बहुत कुछ करना बाकी है। मुझे लगता है कि पूरी यात्रा के दौरान, मैं लकी रही कि ऐसे लोगों से मिली जो हमेशा मददगार रहे हैं। मेरा परिवार मुझे फिल्मों के बारे में सलाह नहीं देता है और न ही मैं उन्हें तनाव देना चाहती हूं।'

बॉलिवुड में इन दिनों सबसे अधिक चर्चा दिशा पाटनी की रहती है। चाहें वह कोई फिल्म कर रहीं हों या ना कर रही हों, इंडस्ट्री में पटानी हमेशा ही चर्चा में बनी रहती हैं। अपनी मासूमियत और खूबसूरती के कारण वह फैंस के दिलों पर तो राज करती ही हैं। बॉक्स ऑफिस पर भी उनका प्रदर्शन अब तक बेहतर रहा है। हालांकि पाटनी अभी खुद को सक्सेसफुल नहीं मानती। उनका मानना है कि अभी उन्हें बहुत कुछ करना है।

दिशा पाटनी की फिल्म 'मलंग' आ रही है। पोस्टर और ट्रेलर के साथ ही यह फिल्म जबरदस्त चर्चा में है। आदित्य रॉय कपूर के साथ दिशा की बॉन्डिंग फैंस को खूब पसंद आ रही है। फिल्म के गाने पहले ही हिट हैं।

'मेरे माता-पिता ने मुझे आगे बढ़ाया'

इस बीच एक इंटरव्यू में दिशा ने कहा, 'मैं खुश हूं कि मेरे पास काफी काम हैं और मैं सभी में बेस्ट देने की कोशिश कर रही हूं। मैं इसका श्रेय अपने माता-पिता को देती हूं। अगर उस रात मेरी मां ने मेरा समर्थन नहीं किया होता जब मैं विकल्पों को लेकर उलझन में थी तो शायद मैं आज यहां तक नहीं पहुंचती। उन्होंने मुझे इस पेशे में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। मैंने जो कुछ भी किया है, मुझे नहीं लगता कि मैं अभी तक सफल हूं।'

मानुषी छिल्लर ने पृथ्वीराज की शूटिंग शुरू की

मुंबई (वार्ता)। मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर ने फिल्म 'पृथ्वीराज' की शूटिंग शुरू कर दी है। मानुषी छिल्लर फिल्म पृथ्वीराज से बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं, जिसमें वह अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी। उन्होंने बताया कि वह अपनी पहली फिल्म के एक गाने के लिए शूटिंग कर रही हैं। मानुषी ने ट्विटर पर एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह अपने हेयर और मेकअप क्रू के साथ नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में सिर्फउनकी परछाई ही दिख रही हैं। इसके कैप्शन में मानुषी ने लिखा, हर कदम पर वे मेरे पीछे हैं। मानुषी इस फिल्म में संयोगिता का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीर के सहारे इस किरदार के शैडो लुक को रिवील किया था। यशराज बैनर तले बन रही इस फिल्म में अक्षय कुमार और मानुषी के अलावा मानव विज, आशुतोष राणा और सोनू सूद जैसे सितारे नजर आ सकते हैं। ये फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होने जा रही है।

QUIZ TIME

1) उत्तर प्रदेश को पूर्व में किस नाम से जाना जाता था?
   (क) यूनाइटेड प्रोविन्स (ख) उत्तरी प्रांत (ग) अवध प्रांत (घ) आर्य प्रदेश
2) सर्वप्रथम मानव ने किस धातु का प्रयोग करना शुरू किया? (लोहा / तांबा)
3) लंका के उस प्रसिद्ध वैद्य का क्या नाम था, जिसे लक्ष्मण की मुर्छा दूर करने हेतु हनुमानजी लंका से उठा लाए थे?
   (क) विश्रवा (ख) सुषेण (ग) मातलि
4) भारत की यात्रा पर आनेवाले प्रथम ब्रिटिश सम्राट जॉर्ज पंचम थे। (सही / गलत)
5) अमेरिका के सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी के अधिकारी का नाम बताए जिनका हाल ही में निधन हो गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) यूनाइटेड प्रोविन्स (2) तांबा (3) सुषेण (4) सही (5) माइकल डी आंद्रिया

दमदार अभिनय से अपनी खास पहचान बनायी जैकी श्राफ ने

जन्मदिन पर विशेष

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में जैकी श्राफ का नाम उन गिने चुने अभिनेताओं में शुमार किया जाता है जिन्होंने लगभग चार दशक से अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के दिल में आज भी एक खास मुकाम बना रखा है।

मुंबई में 01 फरवरी को जन्में जैकी श्राफ मूल नाम जयकिशन श्राफ ने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1982 में प्रदर्शित देवानंद की फिल्म ..स्वामी दादा..से की। इस फिल्म में जैकी श्राफ ने एक छोटी सी भूमिका निभायी थी। इस दौरान सुभाष घई की नजर जैकी श्राफ पर पड़ी जो उन दिनों हीरो बनने की तैयारी कर रहे थे।

सुभाष घई को अपनी फिल्म हीरो के लिये रफ टफ छवि वाले कलाकार की जरूरत थी और उन्होंने जैकी को हीरो के लिये चुन लिया। वर्ष 1983 में प्रदर्शित फिल्म हीरो में जैकी ने एक मवाली की भूमिका निभायी। फिल्म में उनका किरदार ग्रे शेड्स लिये हुये था। इसके बावजूद वह दर्शकों का प्यार हासिल करने में सफल रहे। हीरो टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई।

वर्ष 1986 में जैकी श्राफको एक बार फिर से सुभाष घई के साथ कर्मा में काम करने का अवसर मिला। यूं तो यह फिल्म पूरी तरह दिलीप कुमार पर आधारित थी लेकिन जैकी के अभिनय को भी दर्शकों ने बेहद पसंद किया। इस फिल्म में जैकी श्राफ और अनिल कपूर की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

'एक विलेन' का सीक्वल भूषण कुमार के साथ बनायेगी एकता कपूर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म 'एक विलेन' का सीक्वल भूषण कुमार के साथ मिलकर बनाने जा रही हैं। एकता ने वर्ष 2014 में सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख को लेकर एक विलेन बनी थी। 'एक विलेन' के दूसरे पार्ट की घोषणा कर दी गयी है। इस बात की घोषणा खुद एकता कपूर ने सोशल मीडिया के जरिये की है। एकता ने लिखा, 卐सबसे पहले कहिए- जय माता दी। साल 2014 की ब्लॉकबस्टर फ़िल्म 'एक विलेन' के दूसरे पार्ट को भूषण कुमार के साथ शुरू कर रही हूं। दूसरा इंस्टॉलमेंट 08 जनवरी, 2021 को पर्दे पर आएगा।

पिता मंसूर अली खान पटौदी पर बायोपिक बनाना मुश्किल: सैफ

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान का कहना है कि उनके पिता मंसूर अली खान पटौदी पर बायोपिक फिल्म बनाना मुश्किल काम है। बॉलीवुड में इन दिनों स्पोर्ट्स बायोपिक का ट्रेंड चल रहा है। भारत के बेहतरीन स्पोर्ट्समेन में से एक माने जाने वाले मंसूर अली खान पटौदी की बायोपिक को भी लेकर चर्चा होने लगी है। सैफ से पूछा गया कि क्या वह अपने पिता मंसूर अली खान पटौदी की बायोग्राफी को लिखना या उस पर बायोपिक बनाना पसंद करेंगे, इसके जवाब में उन्होंने कहा कि बायोग्रफी लिखना एक बात है और फिल्म बनाना एक। उनकी जिंदगी पर आधारित फिल्म बनाना बेहद मुश्किल होगा।

भारत की जीडीपी वृद्धि दर पर उठाए जा रहे सवालों का कोई अर्थ नहीं है : समीक्षा

- आर्थिक समीक्षा में यह स्पष्ट किया गया है कि भारत की जीडीपी वृद्धि पर जो सवाल उठाए जा रहे हैं, उसका कोई अर्थ नहीं हैं।

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने संसद में शुक्रवार को पेश आर्थिक समीक्षा के जरिए देश की जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान के तौर-तरीके और इसके आंकड़ों की विश्वसनीयता को लेकर चल रही बहस को विराम देने का प्रयास किया है। इसमें कहा गया है कि आर्थिक वृद्धि के अनुमान को न तो बढ़ा-चढ़ाकर और न ही कमतर करके आंका गया है और आंकड़ों को लेकर जो चिंता जताई जा रही है, वह अनुचित है। उल्लेखनीय है कि नरेंद्र मोदी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यम ने हाल में कहा था कि 2011-12 से 2016-17 के दौरान भारत की आर्थिक वृद्धि दर को करीब 2.5 प्रतिशत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। इसका कारण जीडीपी आकलन के तौर-तरीकों में बदलाव है।

अरविंद सुब्रमण्यम ने उठाए थे सवाल

अरविंद सुब्रमण्यम ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक शोध पत्र में कहा था कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि दर इस अवधि में करीब 4.5 प्रतिशत वार्षिक रहनी चाहिए थी, जबकि इसके 7 प्रतिशत के आसपास रहने का अनुमान जताया गया। संसद में पेश आर्थिक समीक्षा 2019-20 में कहा गया है कि देश की जीडीपी वृद्धि का स्तर कई महत्वपूर्ण नीतिगत पहल का संकेत देता है, क्योंकि यह अर्थव्यवस्था के आकार और सेहत का आईना है।

जीडीपी वृद्धि अनुमान में कोई गलत सबूत नहीं

इसमें कहा गया है, 'यह निवेश का बेहतरीन चालक है, इसीलिए यह महत्वपूर्ण है कि जीडीपी का आकलन जितना संभव हो, उतना सही तरीके से किया जाए।' समीक्षा में कहा गया है कि 2011 में आर्थिक वृद्धि आकलन के तरीकों में संशोधन को लेकर विद्वानों, नीति निर्माताओं और नागरिकों के बीच देश की जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को लेकर बहस और चर्चा खासकर हाल की नरमी को देखते हुए महत्वपूर्ण है। समीक्षा में इस विषय पर दिए गए एक अलग अध्याय में कहा गया है कि देश की जीडीपी वृद्धि के गलत अनुमान के बारे में कोई सबूत नहीं मिला है।

आंकड़ों के विश्लेषण को लेकर सांख्यिकीय और विश्लेषण काफी सावधानीपूर्वक किए गए, लेकिन इसमें अनुमान में गड़बड़ी के कोई साक्ष्य नहीं पाए गए। इसमें कहा गया है कि पूरे देश के आंकड़ों की तुलना करने में भ्रमित वाले कारकों के कारण गलती की गुंजाइश रहती है। ऐसे में इस प्रकार के विश्लेषण को सावधानीपूर्वक किए जाने की जरूरत है, ताकि विभिन्न कारकों के बीच सही तरीके से सह-संबंध स्थापित किये जा सके।

'भारतीय रेल', मैस्क्यूलीन और जतिन मनाएंगे भारत की एकता का जश्न

मुंबई। डिवाइन के 'कोहिनूर' को आपके समक्ष प्रस्तुत करने वाले हिप-हॉप लेबल, मास अपील इंडिया इस बार गणतंत्र दिवस के मौके पर देशभक्ति की भावना को फिर से जगाने के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि अब इसने हिप-हॉप जोड़ी मैस्क्यूलीन और जतिन के बिल्कुल नए गीत 'भारतीय रेल' को प्रस्तुत किया है।

भारतीय रेल दरअसल एक हिंदी रैप सॉन्ग है, जो रेलवे के माध्यम से विविधता से भरे हमारे देश- यानी कि भारत के भीतर की एकता पर प्रकाश डालता है। मैस्क्यूलीन और जतिन द्वारा तैयार किए गए एवं लिखे गए देशभक्ति की भावना से भरे इस गीत को एक मेट्रोनोम पर लिखा गया है, तथा इसे मैन्डोलिन के साथ तैयार किए गए एक सरल देसी भारतीय राग के साथ प्रस्तुत किया गया है, जो गीत को हर कसौटी पर खरा बनाता है।

रोज़मर्रा के जीवन से जुड़ी कहानियों और भावनाओं पर संगीत बनाने के लिए मशहूर यह जोड़ी, इस बार आपके लिए हिप-हॉप सॉन्ग के विकल्प के साथ उपस्थित है, जिसमें भारतीय रेलवे के माध्यम से देश की एकता और विविधता को दर्शाया गया है। इस गीत को भारत के भीतर अलग-अलग तरह के सांस्कृतिक आचरण की साथ-साथ मौजूदगी तथा देश के भीतर बसी एकता की भावना के विचार पर बनाया गया है। ठीक इसी तरह, रेल में अलग-अलग श्रेणियों के डिब्बे मौजूद होते हैं तथा भारतीय रेल इन्हें एकजुट करती है।

'इकॉनमी में जितनी नरमी आनी थी वह आ चुकी, अब बढ़ेगी ग्रोथ'

इकनॉमिक सर्वे 2020

- चालू वित्त वर्ष में घरेलू आर्थिक वृद्धि दर एक दशक के निचले स्तर पर आ गई है
- चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 5 फीसदी रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है
- सरकार का दखल प्याज जैसी वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने में अप्रभावी साबित हुआ लगता है

नई दिल्ली। संसद में शुक्रवार को पेश की गई वित्त वर्ष 2019-20 की आर्थिक समीक्षा में कहा गया कि देश की आर्थिक वृद्धि दर में जितनी नरमी आनी थी, वह आ चुकी है और अगले वित्त वर्ष में यह बढ़कर 6 से 6.5त्न के बीच रहेगी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत सर्वे में चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 5 फीसदी रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। समीक्षा में कहा गया कि वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर कमजोर होने और देश के वित्तीय क्षेत्र की समस्याओं के चलते निवेश धीमा होने से भारत पर असर पड़ रहा है। इसके चलते चालू वित्त वर्ष में घरेलू आर्थिक वृद्धि दर एक दशक के निचले स्तर पर आ गई है।

सर्वे में कहा गया कि 2019-20 में वृद्धि कम से कम 5त्न रहने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में वृद्धि दर घट कर 4.5 प्रतिशत पर आ गई थी। इस बार की आर्थिक समीक्षा को हल्के बैंगनी रंग (लैवेंडर) के कवर में प्रकाशित किया गया है। 100 रुपये के नए नोट का रंग भी यही है। समीक्षा में कहा गया है कि संपत्ति का वितरण करने के लिए पहले उसका सृजन करने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में इसमें संपत्ति का सृजन करने वालों को सम्मान दिए जाने की जरूत पर बल दिया गया है।

सर्वे के मुताबिक, सरकार का दखल प्याज जैसी वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने में अप्रभावी साबित हुआ लगता है। आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करने के लिए समीक्षा में विनिर्माण के नए विचारों की वकालत की गई है। इन विचारों में 'विश्व के लिए भारत में असेंबल' करने का विचार भी शामिल है, जिससे रोजगार सृजन होगा। समीक्षा में कारोबार सुगमता को आगे बढ़ाने के लिए निर्यात संवर्द्धन के लिए बंदरगाहों से लालफीताशाही दूर करने तथा कारोबार शुरू करने, संपत्ति का रजिस्ट्रेशन कराने, टैक्स पेमेंट करने और करार करने को आसान बनाने जैसे उपाय करने की जरूरत है। सर्वे में सरकारी बैंकों में कंपनी संचालन बेहतर बनाने तथा निवेशकों का भरोसा बढ़ाने के लिये और आधिक जानकारी के प्रकाशन की आवश्यकता जरूरत पर बल दिया गया है। समीक्षा में बैंकिंग क्षेत्र में बौनेपन की प्रवृत्ति का भी जिक्र है।

नहीं है थर्ड पार्टी इंश्योरेंस? ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट मेसेज भेजकर याद दिलाएगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2018 में गाड़ी रखने वालों के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस को जरूरी कर दिया था। अब थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के एक्सपायर होने की तारीख याद रखने की जरूरत नहीं है। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट खुद आपको इसकी जानकारी दे देगा। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट उन सभी को मेसेज भेजेगा जिनके पास थर्ड पार्टी इंश्योरेंस नहीं है या फिर इंश्योरेंस पॉलिसी एक्सपायर हो रही है।

राज्य ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट, इंश्योरेंस रेग्युलेटरी ऐंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (IRDAI) के साथ मिलकर एक पायलट प्रॉजेक्ट चलाने जा रहा है। यह पायलट प्रॉजेक्ट कर्नाटक, बिहार, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और दिल्ली में चलाया जाएगा।

तेलंगाना ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट में IRDAI की चीफ जनरल मैनेजर (CGM) यग्नप्रिया भारत ने कहा कि हमने प्रॉजेक्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। योजना के मुताबिक, वीइकल ऑनर को मेसेज भेजा जा रहा है। इंश्योरेंस इन्फर्मेशन ब्यूरो के पास इंश्योर्ड वाहनों की पूरी लिस्ट है, केंद्र सरकार के वाहन डेटाबेस में सभी रजिस्टर्ड वाहनों की जानकारी है। ऐसे में ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के लिए यह पता करना आसान होगा कि किन-किन वाहनों के इंश्योरेंस नहीं हुए हैं।

ऊषा ने 19 नयी सिलाई मशीनें लांच की

नयी दिल्ली (वार्ता)। देश में सिलाई मशीन बनाने वाली जानी मानी कंपनी ऊषा इंटरनेशनल ने ऊषा जैनोम और घरेलू उद्योग और औद्योगिक गारमेंट मशीन (आईजीएम) श्रखंला में नये माडल की 19 मशीनें उतारी हैं। देश में उपभोक्ता टिकाऊ उत्पाद के प्रमुख ब्रांड ने यह माडल अपने कारोबारी सहयोगियों के लिए आयोजित सम्मेलन में उतारे । इस अवसर पर कंपनी की ब्रांड एंबेसडर और 2018 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतने वाली कीर्ति सुरेश ने ऊषा के कारोबारी सहयोगियों को सम्मानित भी किया ।

लगातार दूसरे दिन घटे पेट्रोल, डीजल के दाम

नयी दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 10 सप्ताह तथा डीजल छह सप्ताह से अधिक के निचले स्तर पर आ गया।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल आज नौ पैसे सस्ता होकर 73.27 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया जो 11 नवंबर 2019 के बाद का निचला स्तर है। यहाँ डीजल की कीमत भी आठ पैसे कम होकर 66.28 रुपये प्रति लीटर रह गयी। यह पिछले साल 19 दिसंबर के बाद का निचला स्तर है।

कोलकाता और मुंबई में भी पेट्रोल नौ-नौ पैसे सस्ता होकर क्रमशः 75.90 रुपये और 78.88 रुपये प्रति लीटर पर आ गया। चेन्नई में इसकी कीमत 10 पैसे घटकर 76.09 रुपये प्रति लीटर रह गयी।

डीजल की कीमत कोलकाता और चेन्नई में आठ-आठ पैसे घटकर क्रमशः 68.64 रुपये और 70.01 रुपये प्रति लीटर रही। मुंबई में डीजल की कीमत नौ पैसे घटकर 69.47 रुपये प्रति लीटर पर आ गया।

अफसरों ने नहीं सुनी गुहार तो ग्रामीणों ने अपनी जमीन पर खुद ही श्रमदान कर बनाई सड़क

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। जब अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की गुहार नहीं सुनी तो ग्रामीणों ने अपनी जमीन पर खुद ही श्रमदान कर सड़क का निर्माण कर दिया। आजादी के 70 वर्षों के बाद भी यह सड़क नहीं बनी है। मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत के बौरीडाँड़ के ग्रामीणों ने श्रमदान से सड़क का निर्माण कर प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को आईना दिखाया है। यह जर्जर सड़क वार्ड क्रमांक 2 को बौरीडाँड़ ग्राम की मुख्य सड़क से जोड़ती है। ग्रामीणों के प्रयास से अब सड़क चलने लायक हो गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि लगातार स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सचिव व जनदर्शन में गुहार लगाने के बाद भी जब सड़क नहीं बनाई गई।

तो इसके बाद गांव के ग्रामीणों ने मिलकर इस जर्जर कच्ची सड़क पर श्रमदान कर मिट्टी भराई की और आवागमन बहाल कर दिया। बरसात के दिनों में चारपहिया वाहन तो दूर दोपहिया भी निकलना मुश्किल होता है। मुख्य मार्ग तक पहुचने के लिए यह एकमात्र सड़क है। जिसके जर्जर हो जाने से आवागमन बाधित हो जाता है। ऐसे में इसे खुद से ही बनाकर आवागमन बहाल करना पड़ता है। सड़क के निर्माण के लिए कई बार अधिकारियों से भी अपील की गई है। लेकिन अब तक निर्माण कार्य की दिशा में कार्रवाई आरंभ नहीं हो सकी है। वंही जब हमने इस मामले में जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के अधिकारियों से इस संबंध में बात की तो उन्होंने पंचायत चुनाव में व्यस्तता का हवाला देकर कुछ भी कहने से मना कर दिया ।

इस संबंध में एस राजवाड़े का कहा- इस संबंध में कई बार अधिकारी ,जनप्रतिनिधियों व पंचायत से सड़क की मांग लिखित में किया गया किन्तु कोई भी समाधान न होने के कारण वार्ड के ग्रामीणों ने श्रम दान कर ग्रामीण सड़क मार्ग का निर्माण किया जिससे अब बाईक व कार भी इस वार्ड में पहुँच रहा जब कि पूर्व में बाइक का पहुँचना भी मुश्किल था।

पंचायत चुनाव से जिले में तीन दिन धान खरीदी प्रभावित

- संभाग के शेष जिलो में खरीदी नही हुई प्रभावित
- अब सोसायटी में पटवारी की उपस्थिति अनिवार्य

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। कोरिया जिले में जहा एक और मौसम बदलने से धान खरीदी प्रभावित हो चुकी हैं वही अब जिले में हो रहे तीन चरण में हो रहे पंचायत चुनाव की वजह से सभी सोसाइटियों में धान खरीदी बंद होने की बात सामने आई है जब कि कुछ छेत्रो में पहले चरण के चुनाव हो चुके है ऐसे में पूरे जिले में धान खरीदी न होना चरचा का विषय बना हुआ है जब कि सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाले शेष जिलो में खरीदी प्रभावित नही हुई वही कोरिया जिले में खरीदी नही करने के आदेश को लेकर सवाल उठना लाजमी है जब कि धान खरीदने वाली समितियों के कर्मचारियों का मानना है कि 15 फरवरी तक लक्ष्य के अनुसार खरीदी होना मुश्किल है वही सहकारिता विभाग राज्य सरकार को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की बात पर पत्र लिखने की बात कह रहा जब कि अब धान खरीदी को केवल 15 दिन ही शेष है। उसमे भी चुनाव व अन्य छुट्टियों को छोड़ दिया जाए तो केवल 10 दिन ही शेष है ऐसे में जिले में खरीदी लछ्य अनुशार हो यह संभव नही वही अधिकारी चुनाव की वजह से सोसाइटियों में मजदूर नहीं आने की वजह से खरीदी बंद करनी पड़ रही है का हवाला दे रहे जब कि जिले में तीन चरणों मे चुनाव हो रहा ऐसे में तीन दिन केवल कोरिया जिले में चुनाव को लेकर जिले के सभी 22 धान खरीदी केंद्रों में छुट्टी होने को लेकर सवाल उठना लाजमी है ।

22 खरीदी केंद्रों में धान खरीदी नहीं

कोरिया जिले में पंचायत चुनाव की वजह से जिले के सभी 22 खरीदी केंद्रों में धान खरीदी नहीं होने की बात सामने आई हैं जब कि सरगुजा संभाग के शेष जिलो में चुनाव तिथि को भी जहा चुनाव नही हुए वहा खरीदी हुई ऐसे में जिले में आदेश को लेकर सवाल उठना लॉजमी है जब कि किसान पहले से ही शासन के रोज बदलते नियम व मौषम बदलने की वजह से धान में नमी पड़ने की वजह से किसान धान बेचने समिति पहुँचे उन्हें नमी का हवाला देकर लौटा दिया गया वही अब 3 फरवरी तक जिले में पंचायत चुनाव होना हैं, तब तक सभी सोसाइटियों में धान खरीदी थोड़ी प्रभावित रहेगी।

पटिवारियों की उपस्थिति अनिवार्य

पटवारी की सेवा धान खरीदी केंद्रों में कलेक्टर कोरिया के निर्देश पर अब जिले में स्तिथ धान खरीदी केन्द्र में पटवारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है जहाँ अब पटवारी जाच परख कर धान खरीदी में सहयोग करेंगे वही अधिकारियों का कहना है कि पटवारियों की उपस्थिति में सही धान खरीदी होगा व रकबा का भी सत्यापन हो जायेगा ।

पूरा धान नहीं बेच पाए किसान

विदित है कि कोरिया जिले में लगभग 19510 किसान पंजीकृत हैं वही अब तक 12500 के लगभग किसान अपना धान बेचे है जिसमे कुछ किसानों को छोड़कर शेष बड़े किसान भी अपना पूरा धान नही बेच पाए हैं जहाँ नियमो का हवाला देकर वे अब भी पटवारी का चक्कर काटने विवश हैं वही जिले के अधिकारी 67 फीसदी खरीदी होने का हवाला दे रहे जब कि छोटी सोसाइटियों में तो 70 फीसदी तक धान खरीदी हो चुकी है, लेकिन बड़ी सोसाइटियों में 25 से 30 फीसदी किसानों का धान खरीदी नहीं हो सकी है। अब चुनाव और मौसम की वजह से भी असर को देखते हुए सोसाइटियों ने सहकारिता विभाग से समय बढ़ाने की मांग कर रहे है वहीं सरकार भी जिलों से धान पर पूरी जानकारी मांग रही है।

जानकारी नहीं मिली

अमित कुमार चंद्राकर, जिला विपरण अधिकारी कोरिया -तीन चरणों मे चुनाव के कारण जिले में तीन दिन खरीदी बंद करने का निर्देश कलेक्टर कोरिया के द्वारा दिया गया है जिस कारण जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में तीन तिथि को खरीदी नही किया जायेगा शेष दूसरे जिलो में छुट्टी के संबंध में जानकारी नही ।

गोंडवाना समाज बहुउद्देश्यीय सभागार का शुभारंभ

- वार्षिक स्नेह मिलन समारोह भी किया गया

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। वार्ड क्रमांक में स्थित गोंडवाना समाज का वार्षिक स्नेह मिलन एवं गोंडवाना समाज भवन प्रांगण में समाज के बहुउद्देश्यीय सभागार का लोकार्पण मुख्य अतिथि एनएमडीसी परियोजना के अधिशासी निदेशक श्री ए.के प्रजापति के करकमलों द्वारा किया गया। समाज की महिलाओ ने मुख्य द्वार पर पारंपरिक रूप से मुख्य अतिथि के चरण धोकर उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उप महाप्रबंधक सिविल एम चौकसे,सीएसआर के उप महाप्रबंधन सुनील उपाध्याय,एस के पांडे,एमएम अग्रवाल,गौरव अग्रवाल,जी की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पिंटू राम उइके की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम आये हुए अतिथियों का पारंपरिक तरीके से चावल हल्दी का तिलक कर इडु पुंगार माला पहनाकर पागा बांधकर स्वागत किया गया। उसके पश्चात सभागार का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। समाज के बच्चो,नेरली के स्कूली बच्चो एवं समाज की महिलाओ द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गए बच्चो द्वारा आदिवासी लोकगीतों की धुन पर नृत्य करते देख अतिथियों ने खूब सराहा। मंच के माध्यम से अधिशासी निदेशक श्री ए.के प्रजापति एवं सीएसआर उपमहाप्रबंधक सुनील उपाध्याय ने गोंडवाना समाज को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पुरातन काल से ही आदिवासी संस्कृति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करी एवं पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी बखान किया।

स्कूली बच्चों के साथ मनाया बेटे का जन्मदिन, बांटी पाठ्य सामग्री

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। एक ओर जहां लोग अपने बच्चो के जन्मदिन पर लाखो खर्च कर फिजूल खर्ची करते हुए नजर आ जाते है। वही बचेली का एक परिवार ऐसा भी है जो पिछले 5 सालों से अपने बेटे का जन्मदिन स्कूली बच्चो के साथ मनाते आ रहा है। हम बात कर रहे है बचेली के निहलानी परिवार की जो अपने बेटे मोहित निहलानी के आज पांचवे जन्मदिन को बंगाली कैम्प नम्बर 2 के स्कूल में बच्चो के साथ बड़े ही धूम धाम से मनाया। पिता हीरा निहलानी जो की व्यवसाई है उन्होंने बताया की मोहित के जन्म के पहले वर्ष से ही वो अपने बेटे का जन्मदिन स्कूली बच्चो,आश्रम के बच्चो,दिव्यांग बच्चो के साथ मनाते आ रहे है। मोहित प्रकाश विद्यालय में पहली कक्षा में अध्यनरत है। माता अनिशा निहलानी नगरपालिका में संविदा कर्मचारी है।

संविधान की प्रस्तावना तथा हमर अंगना योजना पर विशेष जागरूकता शिविर

नवप्रदेश संवाददाता

सक्ती। मान.जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला जांजगीर-चांपा छ.ग./अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति संतोष कुमार आदित्य के मार्गदर्शन में तालुका सक्ती के न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी राजेश्वरी सूर्यवंशी के द्वारा जे.बी.डी.ए. व्ही स्कूल सक्ती में संविधान की प्रस्तावना विषय पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित की गई, जिसके अंतर्गत शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को संविधान में उल्लेखित मूल अधिकारों, मूल कर्तव्य तथा निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण तथा अधिवक्ता महेश अग्रवाल उपस्थित थे। इसी तारतम्य में ग्राम नंदेली में ''हमर अंगना-घरेलू हिंसा के विरूद्ध प्रयास'' योजनांतर्गत विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं के विरूद्ध होने वाली घरेलू हिंसा की अपराध एवं उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई, इसके अतिरिक्त राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित किये जा रहे हमर अंगना योजना के अंतर्गत दिये जाने वाले अनुतोष एवं प्रक्रिया की जानकारी ग्रामीण महिलाओं व अन्य गणमान्य नागरिकों को दी गई। उक्त शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मतदान के लिए अपनी बारी का बेसब्री से इंतजार करते रहे लोग

मुंगेली। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2019-20 के तहत निर्वाचन का द्वितीय चरण मुंगेली जिले के जनपद पंचायत पथरिया क्षेत्र में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण रूप से चल रहा है। विभिन्न मतदान केंद्रों में आम मतदाताओं के साथ-साथ दिव्यांग, वयोवृद्ध और नये मतदाताओं द्वारा उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग किया जा रहा है। मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लम्बी-लम्बी कतारें देखी जा रही है। मतदाताओं द्वारा मतदान के लिए अपनी बारी का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है और कतारबद्ध होकर मतदान कर रहे है। मतदाताओं द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे द्वारा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए किये गये व्यवस्था पर अपनी प्रशंसा व्यक्त किया जा रहा है।

निर्वाचित जनपद सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। निकाय चुनावों में मिली शिकस्त के चलते कही न कही भाजपा संगठन पर भी उंगली उठाने लगी थी,जिले के नगर पालिका को छोड़ बाकी तीनो नगरपंचायतो में से 2 पर कांग्रेस और 1 पर जोगी काग्रेस ने कब्जा किया वही जिला मुख्यालय पर भी खतरे का बादल छाया हुआ था, किन्तु येन केन प्रकारेण भाजपा का अध्यक्ष बनने से पार्टी को चैन की सांस मिली। जिन दो प्रमुख मुद्दे पर कांगेस आज सत्तासीन हुई हैं आज 15 वर्षो बाद सत्ता पाते ही शराब बंदी और धान को गम्भीरता से नही लेने का खामियाजा पंचायत स्तर पर हुए चुनावों में कांग्रेस को भुगतना पड़ रहा है, ब्लाक में हुए चुनावो में कांग्रेस के कई बड़े प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा है, आगे अभी 2 ब्लाकों में चुनाव होना अभी बाकी है,, अब देखना यह है कि क्या कांग्रेस इन 2 ब्लाकों को जीत पाती है या फिर भाजपा ही अपनी पीठ थपथपायेगी।

बीआरसाव स्कूल के शिवकुमार पाठक सभा भवन में आज निर्वाचित जनपद सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जनपद सदस्यों के 25 सीटों में से 24 सीट की विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की गई। एक सीट पर टंकण की त्रुटि के चलते परिणाम की अधिकृत घोषणा नहीं की गई है। जनपद पंचायत सदस्य हेतु पहले चरण में ब्लाक से भाजपा 10, कांग्रेस 10 एवं निर्दलीय 5 सीट से जीत दर्ज की। इस तरह 25 जनपद पंचायत सदस्य क्षेत्र में से कांग्रेस एवं भाजपा के पक्ष में परिणाम बराबर आने से जनपद अध्यक्ष के लिए निर्दली प्रत्याशियों पर दारोमदार टिका हुआ हैं। चुनाव परिणाम से कांग्रेस एवं भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं। विधानसभा, लोकसभा, नगरीय निकाय चुनाव के बाद जिले में कांग्रेस का जनाधार लगातार कम होते जा रहा हैं।

बसंत पंचमी में सरस्वती पूजा कर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। एसएलएस एकेडमिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर सरस्वती पूजन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष संतुलाल सोनकर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद श्रीमती अंजली यादव एवं विशिष्ट अतिथि पार्षद श्रीमती सुशीला साहू, समाजसेवी दीना केशरवानी, केशव सिंह, श्रीमती कीर्ति सिंह एवं विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन किए। उसके पश्चात सभी विद्यार्थियों ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर प्रसाद चढ़ाया। रूपाली सोनकर जीवंत सरस्वती माता बनी थी, जिसका भी अतिथियों ने पूजन किया। मां सरस्वती के पूजा-अर्चना के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा 100 मीटर दौड़, जलेबी दौड़, फुग्गा फोड़, कुर्सी दौड़, रिले रेस, रस्सी कूद, फूगड़ी खेलकूद के साथ मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

चुनई | एटेपाल में बूथ शिफ्टिंग के चलते एक भी वोट नही पड़ा

अंदुरुनी इलाको में भी जमकर हुआ मतदान

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव दूसरे चरण मे कटेकल्यान ब्लाक के 26 ग्राम पंचायत में जमकर जिन इलाकों में नक्सली पकड़ थी वहां भी मतदान को लेकर भारी वोटिंग का उत्साह दिखा. दूसरे चरण में बड़े गुडरा में जमकर वोटिंग हुई सुबह से मतदान के लिए मतदाताओ की लंबी लम्बी कतार रही। इसी तरह से धनीकरका, सुरनार में भी जमकर वोटिंग हुई. लेकिन वही बड़े गुडरा गांव में शिफ्ट हुये एटेपाल गांव से 1 भी मतदाता मतदान करने नही आया तो वही गुडरा के आगे टेलम, टेटम, में भी मतदान बहुत कम रहा। बड़े गुडरा के पोलिंग बूथ में छोटे

गुडरा गांव में पूर्व सरपंच लखमा की पत्नी हिड़मे भी मतदान करने पहुँची थी। नक्सलियों ने लखमा की नृशंस हत्या कर दी थी उसके बावजूद भी लोकतंत्र में हिड़मे ने आस्था दिखाते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वही इस बार छोटे गुडरा ग्राम पंचायत में सरपंच पद निर्विरोध चुन लिया गया। सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त फोर्स दन्तेवाड़ा के दूसरे चरण के मतदान के लिए लिए सभी पोलिंग बूथों में रही 300 से अधिक कर्मचारी डियूटी में लगाये गये थे. पूरे दूसरे चरण के चुनाव से पहले नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार का एलान किया था। जिसके बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर मतदान को लेकर उत्साह दिखा।

आज से जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान प्रारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में आज 30 जनवरी से 'स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान' प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 13 फरवरी 2020 तक चलेगा। इसी तारतम्य में आज 30 जनवरी को मिशन हाई स्कूल में स्कूली छात्र-छात्राओं को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत् कुष्ठ बीमारी के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई। स्कूल में उपस्थित प्राचार्य एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में स्कूल के विद्यार्थियों को कुष्ठ मुक्त राज्य बनाने हेतु शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे, प्राचार्यएस.के मिश्रा, शिक्षक- शिक्षिका सहित विद्यार्थीगण एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कुष्ठ पखवाड़ा के लिए जनजागरुकता तथा जनसहभागिता को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

भारत बनाम न्यूजीलैंड चौथा टी-20 | आखिरी ओवर में गिरे न्यूजीलैंड के चार विकेट, शार्दुल के ओवर में पलटा मैच, सीरीज में भारत की 4-0 की बढ़त

टी-20 मैच : सुपर ओवर में भारत बना सुपर पावर

जसप्रीत बुमराह के सुपर ओवर में न्यूजीलैंड ने बनाए 13 रन , सीरीज का अंतिम मैच 2 फरवरी को

आखरी ओवर का खेल

19.1- पहली ही गेंद पर विकेट

फुल लेंथ गेंद पर टेलर ने हवा में खेला और श्रेयस अय्यर ने आगे छलांग लगाकर शानदार कैच लपका।

19.2- ठाकुर / मिशेल 4 रन

चार रन। गेंद ने इनर फील्ड को पार किया और गेंद सीमा रेखा के पार। .

19.3 विकेट

ठाकुर मिशेल को ऑफस्टंप के बाहर छोटी गेंद पर शॉट खेला। न्यू जीलैंड के बल्लेबाजों ने रन चुराने का प्रयास किया। विकेटकीपर केएल राहुल ने सीधा थ्रो विकेट पर मारा।

19.4- 1 रन

ठाकुर सैंटनर को- शॉर्ट बॉल और सैंटनर ने उसे शॉर्ट मिडविकेट पर पुल कर दिया। आसानी से एक रन पूरा। सैंटनर बोलर्स ऐंड पर फिसल गए।

19.5 विकेट

ठाकुर मिशेल को। एक और विकेट। न्यू जीलैंड एक बार फिर लड़खड़ा रहा है। नकलबॉल को मिशेल ने ऑफ साइड पर हवा में खेला। शिवम दुबे ने आसानी से मिड ऑफपर कैच लपका। मिशेल चार रन बनाकर आउट।

19.6- विकेट

ठाकुर सैंटनर को- 1 रन और रन आउट... और बार फिर सुपर ओवर। सैंटनर ने गेंद को डीप पॉइंट पर खेला लेकिन कीवी बल्लेबाज दो रन लेने गए। लेकिन संजू सैमसन ने शानदार फील्डिंग की। सैंटनर रन आउट 2 रन पर रन आउट।

- भारत और न्यू जीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में 165 रन बनाए, सुपर ओवर से निकला परिणाम
- न्यू जीलैंड ने सुपर ओवर में कुल 13 रन बनाए, भारत ने 5 गेंदों पर ही लक्ष्य हासिल कर लिया
- भारत के मनीष पांडे ने जड़ा नाबाद अर्धशतक, अंतिम ओवर करने वाले शार्दुल बने मैन ऑफद मैच
- न्यू जीलैंड के लिए कोलिन मुनरो और टिम सिफर्ट ने जड़े अर्धशतक, जीत नहीं दिला सके
- विराट कोहली के चौके से भारत ने सुपर ओवर में जीत दर्ज की। उनसे पहले लोकेश राहुल ने पहली बॉल पर सिक्स लगाया। सुपर ओवर में 14 रन की दरकार थी, भारत ने 5 गेंदों पर ही 16 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया।

तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर के कमाल के आखिरी ओवर के बाद भारत और न्यूजीलैंड के बीच शुक्रवार को चौथे टी-20 मुकाबले में स्कोर टाई हो गया और भारत ने लगातार दूसरी बार सुपर ओवर में रोमांचक मैच जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 4-0 की बढ़त बना ली।

वेलिंगटन (वार्ता)। भारत ने तीसरे मैच में हार के जबड़े से बाहर निकलकर सुपर ओवर में जीत हासिल की थी और चौथे मैच में भी उसने यही कारनामा कर दिखाया। ओपनर कॉलिन मुनरो (64) और विकेटकीपर टिम सीफर्ट (57) के शानदार अर्धशतकों के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम आखिरी ओवर में जाकर फिर लड़खड़ा गयी और चार विकेट गंवा बैठी। स्कोर टाई हो गया। मेजबान टीम ने एक बार फिर सुपर ओवर में मैच गंवा दिया। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टिम साउदी के सुपर ओवर की पांचवीं गेंद पर विजयी चौका मारा।

न्यूजीलैंड ने सुपर ओवर में एक विकेट खोकर 13 रन बनाये जबकि भारत ने सुपर ओवर में पांच गेंदों में एक विकेट पर 16 रन बनाकर रोमांचक जीत हासिल कर ली। भारत की इस बार जीत का श्रेय गया ठाकुर को जिन्होंने मेजबान टीम को आखिरी ओवर में जीत के लिए सात रन नहीं बनाने दिए। ठाकुर ने इस ओवर में दो विकेट निकाले जबकि कीवी टीम के दो खिलाड़ी रन आउट हुए। साउदी न्यूजीलैंड को सुपर ओवर में एक बार फिर निराश कर गए। भारत के पास इस बार रोहित शर्मा नहीं थे जिन्होंने पिछले मैच के सुपर ओवर की आखिरी दो गेंदों पर साउदी पर दो छक्के जड़े थे। इस बार यह काम ओपनर लोकेश राहुल और कप्तान विराट कोहली ने किया।

भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने फिर सुपर ओवर डाला जिसमें न्यूजीलैंड ने एक विकेट खोकर 13 रन बटोरे। बुमराह ने चौथी गेंद पर टिम सीफर्ट को आउट किया। भारत को जीत के लिए 14 रन की जरूरत थी। न्यूजीलैंड के लिए टिम साउदी एक बार फिर सुपर ओवर डाल रहे और भारत की तरफसे लोकेश राहुल और कप्तान विराट कोहली मैदान में उतरे।

राहुल ने साउदी की पहली गेंद पर छक्का मार दिया और दूसरी गेंद पर चौका जड़ दिया लेकिन तीसरी गेंद पर आउट हो गए। भारत को अब तीन गेंदों पर चार रन चाहिए थे और वह कोई और विकेट नहीं गंवा सकता था। इस बीच विराट और राहुल एक दूसरे को क्रॉस कर चुके थे और स्ट्राइक विराट के पास थी। नए बल्लेबाज संजू सैमसन थे।

विराट ने चौथी गेंद पर दो रन लिए और भारत के लिए दो गेंदों पर दो रन का आंकड़ा रह गया। विराट ने पांचवीं गेंद पर चौका मारकर जीत भारत की झोली में डाल दी। विराट के चौका मारते ही पूरा भारतीय खेमा खुशी से उछाल पड़ा। ठाकुर को उनके शानदार आखिरी ओवर के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। न्यूजीलैंड ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए भारत को 20 ओवर में आठ विकेट पर 165 रन पर रोक दिया लेकिन तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर के मोहम्मद शमी की तरह कमाल के आखिरी ओवर से कीवी टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 165 रन बना पायी। न्यूजीलैंड को आखिरी ओवर में जीत के लिए सात रन बनाने थे लेकिन ठाकुर ने इस ओवर में दो विकेट निकाले जबकि दो खिलाड़ी रन आउट हो

फिर सुपर ओवर, फिर टीम साउदी और फिर भारत से हारा न्यूजीलैंड

भारतीय टीम ने वेलिंग्टन में चौथे टी20 में न्यू जीलैंड को सुपर ओवर में हरा दिया और शुक्रवार को मिली इस जीत के साथ 5 मैचों की सीरीज में अपनी बढ़त को 4-0 कर लिया। वेस्ट पैक स्टेडियम में भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 165 रन बनाए, जिसके बाद न्यू जीलैंड टीम ने भी 20 ओवर में 7 विकेट पर 165 रन बनाए। मैच टाई हुआ जिसके बाद परिणाम के लिए सुपर ओवर का सहारा लिया गया। न्यू जीलैंड ने सुपर ओवर में कुल 13 रन बनाए और टीम इंडिया को जीत के लिए 14 रन का टारगेट मिला। भारत ने 5 गेंदों पर 1 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

पांडे ने संभाला, जड़ा फिफ्टी

मनीष पांडे ने 36 गेंद में नाबाद 50 रन बनाकर भारत को 8 विकेट पर 165 रन तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी का न्योता पाकर खेलने उतरी भारतीय टीम ने एक समय 6 विकेट 88 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद पांडे ने पारी को संभालकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। ओपनर लोकेश राहुल ने 26 गेंदों में 39 रन का योगदान दिया जिसमें तीन छक्के और दो चौके शामिल थे।

पांडे और ठाकुर ने जोड़ी 43 रन

पांडे ने इसके बाद शार्दुल ठाकुर (15 गेंद में 20 रन) के साथ पारी को आगे बढ़ाया। नवदीप सैनी 11 रन बनाकर नाबाद रहे। पांडे ने ठाकुर के साथ सातवें विकेट के लिए 43 रन जोड़े। इसके बाद सैनी के साथ 22 रन की साझेदारी की। पांडे ने अपना अर्धशतक 36 गेंदों में पूरा किया।

सस्ते में लौटे विराट, अय्यर

न्यू जीलैंड ने इससे पहले लगातार चौथी बार टॉस जीता और गेंदबाजी का फैसला किया। सैमसन ने राहुल के साथ पारी की शुरुआत की लेकिन पांच गेंद में आठ रन बनाकर आउट हो गए। विराट कोहली (11) भी सस्ते में पविलियन लौट गए जिन्हें हामिश बेनेट ने आउट किया। ईश सोढ़ी ने श्रेयस अय्यर (1) और शिवम दुबे (12) को आउट किया।

कीवी वनडे टीम में छह फुट आठ इंच का तेज गेंदबाज

ऑकलैंड (वार्ता)। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैंचों की वनडे सीरीज के लिए छह फुट आठ इंच लंबे तेज गेंदबाज काइल जैमिसन को गुरुवार को घोषित अपनी टीम में शामिल किया है। ऑकलैंड के 25 वर्षीय तेज गेंदबाज जैमिसन ने अभी तक न्यूजीलैंड की तरफ से कोई मैच नहीं खेला है। जैमिसन न्यूजीलैंड के सबसे लंबे क्रिकेटर हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 25 मैचों में 72 विकेट और लिस्ट ए मैचों में 33 विकेट हासिल किये हैं। ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन और मैट हेनरी के चोटिल होने के कारण जैमिसन को न्यूजीलैंड की टीम में शामिल होने का मौका मिला है। जैमिसन छह फुट आठ इंच (2.03 मीटर) लंबे हैं और अपनी टीम के बल्लेबाजी कोच दो मीटर लंबे पीटर फल्टन से भी उनका कद ज्यादा है।

मुम्बई को 1-0 से हराकर सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड सेमीफाइनल में

झांसी (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के झांसी में चल रही 10वी सीनियर राष्ट्रीय पुरूष हॉकी चैम्पियनशिप-2020 (ए डिवीजन) में गुरूवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससी) ने मुम्बई हॉकी (एमएचए) को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान बना लिया।

दोनों ही टीमों ने मैच के दौरान शानदार खेल दिखाया। एसएससी के जुगराज सिंह ने तीसरे ही मिनट में गोल दाग दिया लेकिन इसके बाद कोई भी टीम एक भी गोल नहीं कर पायी और एसएससी का एकमात्र गोल निर्णायक साबित हुआ। दूसरे क्वार्टर फाइनल में पंजाब एंड सिंध बैंक (पीएसबी) ने हॉकी कर्नाटक को 2-0 से मात दी। पीएसबी की ओर से दो गोल मैच के 36वें और 43वें मिनट में प्रभदीप सिंह और परविंदर सिंह ने किये। कर्नाटक की टीम एक भी गोल नहीं कर पायी। पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) और हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु (यूटीएन) के बीच खेले गये तीसरे मुकाबले में एसपीबी ने यूटीएन को 2-1 से मात दी। पीएसपी की ओर से दोनों गोल तलविंदर सिंह ने मारे जबकि यूटीएन की ओर से के सेल्वाराज ही एकमात्र गोल कर पाये। चौथे क्वार्टरफाइनल में एयर इंडिया स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड ने हॉकी हरियाणा को 2-1 से हराया। एयर इंडिया की ओर से जोगिंदर सिंह ने दो गोल दागकर अपनी टीम को विजय दिलायी जबकि हरियाणा की ओर से एकमात्र गोल पंकज ने किया। शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल में सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड का मुकाबला पंजाब एन्ड सिंध बैंक से और पीएसपीबी का मुकाबला एयर इंडिया स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड से होगा।

मूकबधिर जूडो में 425 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

लखनऊ (वार्ता)। पंजाब के आनन्दपुर साहेब में शुक्रवार से खेली जाने वाली आठवीं राष्ट्रीय मूकबधिर जूडो प्रतियोगिता में 19 राज्यों के 425 खिलाडी 176 पदकों के लिये जोर आजमाइश करेंगे। आयशा मुनव्वर ने गुरूवार को बताया कि आनन्दपुर साहेब जूडो एकेडमी में तीन फरवरी तक चलने वाली प्रतियोगिता सब-जूनियर एवं जूनियर और सीनियर वर्गो में खेली जायेगी। प्रतियोगिता में करीब 425 खिलाड़ियों और तकनीकी अधिकारियों के भाग लेने की सम्भावना है। टूर्नामेंट में आन्ध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, जम्मू एण्ड कश्मीर,गुजरात, तमिलनाडु, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, तेलंगाना, दिल्ली, पष्चिमी बंगाल, पंजाब, केरल, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, चंडीगढ़, उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश की टीमें भाग ले रही है।

रानी को वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए चुना गया

लुसाने (वार्ता)। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी को वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ़ द ईयर 2019 अवार्ड के लिए चुना गया है और वह यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाने वाली पहली भारतीय बन गयी हैं।

इस पुरस्कार के लिए वोटिंग जनता करती है और यह पुरस्कार शानदार प्रदर्शन, सामाजिक प्रतिबद्धता और अच्छे व्यवहार के लिए दिया जाता है। इस पुरस्कार के लिए प्रारम्भ में 25 खेलों से 25 खिलाड़ियों (पुरुष और महिला) को नामित किया गया था जिन्हें वोटिंग के अंतिम राउंड में घटाकर 10 लाया गया था। रानी को 199,477 वोट मिले। हॉकी इंडिया ने इस पुरस्कार के लिए रानी को बधाई दी है। यह इन पुरस्कारों का छठा संस्करण था। रानी को हाल में देश के चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्मश्री के लिए भी चुना गया था। रानी 15 साल की उम्र से राष्ट्रीय टीम की सदस्य बनी हुई हैं और अपने देश के लिए 240 से अधिक मैच खेल चुकी हैं। न्यूजीलैंड दौर पर गयी हुई रानी ने इस सम्मान पर भावुकता के साथ कहा,÷यह पुरस्कार पाना मेरे लिए बड़े सम्मान और गौरव की बात है। मैं यह पुरस्कार मेरी टीम और मेरे देश को जाता है। यह देखकर अच्छा लगता है जब आपका देश आपके प्रयासों को सराहता है और यह देखकर तब और भी अच्छा लगता है जब अंतर्राष्ट्रीय समुदाय आपके प्रयासों को सराहता है। मैं इस पुरस्कार के लिए सभी का धन्यवाद करती हूं। 2019 हमारी टीम के लिए शानदार वर्ष रहा क्योंकि हमने टोक्यो ओलम्पिक के लिए क्वालीफाई किया और अब हम 2020 को भी यादगार बनाना चाहेंगे।

अच्छी शुरूआत | छत्तीसगढ़ पुलिस में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की भर्ती के लिए करेंगे ठोस पहल : डीजीपी

छत्तीसगढ़ पुलिस खेल टीम की ब्राण्ड एंबेस्डर होंगी सबा अंजुम: डीजीपी

रायपुर। पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी से आज यहां पुलिस मुख्यालय में बास्केटबॉल, हैण्डबॉल, कराटे सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर श्री अवस्थी ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री अवस्थी ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और अर्जुन अवार्ड से सम्मानित श्रीमती सबा अंजुम को छत्तीसगढ़ पुलिस का ब्राण्ड एंबेस्डर बनाने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में श्रीमती सबा अंजुम छत्तीसगढ़ पुलिस में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। श्री अवस्थी ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जायेगी। पुलिस में खिलाड़ियों की भर्ती से छत्तीसगढ़ और पुलिस दोनों का नाम रोशन होगा।

विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने की डीजीपी से मुलाकात

खिलाड़ियों ने पुलिस महानिदेशाक को जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ के कई उत्कृष्ट खिलाड़ी केंद्रीय और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में नौकरी कर रहे हैं। यहां के खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ पुलिस में अवसर मिलना चाहिए। इस पर श्री अवस्थी ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल खिलाड़ियों के प्रदर्शन और कॅरियर के प्रति बहुत ही संवेदनशील हैं।

इस अवसर पर श्री अवस्थी ने खिलाड़ियों से खेल के साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि खेलों में तो आप आगे हैं ही साथ ही पढ़ाई पर भी ध्यान देकर अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। श्री अवस्थी ने 70वीं राष्ट्रीय जूनियर महिला बास्केटबॉल चैंम्पियनशिप में रजत पदक जीतने पर खिलाड़ियों को बधाई दी। छत्तीसगढ़ हैण्डबॉल एसोसिएशन के सेक्रेटरी श्री बशीर अहमद खान और टीम के खिलाड़ियों ने भी डीजीपी श्री अवस्थी से मुलाकात की और अपनी मांगों को रखा।

इस अवसर पर उप पुलिस महानिरीक्षक श्री मयंक श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव श्रीमती अनिता पटेल, महिला बास्केटबॉल टीम के प्रशिक्षक श्री सरजीत चक्रवर्ती, प्रशिक्षक पुलिस टीम श्री सतीष मिश्रा, वरिष्ठ खिलाड़ी श्री अमृत पॉल सिंह, अतंर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी जूनियर इंडियन टीम सुश्री नेहा कारवां, सुश्री रिया वर्मा, सुश्री एलिजाबेथ एक्का उपस्थित रहे।

थिएम फाइनल में, खिताबी टक्कर जोकोविच से

मेलबोर्न (वार्ता)। पांचवीं सीड ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम ने सातवीं सीड जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को शुक्रवार को चार सेटों के संघषपूर्ण सेमीफाइनल में 3-6,6-4, 7-6, 7-6 से हराकर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहली बार प्रवेश कर लिया।

थिएम का रविवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में गत चैंपियन और विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच से मुकाबला होगा जिन्होंने कल पहले सेमीफाइनल में स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर को 7-6 (1), 6-4, 6-3 से हराकर आठवीं बार फाइनल में जगह बनाई थी। दूसरी सीड जोकोविच अब अपने आठवें खिताब तथा नंबर एक रैंकिंग से मात्र एक जीत दूर रह गए हैं और इसके लिए उन्हें थिएम की चुनौती से पार पाना होगा। थिएम ने ज्वेरेव के खिलाफ मुकाबला तीन घंटे 42 मिनट के संघर्ष में जीता। थिएम ने पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी की और अगले तीन सेट जीते। उन्होंने तीसरे सेट का टाई ब्रेक 7-3 से और चौथे सेट का ट्राई ब्रेक 7-4 से जीता। पांचवीं सीड थिएम ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और टॉप सीड स्पेन के राफेल नडाल को क्वार्टरफाइनल में हराया था और अपने अभियान को जारी रखते हुए उन्होंने ज्वेरेव को पराजित कर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जगह बनाई।

बैंक कर्मचारी हड़ताल पर, उपभोक्ता रहे परेशान

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों का वेतन पुनरीक्षण नवंबर 2017 से देय है। भारतीय बैंक संघ के अनुचित विलय पर युनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन द्वारा आज एवं कल दो दिवसीय हड़ताल का आव्हान किया गया है। इस आशय की जानकारी ऑल इंडिया बैंक एम्पलॉईज एसोसिएशन की सचिव रंगा वेली ने देते हुए बताया कि, यदि हमारी माँगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो मार्च महीने में 11 से 13 मार्च तक एवं 1 अप्रैल को अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जायेगा।

उन्होंन बताया कि, बैंक कर्मचारियों एंव अधिकारियों के वेतन-भत्तों एवं सेवा-शर्तों का निर्धारण सामूहिक सौदेबाजी से द्विपक्षीय समझौते द्वारा सम्पन्न किया जाता है। इसी आधार पर पाँच वर्ष में एक बार कर्मचारी-अधिकारी संघ द्वारा दिये गये माँग पत्र के आधार पर सभी सदस्य बैंकों के प्रतिनिधि के रूप में भारतीय बैंक संघ के साथ चर्चा उपरांत पुनरीक्षित किया जाता है। तदनुसार पिछला समझौता जिसकी अवधि नवंबर 2012 से अक्टूबर 2017 थी को मई 2015 में अंतिम रूप दिया गया था। अतएव वेतन पुनरीक्षण नवंबर 2017 के लागू किया जाना था।

पुराने अनुभव को ध्यान में रखते हुए कि समझौते को संपन्न किये जाने में विलम्ब होता है, वित्तीय सेवाओं के विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा 17 जनवरी 2016 को सभी बैंकों के प्रबंधन एवं भारतीय बैंक संघ को पत्र जारी कर परामर्श दिया गया था कि, 11वें द्विपक्षीय वेतन समझौत को नवंबर 2017 से पूर्व सम्पन्न कर लिया जाये। इसलिए कर्मचारी एवं अधिकारी संघ द्वारा अपना माँग पत्र समय से पूर्व प्रेषित कर दिया गया था तथा द्विपक्षीय वार्ता मई 2017 में इस आश्वासन के साथ प्रारंभ कर दी गई थी कि समझौता नवंबर 2017 से पूर्व सम्पन्न कर लिया जायेगा।

दुर्भाग्यवश भारतीय बैंक संघ ने मई 2018 तक वेतन बढ़ोत्तरी का कोई प्रस्ताव नहीं दिया तत्पश्चात उसके द्वारा अत्यंत अल्प 2 प्रतिशत बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव रखा गया। पिछले 30 माह में वार्ताओं के विभिन्न दौर के पश्चात भारतीय बैंक संघ ने केवल 12.25 प्रतिशत बढ़ोत्तरी का संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया। जबकि यह भी कि, पिछले समझौते में शासन द्वारा 15 प्रतिशत बढ़ोत्तरी को मंजूरी प्रदान की गई थी।

वर्तमान दौर में कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है तथा बैंकों में कार्यरत कर्मचारियों पर कार्य का बोझ बहुत ज्यादा बढ़ गया है। इसलिए बैंक कर्मी वर्तमान समझौते में एक उचित एवं तर्कसंगत वेतन बढ़ोत्तरी की अपेक्षा रखते हैं। इसलिए भारतीय बैंक संघ के वर्तमान अपर्याप्त बढ़ोत्तरी प्रस्ताव एवं कठोर दृष्टिकोण से अत्यंत निराशा एवं रोष का वातावरण निर्मित हुआ है। इसी प्रकार दूसरी अन्य महत्वपूर्ण माँगे भी अनसुलझी एवं अनिर्णित हैं।

इसलिए यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक युनियन जो बैंकों में कर्मचारियों एवं अधिकारियों के 9 श्रमिक संगठनों का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें ऑल इंडिया बैंक एम्पलॉईज एसोसिएशन ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कनफेडरेशन, नेशनल कनफेडरेशन ऑफ बैं एम्पलॉईज, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन, बैंक एम्पलॉईज फेडरेशन ऑफ इंडिया, इंडियन नेशनल बैंक एम्पलॉईज फेडरेशन, इंडियन नेशनल बैंक ऑफिसर्स कॉंग्रेस, नेशनल ऑर्गेनाईजेशन ऑफ बैंक वर्कर्स एवं नेशनल ऑर्गेनाईजेशन ऑफ बैंक ऑफिसर्स सम्मिलित हैं, द्वारा आंदोलनात्मक कार्यक्रम एवं निम्नानुसार हड़ताल का आव्हान किया गया है।

न्यूज गैलरी

इंटरव्यूह के लिए गई युवती से छेड़छाड़

रायपुर। इंटरब्यूह लेते समय युवती से अश्लील हरकत किया घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई है। संतोषी नगर टिकरापारा निवासी पीड़िता 20 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 29 जनवरी को मोबाइल एप वर्क इंडिया में इंटरब्यूह के दौरान साहिल यादव ने इंटरब्यूह लेते समय बेईज्जत करने की नियत से अश्लील हरकत किया।

सामान खरीदने के दौरान युवक के जेब से मोबाईल पार

रायपुर। सामान खरीदने के दौरान युवक के जेब से मोबाइल पार कर देने की रिपोर्ट गोल बाजार थाने में दर्ज की गई है। एन 11 हुडको कालोनी पुलिस लाइन निवासी प्रदीप कुमार चौरसिया 37 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि बर्तन लाइन गोल बाजार में दो जुलाई 19 को किसी ने प्रार्थी के जेब में रखे एक नग मोबाइल फोन ओप्पो कंपनी का चोरी कर लिया।

पुरानी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से हमला

रायपुर। पुरानी रंजिश के चलते युवकों ने हाथ मुक्का व चाकू से मारकर एक युवक को घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अशोक मार्केट गोल बाजार निवासी जयबुकन निशा 53 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 30 जनवरी को रात्रि 10/00 बजे के आसपास प्रार्थी का बेटा मोहम्मद शहनवाज अपने दोस्त मोहम्मद हफीज के बाइक से मौदहापारा से अपने घर आ रहे थे उसी समय अब्दुल गनी नामक लड़का द्वारा फोन करके मोमिनपारा मस्जिद के पास बुलाया और वहां पर पहले से ही इमरान, दस्तगीर और जमन ईरानी मौजूद थे पुरानी रंजिश को लेकर मोहम्मद शहनवाज व उसके दोस्त हफीजुद्दीन के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर अब्दुल गनी अपने पास रखे चाकू से मोहम्मद शहनवाज के दाहिने तरफ पीठ में व बांये पैर के जांघ में तथा दोनों हथेली पर मारकर चोट पहुंचाया हैं व हफीजुद्दीन के साथ मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

फरवरी और मार्च के लिए चावल आबंटन जारी

रायपुर। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के उचित मूल्य दुकानों से वितरण के लिए फरवरी और मार्च 2020 के लिए चावल का आबंटन एकमुश्त जारी किया गया है। उपभोक्ताओं को दो माह का चावल एक साथ लेना जरूरी नही है। राशन कार्डधारी उपभोक्ता अपनी सुविधानुसार दोनों माह का चावल एक साथ अथवा फरवरी माह का चावल फरवरी में एवं मार्च माह का चावल मार्च माह में उचित मूल्य की दुकानों से उठा सकता है। प्रदेश के 56 लाख 48 हजार अंत्योदय, प्राथमिकता, एकता निराश्रित, अन्नपूर्णा एवं निःशक्तजन राशन कार्डधारियों को नमक, चना, शक्कर एवं बस्तर संभाग में वितरण के लिए गुड़ का आबंटन माह फरवरी के लिए जारी किया गया है। इसके अलावा सामान्य (एपीएल) राशनकार्डधारी उपभोक्ताओं के लिए भी माह फरवरी का आबंटन जारी किया गया है।

भ्रष्टाचार और घोटालें के 15 साल नहीं भूलेगा छत्तीसगढ : कांग्रेस

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि 15 साल पूर्व की सरकार का नारा रहा खाओ और खाने दो। जनता की की आंखो में धूल झोंकने के लिये कहते थे न खाउंगा न खाने दूंगा। भ्रष्टाचार घोटाले और कमीशनखोरी के पूर्व की सरकार के 15 साल कभी नहीं भूलेगा छत्तीसगढ़। पूर्व भाजपा सरकार में जो घोटाले हुये 1000 करोड़ का यह घोटाला उसी का एक नया अध्याय है।

उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा सरकार का एक और घोटाला इस फैसले से उजागर हुआ है और अब जांच संभव हो पायेगी। दरअसल भाजपा का नारा था न खाउंगा, न खाने दूंगा, लेकिन इसका वास्तविक सिद्धांत था ''खाओ और खाने दो।

भाजपा की सरकार 15 वर्ष तक घोटाले, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी हकीकत तो ये है कि ये सारे घोटाले इनकी सरकार में हुये है और हाईकोर्ट का जो फैसला आया है। इस फैसले को भाजपा के द्वारा रायगढ़ में भाजपा कार्य समिति की बैठक में कमीशखोरी एक साल के लिये बंद करने के आव्हान से जोड़ा जाये तो उससे स्पष्ट होगा कि ये सारी कमीशनखोरी भाजपा सरकार ने संज्ञान में नहीं लिया था। रेणुका सिंह का बचाव करके पूर्व सीएम ने दरअसल अपना बचाव किया है।

राजघाट जा रहे प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाना, निंदनीय घटना-कांग्रेस

रायपुर। नई दिल्ली में महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जा रहे

प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने की घटना का प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री शैलेश नितिन त्रिवेदी ने निंदा की है। उन्होंने कहा कि 30 जनवरी के दिन नाथूराम गोड़से ने महात्मा गांधी की हत्या की थी। एक बार फिर से दिल्ली में निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोड़से की ही विचारधारा से ताल्लुक रखने वालों ने गोली चलाई है। यह विचारधारा लगातार धर्म से धर्म को लड़ाने में ही लगी रही। आज भी देश में परस्पर सद्भाव और भाईचारे को नुकसान पहुंचाने में यही लोग लगे हैं। त्रिवेदी ने कहा कि नफरत फैलाने की राजनीति देशहित में नहीं है। बेरोजगारी मंहगाई आर्थिकमंदी से ध्यान हटाने के लिये जबरिया नागरिकता कानून लाकर भाजपा ने चाल चली है। दिल्ली पुलिस की उपस्थिति में शांतिपूर्ण तरीके से महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जा रहे निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने की घटना से सब कुछ आइने की तरह साफ हो गया है।

बीएसएनएल के 568 कर्मियों ने लिया वीआरएस

रायपुर। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के 568 कर्मियों ने आज एक साथ वीआरएस लिया। केंद्र सरकार की वीआरएस स्कीम के तहत होने वाले सेवानिवृत्त कर्मियों में ज्यादातर की आयु 50 से 60 वर्ष की बीच है। ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार द्वारा बीएसएनएल में कर्मियों की अधिकता को देखते हुए वीआरएस स्कीम बनाई गई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त सेवानिवृत्ति पूरे प्रदेश से 47 प्रतिशत है। प्रदेश में 11 सौ बीएसएनएल के कर्मी है। चर्चा के दौरान कर्मियों ने बताया कि 50 से 55 वर्ष के बीच वीआरएस लेने वाले कर्मियों को नुकसान उठाना पड़ेगा जबकि 55 से 60 वर्ष की आयु समूह के कर्मियों को वीआरएस स्कीम का अधिकतम लाभ मिलेगा। 35 वर्ष से भी अधिक समय तक बीएसएनएल की सेवा करने वाले कर्मी आज दोपहर 3 बजे के बाद सेवानिवृत्त हो जाएंगे। अधिकतर कर्मी लंबी सेवा के बाद जाते हुए दुखी है क्योंकि अधिकांश के दुख सुख के पल बीएसएनएल से वर्षों से जुड़े रहे हैं।

पूरे प्रदेश से 47 प्रतिशत कर्मी हुए सेवानिवृत्त

हाईकोर्ट के सीबीआई जांच आदेश का रमन सिंह ने किया स्वागत

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान निःशक्तजन संस्थान में हुई लगभग एक हजार करोड़ के घोटाले से अपना पलड़ा झाड़ते हुए हाईकोर्ट द्वारा इस मामले में दिए सीबीआई जांच के आदेश का स्वागत किया है। डा. रमन सिंह ने मीडिया को दिए अपने बयान में कहा कि अगर इस तरह की कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी जांच होनी चाहिए। क्योंकि जांच में ही पता चलेगा कि इसमें गड़बड़ी हुई है या नहीं। डा. सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान हुए इस मामले में अपना पलड़ा झाड़ते हुए कहा कि अगर अधिकारियों ने गड़बड़ी की है तो इसके लिए कोई और कैसे जिम्मेदार हो सकता है।

कहा-अगर गड़बड़ी हुई है तो जांच होनी चाहिए

ज्ञात हो कि रमन सिंह के कार्यकाल में ही समाज कल्याण विभाग में एक संस्था बनायी गई थी, जिसके नाम पर करोड़ों रूपयों की गड़बड़ी किए जाने का आरोप है। यह आरोप लगाते हुए रायपुर निवासी कुंदन सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर हाईकोर्ट ने इस मामले में सीबीआई को एफआईआर दर्ज कर जांच का आदेश दिया है।

फर्जी विज्ञापन डालकर युवक से हजारों की ठगी

धोखाधड़ी का मामला दर्ज

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। बुलेट बेचने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन देकर युवक से रकम ट्रांसफर कर देने की बात कहकर हजारों रुपये धोखाधड़ी किये जाने कि रिपोर्ट मोवा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अवनीश सिंह 22 द्वारिका बिहार, शिवाजी नगर, फेस 2, दलदल सिवनी, मोवा रायपुर निवासी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि ओएलएक्स साइड पर एक पुरानी बाईक बूलेट को देखा जिसके विषय में दिये गये फोन नंबर पर मैने गाड़ी मालिक से बात किया, जो कि खुद को एक आर्मी आफि सर माना कैम्प रेजिमेण्ट नंबर 51 में होना बताया अपना नाम संजय सिंह है (मो. नंबर- 9509547432) एवं उसका साथी जो कि खुद को आर्मी ऑफिसर का कोरियर बाय (मो. नंबर- 9145897727) बता रहा था । आरोपी ने तबादला होने की बात कहकर अपनी गाड़ी को अर्जेण्ट बेचना बताया। जिसके संदर्भ में उसके पहले 5 हजार रू. कि मांग की, उसके बताये गये फोन पे नंबर (7638832151) पर 5 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिया । कुछ मिनट बाद वह वापस फोन कर 15 हजार 5 सौ कि मांग किया और कहा कि 55 हजार में से 20 हजार 500 कम करने कि बात कहीं। फिर कुछ देर बाद वह फोन करके यह बोलता है कि वह जो कि वह ट्रांजेक्शन फेल हो गया है और फि र से 15 हजाररुपये भेजने को कहा उसे फोन पे नंबर (7638832151) पर भेज दिया और इसी तरह दो अलग-अलग ट्रांसेक्शन 24 हजार रुपये एवं 21 हजार 500 रू. मैने फिर से ट्रांसफर कर दिया । वह कह रहा था कि जितना भी टोटल रकम 81 हजार 500 रुपये में से बाईक कि कीमत 55 हजार रुपये काट के बाकी के बचे रकम आपको वापस कर दुंगा और पुनः फोन कर 25 हजार रुपये कि फिर से मांग करता है जिसे मैने देने से इंकार कर दिया तो उसने कहा कि अगर 25 हजार रुपये. नहीं भेजते है तो आपके दिये गये 81 हजार 500 रुपये जाम हो जायेंगे । इसके बाद वह मुझे 4 से 5 बार फोन कर 25 हजार रुपयेभेजने के लिए कह रहा है और मेरे मना करने पर उसने एक भी रुपये वापस न करने कि चेतावनी दी । जैसे ही मुझे धोखाधड़ी का संदेह हुआ गाडी नंबर- सीजी 04 एल वाय 4816 को आरटीओ एप्प पर सर्च कर गाड़ी मालिक के घर पहुंच गया, जो कि बी- 11 मारूति होम्स हीरापुर रोड महोबा बाजार टाटीबंध रायपुर का निवासी है। वहां जाकर पता चला कि गाड़ी मालिक ने 2 महीने पूर्णतः ही अपनी गाड़ी बेच दी है और यह भी कहा कि इसके संदर्भ में उन्होनें 2 महीने में कोई भी विज्ञापन ओएलएक्स एप्प में नहीं दिया है । घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोबाइल फोन धारक के खिलाफ धारा 420 के तहत ठगी का रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

किसान की आय कब होगी डबलः मरकाम

पीसीसी चीफ ने बजट से पहले कसा तंज, कहा-स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशें आखिर कब लागू होगी?

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। केन्द्रीय बजट प्रस्तुत किये जाने की पूर्व संध्या पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुये कहा है कि हकीकत से बेखबर है मोदी सरकार। लुटता मजदूर किसान है, गिरता निर्यात है, चौपट व्यापार है। प्रशासनिक दिवालियापन के चलते मोदी सरकार की सोच व दृष्टि शून्य है। देश की प्रगति को मोदी सरकार में मंदी का ग्रहण लग गया है।

मोदी सरकार को अगले साल तक किसान की आय दुगुनी कर दिखाना है। मोदी सरकार में शिक्षा, किसान और नौजवानों की लगातार उपेक्षा हो रही है। किसान की आय दुगुनी करने के लिये सिर्फ2 साल बचे हैं। अगले साल ही इनको किसान की आय दुगुनी करके दिखाना है। नोटबंदी, जीएसटी और मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण पहली बार घरेलू मांग कम होने की वजह से आर्थिक स्थिति बिगड़ी है। मंदी आयी है। शिक्षा महंगी हुई है। शिक्षण संस्थानों में फीस बढ़ती जा रही है। स्कॉलरशिप में लगातार कटौती की जा रही है। अनुसूचित जाति के लोगो की अनदेखी की जा रही है। वादा था 2 करोड़ रोजगार देने का, 10 करोड़ नौकरियां मिलनी थी 5 साल में। हो गया उल्टा। 5 साल में 3.64 करोड़ बेरोजगार हुये। लगी लगायी नौकरियाँ जाने लगी है। केन्द्र के विभागों में लगभग 7 लाख पद रिक्त पड़े हुये हैं पर मोदी सरकार को केवल 15-20 पूंजीपतियों की चिंता है। मोदी सरकार में महिला वित्त मंत्री होने के बावजूद ही महिला सशक्तिकरण भी कोरा झूठ बनकर रह गया है।

अनुसूचित जाति, जनजाति की उपेक्षा का आरोप लगाते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये 2927 करोड़ का प्रावधान किया गया था, जिसमें से केवल 1731 करोड़ खर्च किये गये। 41 प्रतिशत खर्च ही नहीं किये गये। इसी प्रकार प्रीमैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये बजट का 49 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की गयी। हास्टल के लिये 108 करोड़ में से केवल 8 करोड़ खर्च किया गया। 92.6 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की गयी। फ्री कोचिंग के लिये बजट में आंबटित राशि का 77 प्रतिशत खर्च नहीं किया गया। मोदी सरकार का महिला सशक्ति का नारा कोरा झूठ है। निर्भया योजना और विधवाओं के लिये घर की योजना के लिये बजट में आबंटित राशि का एक रूपया भी खर्च नहीं हुआ है। कामकाजी महिलाओं के लिये हास्टल के लिये स्वीकृत राशि का भी 88 प्रतिशत खर्च नहीं किये गये। महिला सशक्तिकरण के लिये आंबटित 1330 करोड़ रूपये में से केवल 205 करोड़, बेटी बचाओं के लिये 280 में से केवल 44 करोड़ अर्थात लगभग 85 प्रतिशत राशि खर्च हीं नहीं किये गये।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशें आखिर कब लागू होगी? बेहतर होता कि बजट पेश करने के पहले मोदी सरकार 2014 और 2019 के घोषणा पत्र जरूर पढ़ लें। मोदी सरकार को अगले साल तक किसान की आय दुगुनी कर दिखाना है। देश में मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते खेती, किसान, फुड प्रोसेसिंग, गांव, पंचायतीराज, समाज कल्याण, छात्र युवा, महिला, शिक्षा और स्वास्थ्य, अल्पसंख्यक सभी बदहाल है। कृषि में 49 प्रतिशत, किसान निधी में 57.6 प्रतिशत, फुड प्रोसेसिंग में 43 प्रतिशत, पंचायती राज में 49 प्रतिशत, बजट की राशि खर्च ही नहीं की गयी। लागत पर 50 प्रतिशत मुनाफा तो दूर एमएसपी तय करने में श्रम का लागत मूल्य ही नहीं जोड़ा गया। खेती बजट का खर्च नहीं, फसल बीमा का मुआवजा नहीं निजी बीमा कंपनियों से मिलकर किसानों को बीमा के नाप लूटा गया। 6-8 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधी नहीं, 75 प्रतिशत किसानों को राशि नियमित नहीं दी जा रही है।